रांची
रविवार
18.12.2022
पौष कृष्ण पक्ष 10
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-312 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## रश्मि प्रवाह

परम आनंद केवल अपने कार्य की पूर्ति से ही प्राप्त होता है। जिस दिन वह होगा, उस दिन आप उसे व्यक्त भी नहीं कर पायेंगे।

## कल झारखंड बंद की घोषणा

**रांची।** नियोजन नीति 2021 रद्द होने व रोजगार की मांग को लेकर शनिवार को राजधानी रांची में सैकड़ो बेरोजगार छात्रों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का पुतला फूंका। साथ ही छात्रों ने सोमवार 19 दिसम्बर को झारखंड बंद की घोषणा की है। छात्रों का कहना है कि हेमंत सोरेन सरकार की शुरू से ही नियोजन नीति लाने की मंशा नहीं थी इसलिए सरकार ने असंवैधानिक व साजिश के तहत गलत नियोजन नीति 2021 लाने का काम किया था। जिससे झारखंड के हजारों छात्रों का भविष्य खराब हो गया। गौरतलब है कि शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट ने हेमंत सरकार द्वारा 2021 में पारित नियोजन नीति (जेएसएससी रूल्स संशोधन) को रद्द कर दिया था।

## पाकिस्तान की मंत्री ने भारत को दी एटम बम की धमकी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की मंत्री शाजिया मर्री ने भारत को एटम बम की धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि हमारा न्यूक्लियर स्टेटस खामोश के लिए नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने भारत के साथ युद्ध करने की भी धमकी दी है। दरअसल, शाजिया मर्री बिलावल भुट्टो के समर्थन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही थीं। इसी दौरान उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगला है। उन्होंने कहा कि हम भारत के खिलाफ कोई शिकायत नहीं कर रहे हैं बल्कि हिंदुस्तान में जो मौजूदा नरेंद्र मोदी की सरकार है उसके खिलाफ हमारी शिकायत है। उन्होंने कहा कि आप बार-बार पाकिस्तान के खिलाफ इल्जाम लगाते रहेंगे और पाकिस्तान चुपचाप सुनता रहेगा, तो ऐसा नहीं होनेवाला। शाजिया मर्री ने कहा कि न्यूक्लियर स्टेट का दर्जा मिला है वह खामोश रहने के लिए नहीं रखा है। पाकिस्तान जवाब देना भी जानता है।

## वर्षों से फरार उग्रवादी गिरफ्तार

**टंडवा/चतरा।** शनिवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्षों से फरार टीपीसी संगठन के उग्रवादी टंडवा थाना क्षेत्र के पदमपुर टोला कसियाडीह निवासी सुरेश राणा को गिरफ्तार जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त फरार वारंटी था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसके घर से ही गिरफ्तार किया गया। उन्होंने आगे बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध 57/2014 में उग्रवादी कांड से संबंधित मामला दर्ज था। उस समय से वह फरार चल रहा था। गिरफ्तारी में इंस्पेक्टर के साथ एएसआई भोलानाथ दास, एएसआई रंजीत मंडल समेत अन्य शामिल थे।

### टीम इंडिया ने रच डाला इतिहास

## भारत नेत्रहीन टी-20 वर्ल्ड कप का बॉस



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने बांग्लादेश को फाइनल में हराकर नेत्रहीन टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया है। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गये फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने 120 रनों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। भारत ने यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए 277 का स्कोर बनाया था, टीम इंडिया ने सिर्फ दो विकेट खोकर यह स्कोर बनाया था। जवाब में बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में तीन विकेट खोकर सिर्फ 157 ही रन बना पायी। इसी के साथ टीम इंडिया ने नेत्रहीन टी-20 वर्ल्ड कप 2022 पर कब्जा जमा लिया। यह तीसरी बार है जब टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता हो, इससे पहले 2012 और 2017 में भी नेत्रहीन टीम इंडिया ने यह टूर्नामेंट जीता है।

(संबंधित खबर पेज 10 पर)

## शिक्षा और ज्ञान के प्रसार से ही सपूतों को दी जा सकेगी सच्ची श्रद्धांजलि : अर्जुन मुंडा



नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिले के राज्यकीकृत मध्य सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय अनिगड़ा ने शनिवार को विद्यालय स्थापना शताब्दी समारोह मनाया। विद्यालय स्थापना शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और विशिष्ट अतिथि स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष सह पद्मभूषण से सम्मनित कड़िया मुंडा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि अभी हमारा सपना अधूरा है जिसे हमारे पूर्वजों ने देखा है। जिस दिन हमारे हर घर मे ज्ञान का मंदिर होगा, हर व्यक्ति हर समाज शिक्षित होगा। शिक्षा का दीप जलेगा। जंगलों के बीच से शिक्षा की गूंज सुनायी देगी, तभी हमारे पूर्वजों के सपने साकार होंगे। शिक्षा और ज्ञान के प्रसार से ही खूंटी की पावन धरती के ऐतिहासिक पावन सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकेगी। विद्यालय स्थापना शताब्दी समारोह में स्कूल के स्वर्णिम इतिहास पर विस्तृत वर्णन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम मे विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, डीसी शशि रंजन, उपविकास आयुक्त नीतीश कुमार, एसडीओ अनिकेत सचान समेत कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## कुख्यात लवकुश शर्मा को एटीएस ने बिहार से किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। कुख्यात लव कुश शर्मा को एटीएस ने बिहार से गिरफ्तार किया है। एटीएस द्वारा रांची में इसका खुलासा किया गया। बता दें कि लव कुश शर्मा झारखंड पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुका था, लेकिन आखिरकार मोस्ट वांटेड गैंगस्टर लव कुश शर्मा कानून के शिकंजे में दबोचा गया है। इसी कुख्यात अपराधी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के आवास के सामने बीते 27 जनवरी को कुख्यात अपराधी कालू लामा की ताबड़तोड़ फायरिंग कर दिनदहाड़े हत्या कर दी थी।

### जवानों की पिटाई वाले बयान पर घिरे राहुल गांधी

## भाजपा ने कहा: 'जयचंद'

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** तवांग झड़प पर राहुल गांधी के बयान को लेकर सियासी पारा हाई हो गया है। भारतीय जनता पार्टी राहुल गांधी के साथ-साथ कांग्रेस पर हमलावर है। बीजेपी के प्रवक्ता ने प्रेस कॉफ्रेंस कर राहुल गांधी को जयचंद बताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उन्हें पार्टी से निष्कासित करने की मांग की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि चाहे गलवान हो या तवांग, सेना ने अपना शौर्य दिखाया है। जवानों की जितनी प्रशंसा की जाये वह कम है। वहीं, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारतीय सेना का अपमान हर भारतीय का अपमान है। जबकि कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट किया कि राहुल गांधी न केवल भारतीय सेना का अपमान कर रहे हैं, बल्कि देश की छवि भी बिगाड़ रहे हैं। वह न केवल कांग्रेस पार्टी के लिए समस्या हैं, बल्कि देश के लिए शर्मिंदगी का बड़ा कारण भी बन गये हैं। बता दें कि शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक बयान ने इस मुद्दे को और हवा दे दी। राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि चीन पर सरकार चीजों को छिपाने की कोशिश कर रही है, लेकिन इसे छिपाया नहीं जा सकता। हिंदुस्तान की सरकार सोई हुई है। सरकार इस बात को सुनना नहीं चाहती है। चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है। हमारे विदेश मंत्री को अपनी समझ गहरी करनी चाहिए। राहुल गांधी के इस बयान पर भाजपा हमलावर है। तवांग झड़प पर राहुल गांधी द्वारा दिये गये बयान पर कड़ा ऐतराज जाहिर करते हुए भाजपा ने राहुल गांधी की तुलना 'जयचंद' से करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से राहुल गांधी को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की है। (संबंधित खबरें पेज 09 पर)




■ खड़गे से की कांग्रेस पार्टी से निष्कासित करने की मांग

### राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष कोर्ट ने केरल के वायनाड से उनके लोकसभा सदस्य चुने जाने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। राहुल गांधी 2019 के आम चुनाव में वायनाड से निर्वाचित हुए थे। राहुल गांधी के निर्वाचन को सरिता एस. नैयर ने 31 अक्टूबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर केरल हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

### सेना का मनोबल तोड़ रहे राहुल गांधी : भाटिया

भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि एक तरफ जहां भारत के जवान सीमा पर चीन की सेना को पीट रहे हैं, उनको अपनी ताकत दिखा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ भारत के 'जयचंद' राहुल गांधी हमारी सेना का मनोबल तोड़ने का काम कर रहे हैं। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ऐसी क्या मजबूरी है कि वह राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकते हैं।

# आदिवासी रेजिमेंट दें

## पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गृह मंत्री शाह से की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**रांची/कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कोलकाता के पश्चिम बंगाल सचिवालय में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक हुई। बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और ओडिशा के कैबिनेट मंत्री प्रदीप अमात शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक में कहा कि रक्षा मंत्रालय को आदिवासी रेजिमेंट के गठन का निर्देश दिया जाये। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास आदिवासियों के बलिदान से भरा पड़ा है, परंतु इनकी वीरता को वह पहचान नहीं मिल पायी जिसके वह हकदार हैं। इसलिए सेना में आदिवासी रेजिमेंट के गठन का निर्देश रक्षा मंत्रालय को दिया जाये। साथ ही वन (सरंक्षण) नियम, 2022 में जिस प्रकार से वन भूमि अपयोजन में ग्राम सभा के अधिकार को समाप्त किया गया है, उससे पूरे देश के करीब 20 करोड़ आदिवासी एवं वनों में पीढ़ियों से निवास करनेवाले लोगों के अधिकारों का घोर अतिक्रमण हुआ है। उनके अधिकारों की रक्षा के लिए इसे वनाधिकार अधिनियम-2006 के अनुरूप संशोधित किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच हेक्टेयर तक की वन भूमि के अपयोजन के लिए राज्य सरकार के द्वारा स्वीकृत किये जाने के पूर्व के प्रावधान को बहाल किया जाये।

■ बैठक में बंगाल की सीएम ममता, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी भी हुए शामिल

### हेमंत सोरेन ने कोल कंपनियों पर बकाया 1.36 लाख करोड़ मांगे

**मुख्यमंत्री** सोरेन ने विभिन्न कोयला कंपनियों पर लैंड कंपनसेशन और रॉयल्टी के मद में झारखंड के बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये का भुगतान कराने की मांग उठायी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खनन का काम करनेवाली कोयला कंपनियों सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल के पास राज्य सरकार के भूमि मुआवजे का एक लाख करोड़, सामान्य मद में 32 हजार करोड़ और ढुले हुए कोयले की रॉयल्टी के एवज में 2900 करोड़ रुपये लंबे वक्त से बकाया है।

### मुख्यमंत्री की अन्य महत्वपूर्ण बातें : -

- बंद खदानों का विधिवत माइंस क्लोजर कराया जाये ताकि पर्यावरण की सुरक्षा हो सके एवं अवैध खनन पर भी रोक लग सके।
- साहेबगंज को मल्टी मॉडल टर्मीनल के रूप में विकसित किया जा रहा है एवं भविष्य में यह पूर्वोत्तर राज्यों के लिए गेटवे बनेगा। अतः यहां पर एयरपोर्ट का निर्माण कराया जाये।
- रेलवे को सर्वाधिक आय झारखंड राज्य से प्राप्त होता है, परंतु झारखंड में रेलवे का एक भी जोनल मुख्यालय नहीं है। झारखंड में रेलवे का जोनल मुख्यालय स्थापित करने का निर्देश दिया जाये।
- प्रधानमंत्री आवास योजना में झारखंड के लगभग आठ लाख पैंतीस हजार परिवार इसके लाभ से अभी भी वंचित हैं। इन सभी को आवास स्वीकृत करने का निर्देश ग्रामीण विकास मंत्रालय को दिया जाये।
- जीएसटी कंपनसेशन की अवधि को अगले पांच वर्षों तक विस्तारित किया जाये अन्यथा झारखंड को प्रत्येक वर्ष लगभग पांच हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने के संभावना है।

## चर्चित ठेकेदार पर गोलीबारी मामले में मुख्य शूटर समेत चार गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने चर्चित ठेकेदार देवांशु साहा पर हुए गोलीबारी मामले में मुख्य शूटर समेत चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक मेड इन यूएसए 7.65 ऑटो पिस्टल मैगजीन लगा हुआ, 7.6 5 एमएम की पांच गोली, छह स्क्रीन टच और एक कीपैड मोबाइल, एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल, एक पिट्ठू बैग भी बरामद किया है। मालूम हो कि ठेकेदार देवांशु पर आठ दिसम्बर को बिजुलिया रेलवे ओवरब्रिज के निकट अपराधियों ने 6-7 राउंड गोलीबारी की थी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गये थे। वर्तमान में उनका इलाज मुंबई में चल रहा है।

**पांडे गिरोह से अपराधियों का है संबंध :** सवांददाता सम्मेलन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने बताया कि चारों पकड़े गये अपराधियों का संबंध पतरातू के कुख्यात पांडे गिरोह से है। एसपी ने बताया कि गोलीबारी की घटना रंगदारी वसूली के लिए की गयी थी। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले को उद्भेदन के लिए रामगढ़ एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। इधर, पतरातू थाना क्षेत्र के हरदेव कंस्ट्रक्शन साइट शेष पृष्ठ 11 पर

### सीडीएस जनरल अनिल चौहान बोले

## चीन बॉर्डर पर देश को सबसे बड़ा खतरा



■ सीडीएस ने बॉर्डर टूरिज्म का कल्चर बढ़ाने पर दिया जोर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत चीन के साथ चल रहे विवाद पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि देश को सबसे बड़ा खतरा चीन की सीमा पर है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि लिपुलेख, बड़ाहोती और अरुणाचल प्रदेश में भी चीन के साथ विवाद है। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने बॉर्डर टूरिज्म का कल्चर बढ़ाने पर भी जोर दिया है। उन्होंने कहा कि अपनी सरहदों को देखने की हर किसी की चाहत होती है, इसलिए बॉर्डर टूरिज्म के कल्चर को बढ़ाना होगा। उत्तराखंड में सीमा से लगे गांवों में हो रहे पलायन पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि प्रदेश के कई गांव वीरान हो गये हैं। हमें संभावना तलाशनी होगी कि क्या ये गांव फिर से आबाद हो सकते हैं। शेष पृष्ठ 11 पर

# राहत : दालों के छिलके पर जीएसटी खत्म

■ जीएसटी परिषद की 48वीं बैठक में फैसला

■ एजेंडे में शामिल 15 मुद्दों में से केवल आठ पर ही फैसला कर सकी जीएसटी परिषद

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की नीति-निर्धारक इकाई जीएसटी परिषद की अहम बैठक शनिवार को हुई। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने जीएसटी परिषद की 48वीं बैठक खत्म होने के बाद इसमें लिये गये फैसलों की जानकारी दी। मल्होत्रा के अनुसार, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद समय की कमी के कारण एजेंडे में शामिल 15 मुद्दों में से केवल आठ पर ही फैसला कर सकी। जीएसटी पर अपीलीय अधिकरण बनाने के अलावा पान मसाला और गुटखा व्यवसायों में कर चोरी को रोकने के लिए व्यवस्था बनाने पर भी कोई फैसला नहीं हो पाया। वहीं, दालों के छिलके पर जीएसटी को खत्म करने का फैसला भी किया गया।

अभी तक दालों के छिलके पर पांच फीसदी की दर से जीएसटी लगता था, लेकिन अब उसे शून्य कर दिया गया। मल्होत्रा ने कहा कि इस बैठक में ऑनलाइन गेमिंग और कैसिनो पर जीएसटी लगाने पर चर्चा नहीं की गयी, क्योंकि मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा की अध्यक्षता वाले मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने इस मुद्दे पर कुछ दिन पहले ही अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने कहा कि समय इतना कम था कि जीओएम की रिपोर्ट जीएसटी परिषद के सदस्यों को भी नहीं दी जा सकी। उन्होंने कहा कि परिषद ने जीएसटी कानून के अनुपालन में अनियमितता पर अभियोजन शुरू करने की सीमा को मौजूदा एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर दो करोड़ रुपये करने पर सहमति दी।

### हिंदू तो नाराज थे ही, अब मुसलमान भी हो गये हैं किंग खान से खफा

# इस भगवा बिकनी ने तो बवाल मचा दिया

आनंद सिंह

**कंट्रोवर्सी**

**फिल्म पठान**



रांची। शाहरुख खान इस देश के ही नहीं, इस देश के बाहर भी खूब देखे-सराहे जाते हैं। उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। वह शानदार अभिनेता हैं। वह हर जगह सम्मान पाते हैं। मनोविज्ञान की बेहतर समझ रखते हैं। चंद असफल फिल्मों को छोड़े दें तो दर्शकों की कृपा उन पर सदैव बनी रही है। वह जानते हैं कि दर्शकों को क्या चाहिए। वह यह भी जानते हैं कि इस देश में लोगों को क्या पसंद है। एक सनातन धर्म को मानने वाली से शादी करके उन्होंने सनातनी परंपरा को सीख लिया होगा, इसमें भी कोई दो मत नहीं है। तो क्या शाहरूख खान को यह बात समझ में नहीं आई कि इस देश में भगवा रंग या फिर ऑरेंज कलर का क्या महत्व है? हम यह मानने को तैयार नहीं कि शाहरूख को भगवा कलर के बारे में जानकारी नहीं होगी। इसीलिए, फिल्म पठान के गीत बेशर्म पर अगर कोई बवाल इस देश में मचा है तो उसके लिए 100 फीसद शाहरुख की ही जिम्मेदारी बनती है। आप कह सकते हैं, उन्होंने भावनाओं को भड़काने वाला काम किया है। उन पर उनकी ही जमात के लोग भी भड़के हुए हैं। शाहरुख पर आरोप है कि उन्होंने इस्लाम के निशान का भी गलत इस्तेमाल किया है। क्या ये गलतियां अनजाने में हो गईं? हमें तो नहीं लगता। जीवन के छठे दशक में पहुंचने वाले शाहरुख को यह पता न हो, यह यकीन करना कठिन है। नई स्ट्रेटिजीफिल्मों को चर्चा में लाने के लिए, उनके विजुअल्स की रेटिंग हाई रखने के लिए फिल्म इंडस्ट्री नई स्ट्रेटिजी बनाने में दक्ष है। आपने पा या फिर 3 इडियट्स देखी होगी। उनके पोस्टर्स को याद करें। इसके अलावा आप आमिर खान की फिल्म पीके को याद करें या फिर उनकी हालिया रिलीज फिल्म (जो बुरी तरह पिट गई) लाल सिंह चड्ढा। ये सभी की सभी फिल्में एक नई स्ट्रेटिजी के साथ आई थीं। पा को छोड़ दें तो शुरुआती कंट्रोवर्सी हर फिल्म के साथ हुई। कुछ उसमें खेत रहे, कुछ उबर गए। मीडिया कंपनियों की भूमिकाकिसी भी फिल्म को हिट कराने के लिए सैकड़ों मीडिया कंपनियां इस देश में काम करती हैं। वो कमजोर नब्ज को ही दबाती हैं। जैसे जनभावनाओं को उठा दें। लोग बिलबिलाने लगेंगे। वो अपना सब कुछ एक तरफ छोड़ कर उसी के पीछे पड़ जाएंगे। प्रोड्यूसर को क्या चाहिए? शेष पृष्ठ 11 पर

# दूल्हे 'योगी' को दहेज में मिला बुलडोजर

**सोशल मीडिया** ❍ दूल्हे की शादी को लेकर मजेदार रिएक्शन दे रहे हैं लोग

■ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कहा जाता है बुलडोजर बाबा



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में एक अनोखी शादी का मामला सामने आया है। जहां पर यूपी के हीरापुर में एक लड़के को शादी में बुलडोजर गिफ्ट मिला है। बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बुलडोजर बाबा भी कहा जाता है। ऐसे में एक लड़के का नाम योगी है और उसे शादी में बुलडोजर तोहफे रूप में मिला है। बुलडोजर को सजा-धजाकर शादी समारोह में लाया गया और योगी नामक युवक को सौंप दिया गया। सोशल मीडिया पर भी लोग योगी नाम के दूल्हे की शादी को लेकर मजेदार रिएक्शन दे रहे हैं।

गौरतलब हो कि यूपी विधान सभा चुनाव में देशभर में बुलडोजर की खूब चर्चा हुई थी। दिनोंदिन बुलडोजर का क्रेज बढ़ता जा रहा है। इस बीच जिले में एक शादी में दहेज में बुलडोजर मिलने की चर्चा सोशल मीडिया में सुर्खियों में है। यह विकास खंड सुमेरपुर ग्राम देवगांव निवासी रिटायर्ड फौजी परशुराम की बेटी नेहा की शादी है।

**दहेज में लग्जरी कार नहीं, दिया है बुलडोजर :** रिटायर्ड फौजी ने बेटी को दहेज में कोई लग्जरी कार नहीं बल्कि बुलडोजर दिया है। 16 दिसम्बर को जब बेटी बुलडोजर के साथ विदा हुई तो लोग देखते रह गये। परशुराम प्रजापति का कहना है कि बेटी अभी यूपीएससी की तैयारी कर रही है। अगर नौकरी नहीं लगी तो, इससे रोजगार मिल सकेगा। वहीं, योगी को मिले बुलडोजर की चर्चा लोगों की जुबान पर है।

## न्यूज गैलरी

### बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग ने की छापेमारी, लगाया 55 हजार का जुर्माना

**रातू।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर विभाग की ओर से गठित टीम ने शनिवार को इलाके के सिमलिया रिंग रोड में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार के नेतृत्व में की तीन घंटे तक चली छापेमारी अभियान में कई मकान व दुकानो की जांच की गई। इस दौरान रिंग रोड स्थित एक मकान में मीटर से तार अलग कर बिजली चोरी करते एक व्यक्ति पकड़ाया। आरोपी तुलसी उरांव पर लगभग 55 हजार रुपया का जुर्माना लगाया गया है। मामले को लेकर विद्युत कनीय अभियंता विवेक साहू ने रातू थाने में बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। छापेमारी मे विवेक त्रिवेदी, प्रवीण कुमार,कार्तिक उराँव,सफरुद्दीन अंसारी, मतीन आलम व अन्य कर्मी शामिल थे।

### पट्रोल पंप से ट्रक की हुई चोरी



चन्हो। चान्हो थाना क्षेत्र में बीते शनिवार को समय लगभग साढ़े पांच बजे अज्ञात चोर के द्वारा जय माता दी पेट्रोल पम्प जो खलारी बिजुपाड़ा रोड में स्थित है वहां से बारह चक्का ट्रक निबंधन संख्या जेएच 01 डीपी 1 9618 की चोरी कर ली गई थी। चोरी की सूचना प्राप्त होने पर वादी का प्राप्त फर्दब्यान के आधार पर चान्हो थाना कांड संख्या 194/22 दिनांक 16/12/2022 धारा 379 भा. द. वी. अंकित करते हुए तत्काल कारवाई की गई। कारवाई के दौरान चान्हो एवं कुडू थाना के सीमावर्ती क्षेत्र से घटना में संलिप्त अभियुक्त रवि कुमार पिता सत्यनारायण सिंह ग्राम बडगईया थाना विक्रमगंज जिला रोहतास बिहार को गिरफ्तार किया गया तथा कांड में चोरी गया ट्रक संख्या JH 01 DP 9618 को बरामद किया गया। कांड में गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### नियोजन नीति को लेकर हाइकोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य, हेमंत सरकार का चेहरा उजागर : दीपक प्रकाश

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने नियोजन नीति को लेकर हाइकोर्ट के निर्णय का स्वागत किया है. पार्टी कार्यालय में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे झारखंड की जनता की जीत बताया. कहा कि इस फैसले से मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का चेहरा उजागर हो गया है. सरकार वर्ष 2020-21 में नियोजन नीति लायी. ग्रुप सी और ग्रुप डी की नौकरी में कुछ ऐसी चीजों का प्रावधान किया गया था, जो असंवैधानिक और गैर कानूनी था. इसलिए हाइकोर्ट ने झारखंड की जनता के हित में यह निर्णय लिया है. प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे. दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार की नियोजन नीति में दो चीजों पर जनता और पार्टी को आपत्ति थी. दी इस देश का मस्तक है. 2011 को आधार माना जाये तो झारखंड में हिंदी बोलने वाले 62 प्रतिशत लोग हैं. मात्र 7.34 लोग उर्दू जाननेवालों में से हैं. हिंदी को शेड्यूल एरिया में रखा गया है. सरकार की नीयत में ही खोट थी. तुष्टिकरण के तहत हिंदी को परीक्षाओं से बाहर करने का काम किया. उर्दू को जबरन लादने की कोशिश की. हालांकि उर्दू पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है. नियोजन नीति के माध्यम से सरकार ने हिंदी के मस्तक को नीचे करने का काम किया. उर्दू को क्षेत्रीय भाषा के रूप में उपयोग किया गया और हिंदी को अपमानित करने का काम किया. जो बच्चे हिंदी में पढ़ते उन्हें नौकरी से वंचित रखना सरकार की मंशा थी. संपर्क भाषा अंग्रेजी को भी परीक्षा से बाहर करने का काम किया गया. पार्टी चाहती है कि मुंडारी, संथाली भाषाओं का सबसे अधिक प्रचार प्रसार हो लेकिन विश्वविद्यालयों में क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई नहीं हो रही है. दूसरी बात कि वैसे छात्रों को झारखंडी नहीं माना जाएगा, नियोजन में उन्हें लाभ नहीं मिलेगा जिन्होंने झारखंड से बाहर 11वीं और 12 वीं की पढ़ाई की है.

---

अपनी मांगों को लेकर विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने सांसदों से की मुलाकता

## तीन सूत्री मांगों को लेकर संसद में उठाने का किया आग्रह

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद की केन्द्रीय योजनानुसार विहिप का विशेष सम्पर्क विभाग देशभर के सभी सांसदों से सांसद संपर्क अभियान के तहत उनसे सम्पर्क किया। झारखंड के कुल लोकसभा और राज्यसभा मिलाकर बीस सांसद हैं। जिनमें 12 सांसदों से विहिप का सम्पर्क विभाग मिलकर उनसे राष्ट्रहित में मुख्य तीन बिंदुओं को लोकसभा व राज्यसभा के शीतकालीन सत्र में संसद में स्वयं उठाने या कोई उठाए तो उनका समर्थन करने का आग्रह किया। उन तीन प्रमुख बिंदुओं में - 1. देश की धार्मिक तीर्थ क्षेत्रों की सात्विकता बनी रहे तथा इसके सम्पूर्ण प्रबंधन के लिए केंद्र एवं राज्य में अलग से एक मंत्रालय बने। 2. देश की असंतुलन होती जनसंख्या एवं इसके भावी दुष्परिणाम से बचने के लिए जनसंख्या नियंत्रण बिल लाने तथा 3. देश के बड़े-बड़े प्रमुख मंदिरों पर जहां



राज्य सरकारों का नियंत्रण है तथा उन मंदिरों से प्राप्त धन का एक बहुत बड़ा हिस्सा राज्य सरकारों को देनी पड़ती है। राज्य सरकारें उन पैसों का उपयोग जिस समाज का वह पैसा है उन पर खर्च न कर के या उन मंदिरों पर खर्च न करके अन्यत्र खर्च करती है। अतः उन मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर हिन्दू समाज को नए कानून बनाकर सौंपा जाए। अब तक जिन सांसदों से मिलना हुआ है वो क्रमशः केन्द्रीय जनजातीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व राज्यमंत्री व लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुदर्शन भगत, गिरिडीह लोकसभा सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी, जमशेदपुर लोकसभा के सांसद विद्युतवरण महतो, पलामू लोकसभा सांसद विष्णु दयाल राम, राज्यसभा सांसद - समीर उरांव, आदित्य प्रसाद साहू, महुआ मांझी, दीपक प्रकाश। रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ, धनबाद लोकसभा सांसद पशुपतिनाथ सिंह से मिला। मिलकर विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय योजना के अंतर्गत विभिन्न विषयों की जानकारी उन्हें दी गई। तथा सभी माननीय सांसदों ने भी कई अहम संवैधानिक एवं तकनीकी सुझाव हमलोगों को दिया। दिल्ली के सांसद सम्पर्क अभियान में झारखंड से विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त सहमंत्री रंगनाथ महतो, विशेष संपर्क अभियान के प्रान्त सहप्रमुख अरविन्द सिंह, सिंहभूम विभाग विशेष सम्पर्क प्रमुख हरेराम ओझा, देवघर विभाग संगठन मंत्री कोलेश्वर टुडू प्रमुख रूप से साथ रहे।

◆राज्य सरकारें उन पैसों का उपयोग जिस समाज का वह पैसा है उन पर खर्च न कर के या उन मंदिरों पर खर्च न करके अन्यत्र खर्च करती है।

---

छऊ नृत्य कार्निवाल होगा आकर्षण का केंद्र, सिल्ली स्टेडियम सजधज कर तैयार

## सिल्ली में गूंज महोत्सव आज से, राज्यपाल करेंगे उदघाटन

नवीन मेल संवाददाता



**सिल्ली।** विकास की नई यात्रा के साथ सिल्ली में होने वाले गूंज महोत्सव का आयोजन 18 दिसंबर से शुरू होगा। तीन दिवसीय इस महोत्सव का उदघाटन 18 दिसंबर को झारखंड के राज्यपाल श्री रमेश बैस करेंगे। महोत्सव की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सिल्ली का स्टेडियम सजधज कर तैयार है। तीन दिनों के महोत्सव में कई योजना और सेवा की शुरूआत की जा रही है। इसके केंद्र में है शिक्षा और चिकित्सा। महोत्सव के आगाज के साथ शनिवार की शाम सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के 48 पंचायतों में कैंडल मार्च निकाला गया। सिल्ली और मूरी शहरी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में लोग कैंडल मार्च में शामिल हुए। इस मार्च के जरिए विकास उत्सव में एकजुटता और सामूहिक भागीदारी के संदेश दिए गए। उदघाटन के दिन, 18 दिसंबर को एक साथ पांच हजार छऊ नृत्य कलाकारों का 'छऊ कार्निवाल' आकर्षण का केंद्र होगा। इस कार्निवाल में बतौर विशिष्ट अतिथि लोक कला से जुड़ी कई महान हस्तियां शामिल होंगी। छऊ कार्निवाल के साथ ही पाइका और अन्य लोक कलाओं का प्रदर्शन होगा। साथ ही डेढ़ हजार युवा, बच्चे भी सांस्कृतिक प्रदर्शन करेंगे। स्टेडियम में ही गांव के जीवंत शक्ल में सिल्ली हाट का निर्माण किया गया है। इनमें कई स्टॉल लगाए गए हैं, जो 18 दिसंबर से ही खुल जाएंगे। महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना है। गूंज महोत्सव के संरक्षक और सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो दिन- रात तैयारियों का जायजा लेने में लगे हैं।

---

## घटती हुई प्राकृतिक संपदा को संरक्षित करने की आवश्यकता : एस सामंता

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने प्रदूषण नियंत्रण और जन समुदाय को इस संबंध में जागरूक बनाने के लिए सदैव पहल की है। इस वर्ष 2 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर जागरुकता बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रमों का निर्धारण किया। इस पहल के अंतर्गत 17 दिसंबर को वर्तमान और भविष्य में प्रदूषण जनित संकटों पर विमर्श के लिए प्रदूषण नियंत्रण के विशेषज्ञों, कॉरपोरेट के अधिकारियों और पत्रकारों को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष एस सामंता ने कहा कि हमारा एक मात्र घर है पृथ्वी और हमें इसके संरक्षण और अपने दीर्घकालीन जीवन-यापन के लिए हमारा प्रकृति के साथ सामंजस्य बने इसके लिए हम सदैव प्रयत्नशील रहें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में घटती हुई प्राकृतिक सम्पदा को संरक्षित करने की आवश्यकता है। अन्यथा हमें पृथ्वी पर जीवन के लिए और अधिक संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सामने वास्तविक चुनौती है, समाज में जागरुकता बनाने की और सतत और तत्काल कार्यवाही करने की और आज हम यहां उपस्थित हैं।

### प्रदूषण नियंत्रण के प्रति समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होना होगा: वाईके दास

मौके पर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण निगम के सदस्य सचिव वाईके दास ने कहा कि हम बात कर रहे हैं। लेकिन क्या हमें समाज सुन रहा है? इस चुनौती का सामना करने के लिए हमें प्रयास करना है कि समाज हमारी बातों को सुने। वे सुनेंगे तो वे अधिक चैतन्य बनेंगे। और इस क्रम में हम चाहते हैं कि हमारी युवा पीढ़ी हमें नया मार्गदर्शन दे।

---

झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का एक दिवसीय सम्मेलन में लिया गया निर्णय

## सरकार गणतंत्र दिवस पर आंदोलकारियों को करे सम्मानित अन्यथा बाध्य होकर करेंगे उग्र आंदोलन : शैलेन्द्र महतो



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पूर्व सांसद शैलेन्द्र महतो ने कहा कि झारखंड राज्य खैरात में नही मिला है, इसके लिए कितने आंदोलनकारियों ने अपने प्राणों की आहूति दी है। झारखंड अलग राज्य की कल्पना आंदोलनकारियों की सोच थी और वर्षों लड़ाई लड़ने के बाद झारखंड राज्य का गठन किया गया। राज्य गठन के 22 वर्ष होने जा रहे है परन्तु आंदोलकारियों की मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका है। आज आंदोलकारी पूनः आंदोलन करने को विवश है। क्या इसी दिन के लिए लड़ाई लड़ी गई थी। आज इस मंच से सभी आंदोलकारियों को निर्णय लेना होगा कि सरकार हमारी मांगों पर गौर नही करती है तो बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे। उक्त बातें उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि बिहार कल्ब में झारखंड आंदोलकारी मोर्चा के केंद्रीय संयोजक मुमताज अहमद खान की अध्यक्षता में आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

### झारखंड में आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड का गठन हो

मोर्चा के केंद्रीय संयोजक मुमताज अहमद खान ने कहा कि झारखंड आंदोलकारियों ने सरकार को 26 जनवरी तक का अल्टीमेटम दिया है। गणतंत्र दिवस के मौके पर आंदोलकारियों को ताम्र पत्र ,परिचय पत्र देकर सरकार रांची के मोरहाबादी में और अन्य जिलों के मुख्यालय सम्मानित करने का काम करे अन्यथा बाध्य होकर 2 फरवरी को मोर्चा बैठक बुलायेगी और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए ।श्री खान ने कहा कि आंदोलकारियों को जबतक सरकार सम्मान नही देती है तबतक आंदोलकारी चूप नही बैठेंगे। आंदोलनकारी अपने हक की लड़ाई लड़ना बखूबी जानते है।

---

सीओ नें पंचायत समिति सदस्य से किया दुर्व्यहार

## पंचायत समिति सदस्य ने राज्यपाल मुख्यमंत्री व महिला आयोग से की शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम अंचल अधिकारी विनोद प्रजापति के दुव्यवर्हार से आहत होकर आरा पंचायत की पंचायत समिति सदस्य अन्नू दुर्व्यहार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यपाल, रमेश वैश्य, अध्यक्ष महिला आयोग,उपायुक्त राचीं,एसडीओ और एसएसपी किशोर कौशल से शिकायत कर कारवाई करने की मांग की है। वहीं इस संबंध में दुर्वयवहार को लेकर महिला जनप्रतिनिधि अन्नू तिवारी के साथ भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, मुक्तिनाथ मिश्रा, अनिरुद्ध पांडेय, दिलिप सिंह मामले की शिकायत दर्ज कर जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने की मांग कही है। इस संबंध में श्रीमती तिवारी ने कहा कि एक ओर सरकार महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम चलाकर महिलाओं को आगे बढा रही है। वहीं विनोद प्रजापति जैसे अधिकारी अपने पद के मद से चूर होकर महिलाओं पर अपना रौब झाडकर उनके मनोबल को तोडते है। श्रीमती तिवारी ने बताया कि अंचल कार्यालय में ग्रामीणों की समस्या को लेकर जब वे दिन के बारह बजे पहुंची तो अंचल अधिकारी अनुपस्थित थे। इसपर उन्होने फोन कर पुछा कि वे कब तक आऐंगें, इसपर अंचल अधिकारी नाराज होकर उनपर बरस पडे। अंचल अधिकारी विनोद प्रजापति ने उनसे कहा कि वे उनसे ये पुछने वाली कौन होती है,उन्हे यह अधिकार मिला है कि वे अपनी मर्जी से आऐगें और जाऐंगें। अभी वे और बडे अधिकारी बनने वाले है, उनके काम कोई नहीं आएगा,अगर वे उनसे संबंध बनाकर रखेंगी तो उनका काम होगा। पंचायत समिति सदस्य ने अंचल अधिकारी के खिलाफ नामकुम थाने में भी लिखित शिकायत दर्ज करायी है। अंचल अधिकारी विनोद प्रजापति से पुछने पर उन्होने बताया कि महिला जनप्रतिनिधि का आरोप बेबुनियाद है।



---

### जर्जर सड़क के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध-प्रदर्शन

**अनगड़ा।** जर्जर गोंदलीपोखर-तुरूप सड़क के खिलाफ ग्रामीणों ने शनिवार को बेड़वारी में विरोध-प्रदर्शन और नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि गोंदलीपोखर-तुरूप सड़क अत्यंत जर्जर है। तीन किमी लंबी यह सड़क रांची-मुरी मार्ग को निमार्णाधीन हजारीबाग-जमशेदपुर एनएच 33 से जोड़ती है। 24 घंटे इस सड़क पर बड़े वाहनों का परिचालन होता है। जर्जर सड़क के कारण प्रतिदिन यहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने कहा कि एक माह में सड़क निर्माण की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो सड़क जाम कर देंगे। विरोध प्रदर्शन करनेवालों में मार्शल महतो, उमेश बड़ाइक, ज्योतिष महतो, सावन महतो, सतीश महतो, बीरू चौधरी, मोहरनाथ महतो और सूरज साहू आदि शामिल थे।

---

## चर्चित कारोबारी प्रेम प्रकाश की अर्जी पर सुनवाई 23 दिसंबर को

**रांची।** खनन घोटाले में आरोपी चर्चित कारोबारी प्रेम प्रकाश को पुलिस पेपर दिये जाने के बाद ईडी से कुछ अन्य दस्तावेज मांगने संबंधी अर्जी पर 23 दिसंबर को सुनवाई होगी. अर्जी में प्रेम प्रकाश की ओर से आपत्ति जताते हुए कहा गया है कि उन्हें अधूरा पुलिस पेपर मिला है. ईडी से कुछ और दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए प्रेम प्रकाश की ओर से ईडी कोर्ट में लिखित अर्जी दी गयी है. जिसमें कहा गया है पुलिस पेपर में उन्हें कुछ और पेपर चाहिए, इसकी लिस्ट उनकी ओर से अदालत को दी गयी है. इन दस्तावेज को उपलब्ध कराने के लिए प्रेम प्रकाश की ओर से ईडी कोर्ट से गुहार लगायी गयी है. इस पर सुनवाई के दौरान ईडी कोर्ट ने 23 दिसंबर को प्रेम प्रकाश को इन दस्तावेज को ईडी को देने को कहा है. मामले की अगली सुनवाई 23 दिसंबर को होगी. बता दें कि प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका ईडी कोर्ट खारिज कर चुका है, जिसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में जमानत के लिए आग्रह किया गया है. उल्लेखनीय है कि प्रेम प्रकाश सहित तीन के खिलाफ ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र पूर्व में ही दाखिल कर दिया है. ईडी पूर्व में ही प्रेम प्रकाश से 12 दिनों तक दो बार रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है.ईडी ने अवैध खनन के मामले में प्रेम प्रकाश के 16 ठिकानों पर पहले छापेमारी की थी और बाद में 25 अगस्त को प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था. ईडी की टीम ने प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर हुई छापेमारी के दौरान अरगोड़ा स्थित आवास से दो एके-47 और 60 गोलियां बरामद की थीं.

---

साहित्योदय के नाम एक और विश्वकीर्तिमान

## अनूठे महाकाव्य जन रामायण को मिला इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति न्यास साहित्योदय ने एक और विश्वकीर्तिमान स्थापित किया है। विश्व के सबसे अनूठे महाकाव्य जन रामायण महाकाव्य साझा ग्रन्थ को इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। जन रामायण का विमोचन पिछले माह 19 नबम्बर को रामजन्म भूमि अयोध्या में किया गया। जानकी महल में आयोजित तीन दिवसीय विमोचन समारोह में श्रीयुत कमलनयन दास, राजूदास, मालिनी अवस्थी, यतींद्र मिश्र, विजया भारती, डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, डॉ. उदय प्रताप सिंह, भागवत पाठक सहित देशभर के तीन सौ से अधिक गणमान्य लोग उपस्थित थे। दुनियाभर के 121 लब्धप्रतिष्ठ रचनाकारों से रामायण के विभिन्न प्रसंगो पर मौलिक सृजन करवाकर उसके संकलन और संपादन के लिए संस्था के अध्यक्ष सह सम्पादक कवि पंकज प्रियम को अगले वर्ष दिल्ली में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। पंकज प्रियम ने इस सम्मान को जन रामायण के सभी रचनाकार और समस्त साहित्योदय परिवार को समर्पित किया है। उन्होंने बताया कि पिछले 3 वर्षों के अथक परिश्रम और सभी रचनाकारों के प्रयास से जन रामायण की परिकल्पना साकार हो सकी है। रामायण पर साझा सृजन का एक अद्भुत प्रयास है जिसमें विश्व के विभिन्न देश और प्रदेश की सुगंध है। इससे पूर्व 2021 में 5-6 दिसम्बर को रामायण पर सर्वाधिक लम्बे ऑनलाइन काव्यपाठ हेतु गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड मिला था। पंकज प्रियम जन रामायण के प्रकाशन और महोत्सव के सफल आयोजन में सहयोग करने हेतु संजय करुणेश, सुरेंद्र उपाध्याय, राकेश रमण, किशोरी भूषण, रंजीत मिश्रा, मनीष देव, प्रताप नारायण शुक्ल, मयंक श्रीवास्तव, सीमा सिन्हा सहित सभी रचनाकारों का आभार प्रकट किया है।




---

### बीआईटी लालपुर में ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर पर पांच दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**रांची।** बीआईटी लालपुर में डेटा एनालिसिस पर इंट्रोडक्शन टू डाटा एनालिस यूजिंग ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर का पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन शनिवार को हो गया. इस कार्यशाला में देश के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रोफेसरों ने अपने अपने विषय पर व्याख्यान दिये. कार्यशाला का मुख्य फोकस आर एवं पाइथन पर था. बीआईटी लालपुर के प्रोफेसर भी कार्यशाला में अपना बहुमूल्य योगदान दिए. कार्यशाला का संचालन हाइब्रिड मोड में हुआ. आज अंतिम दिन 2 सत्र आयोजित किये गये. प्रतिभागियों ने भी अपना अनुभव साझा करते हुए कार्यशाला में मिली ट्रेनिंग की काफी सराहना की. इस अवसर पर संस्थान की निर्देशिका डॉ वंदना भट्टाचार्या, संयोजक डॉ पीएस बिष्णु, उप संयोजक डॉ उमेश प्रसाद, संयोजक सचिव डॉ सौमित्रो चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे.

---

पाराडाईज एकेडमी के वार्षिकोत्सव पर एकेडमी पहुंची विधायक, कहा-

## विद्यालय ही वह मंदिर, मस्जिद या गुरुद्वारा है जहां किसी जाति धर्म का भेद-भाव नहीं किया जाता

नवीन मेल संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड के कनभिट्ठा स्थित पाराडाईज एकेडमी में वार्षिकोत्सव की धूम मची रही। मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए नृत्य संगीत के साथ मंच तक लाया गया। विद्यालय प्रबंधन परिवार की ओर से शॉल ओढ़ाकर, बुके देकर एवं मोमेन्टो देकर विधायक का स्वागत किया गया। छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति से अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया और हर प्रस्तुति पर जमकर तालियां बटोरी। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय ही वह मंदिर,मस्जिद या गुरुद्वारा है जहाँ किसी जाति धर्म का भेद नहीं किया जाता है ।सभी बच्चें एक साथ मिलकर पढ़ने, लिखने, खेलने व नाचने गाने में बिना किसी भेदभाव के उन्मुक्त जीवन जीते हैं ।सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा व समाज के लिए संस्थापक परिवार की सोच काफी सराहनीय है ।छोटे छोटे नौनिहालों की प्रस्तुति ने मेरा मन मोह लिया, इनकी मुस्कान ने सारी थकान मिटा दिया ।जिस तन्मयता से अभिभावकों ने बच्चों की हौसला अफजाई के लिए पूरा समय दिया काबिले तारीफ है ।मौके पर निदेशक अफरोज आलम, प्रिंसिपल मीनू मुमताज,फिरोज आलम, ऐमोनअफरोज, जिशान अफरोज,सूफिया खातून, शफिया फिरोज, तानिया हसन मौजूद थे।



## न्यूज गैलरी

### बरनवाल महिला समिति ने किया सामग्री का वितरण



रांची। बरनवाल महिला समिति, रांची के स्थापना दिवस के अवसर पर जरूरत मंद महिलाओं के बीच कम्बल, बिस्कुट और लड्डू वितरण कार्यक्रम की शुरूआत श्री महावीर मंदिर में पूजा अर्चना कर, ए.जी. कॉलोनी पार्क कडरू में वीणा बरनवाल,अरगोड़ा के अध्यक्षता में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पुण्य कार्य कर समाज और देश में आने वाले संकटों को दूर करना और ठिठुरते ठंड के मौसम में लोगों को बचाना था। इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग रहा मधु बरनवाल, दीपा चौधरी, प्रीतिबाला, खुशबू बरनवाल, पुर्णिमा प्रसाद, दिप्ती बरनवाल, सुमन बरनवाल, कंचन बरनवाल, शकुंतला देवी, रीमा मोदी, वंदना बरनवाल, आशा बरनवाल, सिंधु निराला,बबिता देवी, सिंधु बरनवाल, विनीता बरनवाल का। इन बहनों की ओर से कंबल, बिस्कुट, अमरूद वितरण में भरपूर सहयोग रहा और आगे भी ऐसे कार्यक्रम करने का समिति ने निर्णय लिया।

### स्व. उदय सर्राफ की द्वितीय पुण्यतिथि आज

रांची। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन व मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ के बड़े भाई स्व.उदय सर्राफ की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा (तिरुपति बालाजी मंदिर के सामने) मे 18 दिसंबर- दिन- रविवार को पूर्वाह्न- 11:00 बजे पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। एवं निर्धनों व जरूरतमंदों को भोजन कराया जाएगा।

### ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम ने कहा-झारखंड उच्च न्यायालय में लागू हो हिंदी भाषा




रांची। ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश टीम के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में अपनी झारखंड उच्च न्यायालय के वकीलों की टीम के पदाधिकारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक करके कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय में राजभाषा हिंदी को लागू किया जाना चाहिए और उसकी सभी कार्यवाही हिंदी में होनी चाहिए ताकि आम जनमानस न्याय पद्धति को आसानी से समझ सके और इस निमित्त राज्यपाल द्वारा जो पहल की गई है, उसका फोरम स्वागत करता है, एवं माननीय राज्यपाल के चिट्ठी के आलोक में फोरम भी माननीय राष्ट्रपति को समर्थन में अपना पत्र भेजेगा। साथ ही फोरम ने राज्य में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने, वकीलों को आयुष्मान भारत योजना के तहत जोड़वाते हुए नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिलवाने और सभी बार एसोसिएशनों के अंतर्गत मूल आधारभूत सुविधाएं बढ़ाने तथा आगामी बजट में वकीलों के लिए 100 करोड़ रुपए बजटीय प्रावधान करने की मांग की है, जिसके लिए झारखंड सरकार के विधि सचिव से मिलकर ज्ञापन देने का निर्णय हुआ। बैठक में फोरम के प्रदेश महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह, विवेक कुमार महारथी, विपुल दिव्या, नवनीत टोप्पो, शशि भूषण गुप्ता, सहित कई अधिवक्ता उपस्थित हुए। धन्यवाद ज्ञापन झारखंड उच्च न्यायालय टीम के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने किया।

### सीएम से मिले डॉ. लंबोदर महतो, क्षेत्र की समस्याओं की ओर ध्यान कराया आकृष्ट

# सीएम ने दिया उचित कार्रवाई का आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अपने विधानसभा क्षेत्र की कई समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया और उनसे समाधान का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से विभिन्न पथों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, आईईएल स्थित आवास बोर्ड के क्वार्टर धारियों को न्याय दिलाने, नेमरा बंगाल सीमाना जरीडीह बंगाल सीमाना तक किए गए कार्य में रैयतोंका मुआवजा भुगतान कराने और ग्राम खुदीबेड़ा में एलाइनमेंट बदलने पर बारी- बारी से चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री से ललपनिया से रजरप्पा भाया बड़की पुन्नू पथ कुल 15 किलोमीटर, ललपनिया लुगूबुरु घंटा बाड़ी धर्म स्थल का पहुंच पथ कुल सात किलोमीटर एवं गझण्डी से हुरलूंग भाया चतरो चट्टी 25 किलोमीटर के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण करने पर चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि झारखंड राज्य आवास बोर्ड द्वारा विगत बरसात के समय में 57 क्वार्टर धारियों को उनके क्वार्टर से जबरन हटा कर उन्हें सील कर दिया गया है। जिसके कारण 500 से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं तथा सड़क पर जीवन गुजर-बसर करने को बाध्य होना पड़ रहा है। पुनः इस कंपकपाती ठंड में आवास बोर्ड के द्वारा 150 क्वार्टर धारियों को एवं इन क्वार्टरों में रहने वाले करीब एक हजार से ज्यादा लोगों को बेघर किया जा रहा है। साथ ही अगले चरण में लगभग 800 क्वार्टरों में रहने वाले लगभग 4000 से ज्यादा ज्यादा लोगों को आवास बोर्ड द्वारा बेघर किए जाने की तैयारी कर रहा है। इसको देखते हुए गोमिया में आवास बोर्ड क्वार्टरों में रहने वाले परिवार को नियमित किया जाना युक्तिसंगत और व्यवहारिक रहेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से भी अवगत कराया कि पथ निर्माण विभाग द्वारा रामगढ़ एवं बोकारो जिले के नेमरा बंगाल सीमाना से जरीडीह बंगाल सीमाना तक किए जा रहे पथ निर्माण कार्य में अब तक जिन रैयतों को जमीन पथ अधिग्रहित किया गया है उनके मुआवजा का भुगतान किए बिना संवेदक के द्वारा पथ निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण रैयतों में आक्रोश है। साथ ही उक्त योजना में कसमार प्रखंड के खुदीबेड़ा गांव में लगभग 140 लोगों का आवास भी टूटने के कगार पर है जिसके कारण वहां के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

> गोमिया विधायक ने लुगुबुरु घंटा बाड़ी सहित क्षेत्र की सड़कों के चौड़ीकरण तथा आवास बोर्ड के क्वार्टर धारियों को न्याय दिलाने को लेकर सौंपा पत्र।

## झारखंड तैराकी संघ की अध्यक्ष बनीं बरखा सिन्हा, उपेन्द्र कुमार तिवारी बने सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड तैराकी संघ की बैठक फिलीप मैथ्यू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई एजेंडों पर चर्चा हुई। इसके बाद झारखंड तैराकी संघ का गठन भारतीय तैराकी संघ के महासचिव मोनल डी चौकसी की देख-रेख में हुई। जिनकी स्वीकृति के बाद पदाधिकारियों का चयन किया गया। इनमें बरखा सिन्हा को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि सचिव उपेन्द्र कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष अमर कुमार सिंह, उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, सह सचिव नीलम सिंह, मो दिलदार को बनाया गया। वहीं, कार्यकारिणी सदस्यों में माधव चन्द्र घोष, प्रल्हाद सिंह, नित्यानंद शर्मा, अशोक कुमार सिंह, सुमन यादव को शामिल किया गया है। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन आजीवन चेयरमैन रामबालक सिंह ने दिया।

## विद्यार्थियों की तकनीकी विषयों को लेकर टेक फेयर का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एकल युवा रांची द्वारा रविवार को ऑड्रे हाउस, कांके रोड में 'टेक ईट अप' के नाम से एक टेक फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इस फेयर के माध्यम का उद्देश्य रांची के विद्यार्थियों की तकनीकी विषयों में प्रतिभा सामने लाने एवं उचित मंच प्रदान करना है। इससे झारखंड में स्टार्टअप के लिए भी एक आधार तैयार होगा। रांची के 15 से ज्यादा स्कूल जैसे डीपीएस, आचार्यकुलम, ब्रिजफोर्ड, मनन विद्या, सरला बिड़ला, सफायर इंटरनेशनल, गुरुनानक, कैंब्रियन, आर्मी, स्टार इंटरनेशनल, सेंट. एंथोनी, विवेकानंद विद्या मंदिर, सेंट माइकल्स, सेंट जेवियर्स आदि इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। प्रसिद्ध संगठनों ने रुचि दिखाई है। कार्यक्रम का उद्घाटन सिद्धार्थ त्रिपाठी, आई एफ एस 11 बजे करेंगे। विभिन्न स्कूलों द्वारा लगाए गये प्रदर्शनी के निर्णायक मंडली में बी आई टी मेसरा के विनय शर्मा ( हेड ऑफ डिपार्टमेंट पॉलिटेक्निक ) एवम रोहिणी साइंस क्लब के प्रशाद करेंगे। साथ ही आगंतुकों द्वारा 40% मतदान के साथ प्रतियोगिता के निर्णय को संरचित किया किया जाएगा जिसका परिणाम शाम 7 बजे घोषित किया जाएगा साथ ही प्रतिभागियों को पुरुष्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में विशेष केडिया शीतल जैन, प्रिया पोद्दार, निधि मोदी राधा ड्रोलिया पूजा बगरिया शांतुनु भास्कर के साथ एकल युवा की पूरी टीम जोरो शोरों के साथ इस भव्य आयोजन हेतु काफी उत्साहित है । शहर के सभी लोगों से आयोजन स्थल का दौरा करने और छात्रों को प्रेरित करने का आग्रह करती है।

### मां के साथ रांची आकर मनाएंगे क्रिसमस की खुशियां

**रांची।** एनडब्ल्यू जीईएल चर्च में सेवकाई दे रहे सदस्य अनुज अरविंद टोप्पो के परिवार में मां, तीन भाई, बहन है। सभी कोई अलग-अलग जगहों में रहते है। अरविंद खुद बिलासपुर चर्च पेरिश में सेवा दे रहे हैं। मां रांची में है। इसलिए उन्होंने योजना बनाई है कि क्रिसमस की आराधना विधि पूरी कर बिलासपुर से रांची आएंगे। इसके बाद मां सहित परिवार के साथ क्रिसमस मनाएंगे। उनका मानना है कि क्रिसमस ही ऐसा त्योहार है जो परिवार से जोड़ने का काम करता है। यह पर्व हमारे परिवार के लिए भी नवीनीकरण का समय होता है। इस साल भी भाई बहनों के बच्चों के कारण पूरा परिवार व घर गुलजार रहेगा। कई बच्चों के लिए यह क्रिसमस पहला है। पूरा परिवार की यह भी योजना है कि इस साल क्रिसमस में अनाथ और वैसे वृद्ध जो वृद्धा आश्रम व अनाथालय में रहते है।

### चैरिटेबल सोसायटी द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

## 23 बच्चों ने दिखाया अपना जौहर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को दोपहर 3:00 बजे कृष्णापुरी चुटिया में विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी रांची के द्वारा सप्ताहिक कक्षा में बच्चों के बीच में चित्र कला को बढ़ावा देने के लिए चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करनाथ टोली चुटिया के साथ पावर हाउस चुटिया के 23 बच्चे सम्मिलित हुए। जिसमें बच्चों के द्वारा अच्छे-अच्छे चित्रों को बनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा चित्र में मोम कलर एवं पेंसिल कलर के द्वारा रंग भरे गए। जिन बच्चों ने अच्छे चित्र बनाएं उन्हें प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कार दिया गया। बड़े बच्चों में प्रथम पुरस्कार प्रीति को, द्वितीय पुरस्कार नैंसी को, तृतीय पुरस्कार आयुष को दिया गया। प्रोत्साहन पुरस्कार एरॉन को दिया गया। छोटे-छोटे बच्चों में प्रथम पुरस्कार निखिल मुंडा को, द्वितीय पुरस्कार आशु कुमारी को, तृतीय पुरस्कार मेहुल को एवं प्रोत्साहन पुरस्कार गोलू को दिया गया। पुरस्कार वितरण मनीषा मुंडा एवं रेखा देव के द्वारा किया गया। उन्होंने चित्रकला के महत्व से सभी बच्चों को अवगत कराया एवं किस प्रकार अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को रंगों के द्वारा दूसरों तक पहुंचाने का एक सरल तरीका है बताया गया। साथ ही भविष्य में इस तरह की और भी प्रतियोगिता का आयोजन करने की बात की गई। सप्ताहिक क्लासेस आज की तरह कल भी जारी रहेगी इसकी सूचना भी दी गई। कार्यक्रम में विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी के सेक्रेटरी रेखा देव मेंबर मनीषा मुंडा इत्यादि उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर का होगा आयोजन

## शिविर में 250 मरीजों का ही निबंधन के बाद होगा इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कंचन सेवा संस्थान, उदयपुर के सहयोग से मारवाड़ी सहायक समिति, रांची एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय (25 दिसम्बर 2022 से 27 दिसम्बर 2022 तक ) प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मारवाड़ी भवन परिसर, हरमू रोड, रांची में लगने वाले इस शिविर में कमरदर्द, घुटना दर्द का इलाज सुबह 9 बजे से संध्या 05:00 बजे तक किया जाएगा। शिविर के लिए अग्रिम निबंधन कराना होगा जिसका निबंधन शुल्क (तीन दिनों के लिए) 300 रुपये प्रति मरीज होगा । खास बात यह है की शिविर के लिए कुल 250 मरीजों का ही निबंधन होगा और उनका ही इलाज किया जाएगा साथ ही शिविर में मरीजों को तीनो दिन चिकित्सक द्वारा तय समय के अनुसार आना होगा। अग्रिम निबंधन के लिए मारवाड़ी भवन परिसर, हरमू रोड, राँची के कार्यालय में 20 दिसम्बर से समय सुबह 11 से संध्या 4 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है । शिविर और अग्रिम निबंधन के संबंध में मोबाइल नंबर - 9431351775, 7858833288, 9431352173 पर विशेष जानकारी प्राप्त की जा सकती है ।

### पार्क में बना लिया था अस्थाई स्ट्रक्चर, नगर आयुक्त ने दिया हटाने का निर्देश

**रांची।** शनिवार को नगर आयुक्त शशि रंजन ने निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित पटेल पार्क, हरमू श्री कृष्णा सिंह पार्क डोरंडा तथा डोरंडा अंचल कार्यालय डोरंडा स्टोर का भ्रमण किया। हरमू स्थित पटेल पार्क के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पार्क परिसर में बिना अनुमति के अस्थाई रूप से दुकान और संरचना बनायी गयी है। नगर आयुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इसे हटाने का संवेदक को निर्देश दिया। साथ ही यह सख्त निर्देश दिया गया कि किसी भी पार्क में बिना अनुमति के किसी प्रकार का निर्माण या संरचना नहीं बने। ऐसा पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा उन्होंने स्थल की विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। जिससे आम लोग एक स्वच्छ वातावरण में यहां आकर समय बिता सकें। इस क्रम में पार्क के कुछ हिस्सों में जर्जर पड़ी बाउंड्री वॉल को देखते हुए उन्होंने इसे व्यवस्थित करने को कहा।

### श्री श्याम मंदिर में 41वां श्री श्याम भंडारा का किया गया आयोजन

# खाटू नरेश की जय, श्याम बाबा की जय बजरंगबली की जय-जयकार से गूंजा दरबार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष 22-23 के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 41वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में मंदिर के श्री श्याम रसोई में श्री श्याम भंडारा के प्रसाद निर्मित का काम प्रातः से चल रहा था। श्री श्याम भंडारे के प्रसाद में केसरिया खीर पूड़ी, सब्जी व गरमा गरम पकौड़ी बनाया गया था। श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल, शालिग्राम जी व गुरुजनों को श्री श्याम भंडारा का प्रसाद अर्पित किया गया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुचि रुचि भोग लगाओ बाबा श्याम जी के मधुर भजनों का गायन कर भक्तजनों ने देवताओं के भोग के समय मनोहर कर अपनी भक्ति निवेदित की। भीलवाड़ा (राजस्थान) निवासी राहुल बांगड़ ने अपनी धर्मपत्नी अंकिता बांगड़ के साथ परिवार संघ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। भोग लगे प्रसाद को विशाल भंडारे में यजमान श्री परिवार ने मिश्रित मिलाकर सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिला कर दक्षिणा प्रदान कर बांगड़ परिवार ने आशीर्वाद व स्नेह प्राप्त किया। इस समय तक मंदिर में भक्तों की भीड़ जमा होने शुरू हो गई । लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी। हरमू रोड खाटू नरेश की जय श्याम बाबा की जय बजरंगबली की जय जय कार से गूंजने लगा।

#### एकादशी संकीर्तन

श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सफला एकादशी के अवसर पर सोमवार 19 दिसंबर को रात्रि 9:30 बजे एकादशी कीर्तन होगा। रातू रोड निवासी श्री अमिताभ, श्रीमती श्वेता, श्री संदीप, श्रीश्वेता खेतान अपने परिवार के साथ खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करेंगे। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## फिशरीज साइंस कॉलेज के छात्र ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस, गुमला के छात्र शिव कुमार यादव ने आयोजित नेशनल टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि प्रथम स्थान केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, त्रिपुरा के छात्र ने जीती है। इस आशय की घोषणा वीरबैक कंपनी, नई दिल्ली द्वारा शुक्रवार को की गयी।

पशुपालन एवं मत्स्य चिकित्सा के दवा उत्पादन एवं शोध से जुड़ी वीरबैक कंपनी, नई दिल्ली द्वारा हरेक वर्ष पशु चिकित्सा विज्ञान से जुड़े छात्रों की मेधा की जांच और छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए जोनल एवं नेशनल स्तर पर नेशनल टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।

एसोसिएट डीन डॉ एके सिंह ने बताया कि इस वर्ष मत्स्य उत्पादन, रोग नियंत्रण, उत्पाद एवं मूल्यवर्धन विषय पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जोनल स्तर की प्रतियोगिता में पुरे देश के फिशरीज साइंस कॉलेज के 42 छात्रों का चयन किया गया। जिनमें नार्थ जोन से कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस, गुमला के दो छात्र निधि पंडित एवं शिव कुमार यादव भी शामिल थे। कंपनी द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय स्तर पर फाइनल राउंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस, गुमला के छात्र शिव कुमार यादव ने द्वितीय स्थान हासिल कर कॉलेज एवं विश्वविद्यालय का मान बढाया है। कंपनी द्वारा छात्रों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा। इससे छात्रों को सरकारी एवं प्राइवेट सेवा में प्राथमिकता मिलेगी। शिव कुमार यादव की सफलता से कॉलेज के छात्र काफी उत्साहित है। कॉलेज के शिक्षकों ने इस सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त की है। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस के शिक्षक काफी मेहनती तथा छात्र-छात्राएं काफी मेधावी हैं। यह कॉलेज अल्प समय में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल रहा है। जो झारखण्ड राज्य के लिए गौरव की विषय है।

### स्कूली बच्चों ने जैव विविधता उद्यान का किया शैक्षणिक भ्रमण

## वन विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आज जैव विविधता उद्यान, लालखटंगा रांची का ग्रामीण स्कूल के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। स्कूली बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, एनके सिंह ने बच्चों को वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण की महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान उपस्थित अन्य पदाधिकारियों ने बच्चों को वनों के संरक्षण से संबंधित कई तरह की जानकारियां दी और अलग-अलग प्रकार के औषधीय पौधों के संबंध में भी उनके महत्व और उनके उपयोग पर जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया जिससे बच्चे काफी प्रभावित एवं उत्साहित हुए। सभी स्कूली बच्चों के बीच एक स्कूल बैग, पानी, बोतल और टोपी का वितरण किया गया।

## श्री गुरु गोविंद सिंह जी की 356वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभातफेरियों की हुई शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरूनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 356वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आज पहले शनिवार को प्रभातफेरियों की शुरूआत हुई जो सुबह 6 बजे गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिऊड़ी गेट से निकलकर भगवान दास गाबा, सुंदर दास मिड्ढा, द्वारकादास मुंजाल के आवास से होते हुए ऋषिकेश भवन तथा जीतू काठपाल, ओमप्रकाश बरेजा, सुभाष मिढ़ा, लक्ष्मण अरोड़ा, पुरुषोत्तम थरेजा एवं भगत सिंह मिढ़ा की गलियों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट पहुंचकर विसर्जित हो गई। सत्संग सभा की कीर्तन मंडली ने भक्ति भाव से गोबिन्द मिलन की ऐहो तेरी बरिया...व भजो गोबिन्द भूल मत जाओ मानस जनम का एही नाओ.... तथा वह परगटयो पुरख भगवंत रूप गुर गोविंद सूरा....जैसे अनेक शबद गायन कर माहौल को भक्तिमय कर दिया। सरदार भूपिदंर सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की तथा मनीष मिढा ने श्रद्धालुओं ने अपने घरों के सामने साफ सफाई कर तथा फेरी में शामिल गुरुरुप साध संगत का गर्मजोशी से स्वागत किया। फेरी में अर्जुन दास मिढा, जीवन मिढा,मोहन काठपाल, हरगोविंद सिंह, अशोक गेरा, प्रकाश गिरधर,रमेश पपनेजा, सुंदर दास मिढा, इंदर मिढा, पाली मुजांल, गुलशन मिढ़ा, हरीश तेहरी,अमर मदान, रौनक ग्रोवर, जगदीश मुजांल, किशन गिरधर, कमल मुजांल, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, पवनजीत खत्री, गौरव मिढ़ा, रमेश तेहरी, बंसी मल्होत्रा, मनौरी काठपाल, सावित्री दुआ, अमर मुंजाल, सपना काठपाल, श्वेता मुंजाल, बिमला मिढ़ा, मीना गिरधर, अमर बजाज, गूंज काठपाल समेत सैकड़ों शामिल थे।

## न्यूज गैलरी

### गरीबों को खाना खिलाकर इस बार क्रिसमस मनाएगा काथलिक यूथ मूवमेंट

सिमडेगा। खीस्त जन्मोत्सव को लेकर काथलिक युवासंघ सिमडेगा धर्मप्रान्त जेनेरल बॉडी और काउंसिल बैठक संत अन्ना महागिरजाघर सामटोली पल्ली सभागार में काथलिक यूथ मूवमेंट सिमडेगा के अध्यक्ष अजय एक्का के अध्यक्षता में हुई ।जिसमें आने वाले कई कार्यक्रम के संबंध में कार्य योजना तैयार की गई। जिसमें से मुख्यता खीस्तजन्मोत्सव लेकर चर्चा हुई। बैठक में यूथ मूवमेंट सिमडेगा धर्मप्रान्त के अध्यक्ष अजय एक्का ने कहा कि हमारे काथलिक यूथ मूवमेंट का उद्देश्य ही नेतृत्व, सेवा और प्रगति है इसलिए यह कार्यक्रम हमलोगों के लिए दुनियाई ताम – झाम से दूर होकर गरिबों की सेवा करते हुए खीस्तजन्मोत्सव मनाना चाहिए। इसी बीच धर्मप्रंतीय युवा निदेशक फादर देवस्वरूप राजन मिंज एवं विभिन्न भिखारिएट के युवा संघ निदेशक फादर संजय कुजूर, फादर विपिन किशोर, फादर अजित,फादर अगुस्टीन, के मार्गदर्शन में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष काथलिक यूथ मूवमेंट गरिबों को खाना खिलाते हुए खीस्तजन्मोत्सव का त्योहार मनाएगी और जो फीड ए प्रोग्राम के नाम से जाना जाएगा। इसके लिए काथलिक यूथ मूवमेंट के युवागण अपने पॉकेट मनी में धन इकट्ठा करेंगे। बैठक में काथलिक यूथ मूवमेंट सिमडेगा के सचिव आरती बाड़ा, मीडिया सेक्रेटरी कुलदीप इंदवार, सह सचिव आलोईस लकड़ा, सुशांत खेस्स, हेरमन सुरीन, सिस्टर रोस प्रतिमा डुंगडुंग, सिस्टर एलिजाबेथ डी. एस. ए., मनिषा केरकेट्टा सहित धर्मप्रंतीय युवा संघ समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### किसान संघ के प्रतिनिधि रैली में भाग लेने गये दिल्ली

रांची। भारतीय किसान संघ झारखंड प्रदेश से किसान गर्जना रैली में भाग लेने शनिवार को रवाना हुआ। झारखंड के किसान और साथ में किसान संघ के सभी पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष जय सिंह, अनिल शर्मा, महामंत्री प्रकाश नारायण, धीरेन्द्र अग्रवाल, प्रदेश मंत्री दीपक और शिव ने झंडा दिखा कर किसान गर्जना रैली में जाने वाले किसानों को दिल्ली के लिए रवाना किया। बुड़मू प्रखंड अध्यक्ष चंदन और रातू प्रखंड अध्यक्ष बेनी साहू के नेतृत्व में हजारों महिला और युवा किसानों ने भाग लिया। पदाधिकारी दिल्ली रवाना होने के पूर्व जय बलराम जय किसान का नारा लगा रहे थे।

### खेलो इंडिया यूथ गेम व-18 हॉकी प्रतियोगिता: झारखंड की टीम घोषित, अमरदीप को पुरुष टीम की और रानी को महिला टीम की कमान



रांची। भुवनेश्वर (ओड़िशा) में 20 से 30 दिसंबर तक क्वालीफाई खेलो इंडिया यूथ गेम अंडर-18 हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन होना है. इसके लिए पिछले एक सप्ताह से अधिक समय तक झारखंड के 50 हॉकी खिलाड़ियों (महिला-25, पुरुष-25) का विशेष प्रशिक्षण शिविर कराया गया. इसके बाद इनमें से बेहतर 18-18खिलाड़ियों (महिला, पुरुष) का चयन हॉकी झारखंड टीम के लिए किया गया. इसकी घोषणा आज हॉकी झारखंड के महासचिव बिजय शंकर सिंह ने की. महिला टीम की कमान रानी केरकेट्टा को जबकि पुरुष टीम की अमरदीप सम्राट कुजूर को दी गयी है. झारखंड की टीम रविवार को भुवनेश्वर के लिए रवाना होगी.

पुरुष हॉकी टीम में जिन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, वे हैं- विजय महतो, अमरदीप, नवीन केरकेट्टा, सिमोन बोदरा, प्रेम केरकेट्टा, डेविड धनवार, सुखांत गुड़िया, सुमित बरवा, जोसेफ टोपनो, बिशाल लकड़ा, नीरज लकड़ा, अमित बा, अमृत तिर्की, घूरन लोहरा, दीपक सोरेंग, अभिषेक तिग्गा, अभिषेक गुड़िया, दुर्गा मुंडा. इनमें से कुछ खिलाड़ी साई के भी हैं. महिला टीम में रानी केरकेट्टा के अलावे रश्मि होरो, बिनिमा धान, बालो होरो, निशा मिंज, पार्वती टोपनो, अनुप्रिया सोरेंग, पिंकी कुमारी, रजनी केरकेट्टा, निक्की कुल्लू, प्रमोदनी लकड़ा, मोनिका नाग, अंकिता डुंगडूंग, रिना कुल्लू, निरु कुल्लू, संजना होरो, एडन बागे और सलोमी कंडुलना.

# भरनो पुलिस ने कुएं से बरामद अज्ञात महिला की शव मामले का 48 घंटे में किया उद्भेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो।** भरनो थाना के अमलिया डॉहटोली गांव के कुंए से बरामद अज्ञात महिला के शव की पहचान करते हुए पुलिस ने 48 घंटे के अंदर इस मामले का उदभेदन करते हुए हत्या में शामिल तीन आरोपियो को धर दबोचा। मृतका की पहचान 24 वर्षीय शीला कुमारी के रूप में हुई है। वह लोहरदगा जिले के कैरो थाना के चरीमा गांव की रहने वाली थी। शीला के हत्या के मामले में पुलिस ने चैरमा पतराटोली निवासी अंगद लोहरा,पिता जलेश्वर लोहरा और उसकी मां मनरखनी देवी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक 13 दिसंबर को गुमला जिले के भरनो थाना अमलिया डॉहटोली गांव के कुंए से एक 24 वर्षीय महिला का शव पुलिस ने बरामद किया था। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी। इस सनसनीखेज वारदात को लेकर भरनो पुलिस गहन अनुसंधान में जुटी थी। इसी की नतीज है कि पुलिस ने 48 घंटे के अंदर उद्भेदन करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत शुक्रवार को भरनो थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसडीपीओ मनीषचन्द्र लाल ,इंस्पेक्टर एसएन मंडल व थाना प्रभारी कृष्ण कुमार तिवारी ने महिला का प्रेम प्रसंग चैरमा पतराटोली गांव निवासी अंगद लोहरा से चल रहा था। जो तीन वर्षों से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे।। हत्या से एक सप्ताह पूर्व शीला ने अंगद पर शादी करने का दबाव बना रही थी। अंगद का कहना था नौकरी लगेगी, तब शादी करेंगे। वह अग्निवीर में फॉर्म जमा कर चुका था। इसी क्रम में 11 दिसंबर को अंगद अपने खेत में काम कर रहा था,जहां शीला आ धमकी और अंगद से शादी करने को लेकर तू तू मैं -मैं करने लगी । जब बात बढ़ी तो अंगद उसके सिर पर पत्थर से जोरदार प्रहार कर दिया। फलस्वरूप शीला बेहोश हो गई,तब उसे धकेल कर अंगद अपने खेत के कुएं में डाल दिया। घटना की सूचना अंगद ने अपने पिता जलेश्वर को दिया ,जो रांची में मजदूरी करता है। पिता गांव लौटा और तीनों सलाह विचार कर अपने कुएं में शव मिलने पर पुलिस के पकड़ में आ जाएंगे। यह सोच तीनो आरोपियों ने शव को कुएं से बाहर निकाला और प्लास्टिक में लपेटकर बोरा में बंद कर बाईक में लाद कर आमलिया डॉहटोली गाँव के कुएं में दो बजे रात्रि में लाकर फेंक दिया। अमलिया गांव वाले कुआं का जलेश्वर को पहले जानकारी थी कि वह कुआं गांव के एकांत में झाड़ियों में छिपा है, इस पर किसी का ध्यान नही जाएगा। और जलेश्वर का पैतृक गांव भी अमलिया डॉहटोली है।

### पार्क में बना लिया था अस्थाई स्ट्रक्चर नगर आयुक्त ने दिया हटाने का निर्देश

रांची। 17 दिसंबर को नगर आयुक्त शशि रंजन ने निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित पटेल पार्क, हरमू श्री कृष्णा सिंह पार्क डोरंडा तथा डोरंडा अंचल कार्यालय डोरंडा स्टोर का भ्रमण किया. हरमू स्थित पटेल पार्क के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पार्क परिसर में बिना अनुमति के अस्थाई रूप से दुकान और संरचना बनायी गयी है. नगर आयुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इसे हटाने का संवेदक को निर्देश दिया. साथ ही यह सख्त निर्देश दिया गया कि किसी भी पार्क में बिना अनुमति के किसी प्रकार का निर्माण या संरचना नहीं बने. ऐसा पाये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी. इसके अलावा उन्होंने स्थल की विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया. जिससे आम लोग एक स्वच्छ वातावरण में यहां आकर समय बिता सकें. इस क्रम में पार्क के कुछ हिस्सों में जर्जर पड़ी बाउंड्री वॉल को देखते हुए उन्होंने इसे व्यवस्थित करने को कहा.

### उपायुक्त से नियुक्ति को रद्द करने की मांग

**गुमला।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गतजिले के प्रखंड स्तर पर गठित पीएमयू में प्रखंड समन्वयक के पद पर नियुक्ति पर सरकारी नियम व कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इस संबंध में मनोज कुमार ने उपायुक्त को आवेदन सौंपकर प्रकाशित रिजल्ट में कई तरह की विसंगतियां होने के कारण इस पद पर नियुक्ति पर रोक लगाने की मांग की है ' आवेदन में उल्लेख किया है कि डीडीसी द्वारा एनआईसी में प्रकाशित विज्ञापन पर इस दो पद में एक सामान्य कोटे व एक एसटी था। कुल 88 अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किया। जिसमें से 44 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि सामान्य कोटे में बीसी-1 व बीसी-2 कोटे के अभ्यर्थियो को भी बुलाकर लिखित परीक्षा ले लिया गया,जबकि केवल सामान्य कोटे व एसटी को ही लिखित परीक्षा में बुलाना था ' बावजूद इसके सामान्य कोटे का एकल पद में सेटिंग गेटिंग कर एक अन्य जिले के एक बीसी-2 के अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा में शामिल कराकर उसके शैक्षणिक योग्यता स्नातक से उच्च शिक्षा को प्राथमिकता देकर नियुक्ति के लिए चयन कर लिया गया जो सरकारी नियमावली का उल्लंघन है ' फलस्वरूप इस नियुक्ति को रद्द करने की मांग उपायुक्त से की है '

### गढ़वा में नये साल में पर्यटन स्थलों पर महिला बल सहित रहेगी पर्याप्त सुरक्षा

रांची। अंजनी कुमार झा ने शनिवार को अपराध समीक्षा की. एसपी ने इस दौरान कई बिंदुओं पर समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया. नये साल को देखते हुए पर्यटन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था पर बल दिया. नये साल पर पिकनिक स्थल पर एवं अन्य पर्यटन स्थल पर महिला बल सहित पर्याप्त सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति करते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया.

# सीआरपीएफ जवानों की हत्या का मास्टमाइंड नक्सली अभिजीत यादव सहयोगी के साथ गिरफ्तार, एके-56 ओर कारतूस बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीआरपीएफ के सात जवानों की हत्या का मास्टरमाइंड नक्सली अभिजीत यादव उर्फ बनवारी यादव को गया पुलिस और एसएसबी ने एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया है. अभिजीत यादव के पास एके-56, 97 जिंदा कारतूस 5 डेटोनेटर सहित अन्य सामान भी बरामद किया गया है.माओवादी संगठन के जोनल कमांडर मूल रूप से झारखंड के पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले कुख्यात नक्सली अभिजीत यादव उर्फ बनवारी यादव के खिलाफ बिहार-झारखंड में कुल 61 मामले दर्ज हैं. अभिजीत यादव को बीते नवंबर में ही भाकपा (माओवादी) ने उसे जोनल कमांडर का बनाया था. अभिजीत के ऊपर झारखंड पुलिस ने 10 लाख रुपये और बिहार पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था.

गया एसएसपी हरप्रीत कौर ने बताया कि एक हार्डकोर नक्सली अभिजीत यादव, उर्फ महावीर यादव उर्फ बनवारी यादव अपने एक सहयोगी के साथ धनगाई थाना क्षेत्र के दुआरी गांव में होने की सूचना पर सर्च अभियान चलाया गया, सर्च अभियान के तहत शनिवार की सुबह दुआरी गांव से अभिजीत यादव और उसका साथी कुंदन यादव उर्फ ललन यादव को गिरफ्तार कर लिया गया. नक्सली के पास से एके- 56, 97 कारतूस सहित कई प्रतिबंधित समान बरामद किया गया है. अभिजीत यादव वर्ष 2016 में औरंगाबाद स्थित काला पहाड़ पर हमला कर 7 सुरक्षाबलों को शहीद कर दिया था. हाल में ही जोनल कमांडर से जोनल कमांडर बनाया गया था. झारखंड के पलामू, चतरा, गया और औरंगाबाद में सक्रिय रहता था.

#### अभिजीत यादव की संपत्ति जब्त

ईडी की पटना इकाई ने फरवरी 2020 में भाकपा माओवादी के सब-जोनल कमांडर अभिजीत यादव उर्फ महावीर यादव की 16.49 लाख रुपये की चल एवं अचल संपत्ति जब्त की थी. अभिजीत की जब्त संपत्ति में उसकी पत्नी गीता देवी के नाम पर झारखंड के पलामू जिले में अधिग्रहित 16,04,745 रुपये कीमत के छह भूखंड तथा गीता के बैंक खाता में उपलब्ध 44,867 रुपये शामिल हैं. प्रवर्तन निदेशालय ने फरार अभिजीत के खिलाफ यह कार्रवाई पीएमएलए के तहत की थी. ईडी ने अभिजीत यादव और उनकी पत्नी गीता देवी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में आरोप पत्र भी दायर किया है.

### जलडेगा में सुरक्षा की गुहार लगाने गए पत्रकारों के ऊपर थानेदार ने लगा दिया धारा 107

# प्रखंड पत्रकार संघ ने लिया पुलिस प्रशासन की खबरों को बहिष्कार करने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** पत्रकारों द्वारा खबर लिखना आजकल भारी पड़ रहा है जहां पर शासन द्वारा भी अब उन्हें परेशान करने की कोशिश की जा रही है ।जलडेगा में थाना प्रभारी फिलिप मिंज से सुरक्षा की गुहार लगाने गए जलडेगा के पत्रकारों पर थानेदार ने उल्टा धारा 107 लगा दिया। जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस की इस कारवाई पर स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर जिला मुख्यालय तक के लोग निंदा कर रहे हैं।गौरतलब हो पिछले दिनों 26 अक्टूबर 2022 को जलडेगा से ओडगा जाने वाली मुख्य सड़क शराब दुकान के पास अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों की पकड़े जाने की सूचना स्थानीय पत्रकारों द्वारा जलडेगा अंचल अधिकारी को दी गई थी, सुचना उपरांत जलडेगा अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो ने दोनो गाड़ियों को जब्त करते हुए जलडेगा थाना को सुपुर्द कर दिया था। यह खबर अगले दिन कई दैनिक अखबार और सोशल में भी प्रकाशित हुआ था। 30 अक्टूबर 2022 को ट्रैक्टर मालिक के द्वारा सन्मार्ग अखबार के पत्रकार पंकज साहू को धमकी दिया गया। धमकी देने के बाद जलडेगा पत्रकार संघ ने जलडेगा थाना में मामला दर्ज कराया।पत्रकार संघ की ओर से कहा गया की जलडेगा में पत्रकारों को डराया धमकाया जा रहा है, जिससे पत्रकारों की जान माल की नुकसान होने का खतरा हमेशा बना हुआ है। प्रशासन द्वारा भी पत्रकारों को सहयोग नही मिलने पर आज जलडेगा के पत्रकार खुद को अकेला महसूस कर रहे हैं। सुरक्षा की गुहार लगाने गए पत्रकारों ने लिखित आवेदन देकर धमकी देने वाले गाड़ी मालिक के ऊपर धारा 506 के तहत एफआईआर दर्ज करने को कहा। लेकिन थाने में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने पत्रकारों से यह कह कर आवेदन को स्वीकार नहीं किया कि पत्रकार आवेदन पर धारा का जिक्र नहीं कर सकता है, सिर्फ थानेदार का ही पावर होता है धारा लिखने का इसलिए आवेदन को सुधार कर दीजिए। लेकिन थानेदार ने कारवाई का आश्वासन देकर उल्टा सभी पत्रकारों के ऊपर धारा 107 लगा दिया। जिसके कारण 17 दिसंबर 2022 को सभी पत्रकारों को कोर्ट में हाजिर होना पड़ा और मामला को सुलह किया गया। इधर जलडेगा पत्रकार परिवार संघ ने निर्णय लिया है कि जब तक जलडेगा थाना प्रभारी पत्रकारों से बैठक कर मामले पर समन्वय स्थापित नही करेंगे तब तक जलडेगा और ओडगा थाना से संबंधित किसी भी सकारात्मक खबर को प्रकाशित नही करेगी।

# नेहरू युवा केंद्र द्वारा एसएस प्लस टू सिमडेगा में आयोजित हुई दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा सिमडेगा के एस. एस.+2 स्कूल में शनिवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर समाहर्ता सिमडेगा अमरेंद्र कुमार सिन्हा के द्वारा स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। अपर समाहर्ता सिमडेगा ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में खेल का विशेष महत्व है और सिमडेगा जिला पुरे भारत में खेल की वजह से ही जाना जाता है । शिक्षा के साथ साथ खेल कूद के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना बहुत जरुरी है। तत्पश्चात अपर समाहर्ता सिमडेगा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हॉकी स्टिक से हॉकी बॉल को किक करते हुए खेल प्रारंभ कराया। इस दौरान जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार भी मौजूद रहे। हॉकी का




उद्घाटन मैच स्वामी विवेकानंद युवा क्लब कटिका और स्वामी विवेकानंद युवा क्लब चकोरबेडा के बीच खेला गया, जिसमें कटिका की टीम 2-1 से विजय रही। फुटबॉल का उद्घाटन मैच स्वामी विवेकानंद युवा क्लब सिहरजोर और स्वामी विवेकानंद युवा क्लब लुकीबहार के बीच खेला गया जिसमें लुकीबहार 2-1 से विजय रहा। प्रतियोगिता के आयोजन में लेखापाल सोरिना टेटे, विद्यासागर, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रेश्मा, संजय, नितेश, सौरव, परमानंद, निरंजन, चंद्रकांता, पुनीता, मैक्सीमाला, अनुराधा और सरिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

# भाकपा ने उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन को लेकर बनायी रणनीति

**हुसैनाबाद।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के हुसैनाबाद अंचल कमेटी की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने व क्षेत्र की जन समस्यायों का निदान निकालने की दिशा में पहल करने का निर्णय लिया गया। भोला सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में देवरी शाखा का गठन करते हुए धर्मदेव राम को शाखा सचिव चुना गया। साथ ही 26 दिसंबर को पलामू के उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल होने की योजना बनायी गई।बैठक में भाकपा नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज की पूंजीवादी पार्टी के पैसे का खेल कर रही है। भाजपा की मोदी सरकार के राज्य में आम जनता से बड़े पैमाने पर जीएसटी एवं कई तरह के टैक्स वसूल कर परेशान किया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत होकर लड़ना पड़ेगा। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि हुसैनाबाद अंचल का जपला सिमेंट फैक्ट्री तो भाजपा के कार्यकाल में बिक गया है। संबंधित जमीन में नया उद्योग लगाने की जरूरत है, ताकि इस इलाके के हजारों बेरोजगार लोगों को रोजगार मिल सके। भोला सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में दाखील खारीज रसीद एवं आनलाइन में लूट मचा हुआ है। प्रज्ञा केंद्र एवं ग्राहक सेवा केंद्र में नाजायज तरीके से पैसा का उगाही हो रहा है। बैठक को नगर सचिव सुरेश ठाकुर, अभय कुमार भुइयां, अंचल सचिव गणेश सिंह आदि ने संबोधित किया। बैठक में सरयू सिंह, धर्मदेव राम, अर्जुन प्रजापति, असलम खान, बलिराम सिंह, बीफन राम, सीता राम आदि मौजूद थे।

# समाहरणालय से महज कुछ दूर ये गांव जहां मूलभूत सुविधा के नाम पर अधूरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कहने को तो भारत देश डिजिटल इंडिया की ओर अग्रसर है और यहां पर मूलभूत सुविधाओं की लगातार लोगों को लाभ पहुंचाने का काम कर रहा है लेकिन सिमडेगा समाहरणालय से महज कुछ दूर पर एक ऐसा गांव है जहां पर बिजली सड़क पानी सहित आज तक कोई भी सुविधा गिरगांव पर नहीं पहुंची है जिसके कारण आज भी यहां के लोग आजादी से पूर्व की जिंदगी जी रहे हैं जहां पर के लोगों को ना तो प्रशासन ना तो जनप्रतिनिधि सुध लेती है। सिमडेगा समाहरणालय से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित आरानी पंचायत के जोउकुदर है जहां पर आज तक ना बिजली ना पानी ना सड़क पहुंची है जिसके कारण यहां के लोग आज तक विकास की बाट जोह रहे हैं ।शनिवार को सिमडेगा प्रखंड के जिला परिषद सदस्य शांति बाला केरकेट्टा पगडंडियों के सहारे पैदल पहुंचते हुए उस गांव के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना इस दौरान उन्हें ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि यहां पीने का पानी का बहुत बड़ा समस्या है यहां पीने के लिए शुद्ध पर्याप्त रूप से पानी उपलब्ध नहीं है आने जाने के लिए सड़क की व्यवस्था नहीं है ऐसा प्रतीत होता है की बरसात के दिनों में हम प्रखंड मुख्यालय से अलग है कट चुके हैं ।यहाँ मूलभूत सुविधा की घोर कमी है। क्षेत्र में यह कहना कतई अनुचित नहीं होगा की राज्य सरकार या यहां के आला अधिकारी कभी भी क्षेत्र के विकास के लिए किसी ने कोई काम नहीं किया नाही क्षेत्र में आने का जरूरत समझा ।यहां की आम जनता का कहना है की हम लोग बार-बार चाहे पंचायत चुनाव हो विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव हो हम यहां से चुन करके भेजते हैं लेकिन जीतने के बाद हमारे ऊपर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जाता है। हम हमेशा अपने आप को ठगा महसूस करते हैं। हम लोगों का विकास नहीं होने के कारण चाहे चिकित्सा हो यह शिक्षा हो या और भी मूलभूत सुविधा बिजली पानी सभी समस्याओं से हम लोग को रूबरू होना पड़ रहा है हम प्रशासन से मांग करते हैं की इस ग्राम में आकर यहां के लोगों की जो मूलभूत सुविधा है उसे दिलाया जाए इस क्षेत्र का जो पिछड़ापन है उसे दूर किया जाए।

**जंगल में साइकिल को पेड़ों से बांधकर घर तक पहुंचते हैं लोग**

ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव में जाने के लिए सड़क नहीं है किसी प्रकार लोग पगडंडियों का सहारा लेकर कुछ दूर पहुंचते हैं लेकिन उससे आगे जाने के लिए कोई सुविधा नहीं है इसलिए रात को कोई उनके वाहन हो या फिर साईकिल को चोरी ना कर ले इसलिए पेड़ पर लोहे की चैन लगाकर रखते हैं और उसके बाद वहां से आगे अपने गांव की ओर बढ़ते हैं ताकि वह अपना घर पहुंच सके रात भर जंगलों के बीच उनकी वाहन और साइकिल रहती है इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं किस गांव में किस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होगी।

### पुलिस पर जवाबी कार्रवाई की तैयारी में जुटी

रांची। माओवादी संगठन की पीएलजीए पुलिस पर जबाबी कार्रवाई की तैयारी में है. कोल्हान वन प्रमंडल स्थित जंगल में अगले आदेश तक ग्रामीणों के प्रवेश नही करने की अपील माओवादी संगठन ने की है. भाकपा माओवादी संगठन दक्षिण जोनल कमेटी ने इसके लिये एक प्रेस विज्ञप्ति भी बकायदा जारी किया है. जिसके अनुसार कोल्हान वन प्रमंडल में स्थित सभी वनग्राम, राजस्व ग्राम, जंगल से बाहर मैदान में स्थित और वनोपज से जीविकापर्जन करने वाले सभी गांवो के ग्रामीणों, अंदरुनी ग्रामीण इलाको से गंजो, कस्बों, जिला मुख्यालयो के लिये रोज दिन आवाजाही करने वाले यात्री और निजी वाहन के मालिकों सहित सभी ग्रामीणों के पास दक्षिण जोन कमेटी भाकपा माओवादी की अतिआवश्यक और अक्षरशः सूचना एवं अपील किया जाता है कि ग्रामसभा के माध्यम से लोगों को अवगत करा दे।

# पहली पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व विधायक कमल किशोर भगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू/लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के प्रथम पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव जिंगी पर स्थित समाधि स्थल पर पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की धर्म पत्नी नीरू शांति भगत की अगुवाई में किया गया। साथ ही आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने पूर्व विधायक कमल किशोर भगत के पहली पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इधर श्रद्धांजलि सभा का सर्वप्रथम कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत व परिजनों के द्वारा समाधि स्थल पर पुष्पचक्र व माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत पार्टी कार्यकताओं के आँखें भर आई। कमल किशोर भगत की पत्नी अपने पति की याद कर फफक फफक कर रो पड़ी। मौके पर पूर्व विधायक के श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि पति के अधूरे सपनों को जीवंत रखते हुए अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और उनके हर सपना को साकार करना मेरे जीवन का हिस्सा बन गया है। अपने पति के आदर्शों को जीवन में शामिल कर लक्ष्य की पूर्ति करना मेरे जीवन का मकशद बन गया है। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का संचालन आजसू पार्टी के प्रधान सचिव विलियम कुजुर ने की। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, अंजू देवी, आजसू महिला जिलाध्यक्ष अनीता देवी, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, शाहिद अंसारी, संजू सिंह, गुमला जिलाध्यक्ष दिलीप साहु एवं केंद्रीय सचिव गुमला जिला एवं सिमडेगा जिला के प्रभारी गोपीनाथ सिंह, सलीम पांडू सहित बड़ी संख्या में आजसू पार्टी व झारखंड आंदोलनकारी के नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

**धर श्रद्धांजलि सभा का सर्वप्रथम कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत व परिजनों के द्वारा समाधि स्थल पर पुष्पचक्र व माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।**

## न्यूज गैलरी

### केजीबीभी में एसएससी की दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बरही।** झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेर्शानुसार बरसोत स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रबंधन समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को स्थानीय मुखिया मोती लाल चौधरी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर वार्डन नेहा सिन्हा, शिक्षिका ज्योति वर्मा, सुषमा टोप्पो, अध्यक्ष गीता देवी, प्रबंधन समिति के सभी सदस्य इत्यादि उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया ने प्रबंधन समिति के सदस्यों को कई महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए विद्यालय को और बेहतर करने की सलाह दी। दो दिन के इस प्रशिक्षण में वीडियो के माध्यम से उपस्थित सदस्यों को विद्यालय प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। शनिवार को कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सीआरपी गुलाब प्रसाद भी मौजूद थे।

### ग्रील इन फास्ट फूड का विधायक ने किया उद्घाटन

**रामगढ़।** शहर के गोला रोड बाजार टांड़ में मांडू के विधायक सह प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल द्वारा किया गया। इससे पूर्व प्रतिष्ठान के मालिक ज्ञानेश्वर ओझा द्वारा बुके देकर विधायक श्री पटेल को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, जिला मंत्री राजू कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार साहू, जिला आईटी सेल प्रभारी धीरज कुमार साहू ,नीरज झा, राजेश ठाकुर, धीरेंद्र साहू ,सुमित अग्रवाल, तरुण साहू आदि उपस्थित थे।

### 19 को दिव्य कल्याण आश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बरकट्ठा।** महिला मुक्ति संस्थान हजारीबाग के द्वारा 19 दिसंबर को 10 बजे से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का आयोजन दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा में किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए सीएससी प्रभारी डॉ रत्ना कुमारी ने बताया कि इस निमित्त स्वास्थ्य कर्मियों को कार्य आवंटित कर दिए गए हैं। इसमें कोविड टीकाकरण, टीवी ,मलेरिया जांच एवं अन्य जांच तथा परिवार नियोजन हेतु परामर्श दिए जाएंगे। साथ ही आवश्यकतानुसार मरीजों को दवा उपलब्ध दी जाएगी।

### जरूरतमंद को कान के ऑपरेशन के लिए पंद्रह हजार से किया मदद

**पतरातु (रामगढ़)।** झारखंड के रामगढ़ ज़िला अंतर्गत पतरातु प्रखंड के पतरातु रेलवे स्टेशन समिप रहने वाली समाजसेवी निशी पांडेय ने एक जरूरतमंद को कान का ऑपरेशन करने के लिए पन्द्रह हजार से मदद किया ।साथ ही आगे का खर्च देने का आश्वासन दिया ।इसी दौरान एक और महिला ने दुकान लगाने के लिए मदद माँगा तो उन्हें भी मदद स्वरूप बीस हजार रुपये से मदद किया गया ।बताते चलें की कान के बिमारी से जुझ रहे जरूरतमंद अनुराग द्विवेदी अपने बुजुर्ग पिता के साथ शुक्रवार की रात्रि समाजसेवी निशी पांडेय से मदद माँगने पहुंचा। अनुराग ने बताया कि वेल्डिंग काम और भेभरेटर करने के दौरान कान की दोनो साईड से कम सुनाई देने लगा है। कुछ दिनों बाद कान में जख़्म हो गया।

### भायुमो ने पाक के विदेश मंत्री का पुतला दहन जताया विरोध

**रामगढ़।** विश्व भर में भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना ओसमा बिन लादेन से करने वाले पाकिस्तानी विदेश मंत्री के बयान का विरोध करते हुए शनिवार की शाम भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष तरुण कुमार साव के नेतृत्व में सैकड़ों नेताओं एवम कार्यकर्ताओं ने शहर के सुभाष चौक के निकट पाकिस्तान को आतंकी देश घोषित करो, पाकिस्तान मुदार्बाद के गगनभेदी नारों के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कैंट मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मौके पर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा की आतंकी हमले में अपनी मां को मरता देखने वाले पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा भारत के प्रधानमंत्री को आरएसएस का प्रधानमंत्री बताना न सिर्फ उनकी नासमझी का नमूना है बल्कि ये बयान इसकी ओर भी इंगित करता है आतंकवाद पर नकेल कसने वाली भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता प्राप्त होते हीं आतंकियों के देश में खलबली मची हुई है। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रंजीत सिन्हा, उपाध्यक्ष आनद बेदिया, महामंत्री रंजन फौजी, मंत्री वसुध तिवारी, राजेंद्र कुशवाहा, कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, राजीव पामदत्त, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, सहित अन्य शामिल हुए।

### नगर परिषद क्षेत्र के कैथा में सैकड़ों लोगों के बीच किया कंबल वितरण

**रामगढ़।** नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को कैथा में गरीब, असहाय एवं वृद्ध लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने बताया की ठंड का प्रकोप धीरे धीरे क्षेत्र में बढ़ रहा है। कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और असहाय लोगों को परेशानी होती है। जिसे ध्यान में रखकर कंबल का वितरण किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से वार्ड पार्षद देवधारी महतो, आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो, उपाध्यक्ष डिया महतो, पंचम महतो, राजकुमार महतो, संजय महतो, धर्मेंद्र कुमार, भीम महतो, सुखदेव महतो आदि उपस्थित थे।

### दो ऑटो की टक्कर में एक की मौत, तीन घायल

**डोमचांच।** थाना अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग में कोठियाराबर के समीप दो ऑटो की टक्कर में एक यात्री की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गए। शनिवार को झुमरीतिलैया की ओर से यात्री भर कर आ रहे ऑटो (जेएच 12डी 2936) की विपरीत दिशा में जा रहा ऑटो से टक्कर हो गयी. इससे ऑटो में सवार एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गये। घायलों में से एक महिला चन्द्रिका देवी को बेहतर इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बरही: पर्यटन उद्योग की असीम संभावनाएं, रुकेगा पलायन

## दुर्भाग्य यह कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अब तक नही दिखाई है इसमें रुचि





**जयदीप कुमार सिन्हा**

**बरही।** पर्यटन का नाम आते ही बरही का जवाहर घाटी और तिलैया डैम जेहन में सबसे पहले आ जाता है। प्रकृति की गोद ने बसा इस मनोरम वादियों में स्थित जवाहर घाटी के घने जंगलो, ऊंचे पहाड़ों और वृहत जलाशयों ने सैलानियों को अपनी ओर खींचने के लिए मजबूर करता है। जो देश की धड़कन माने जाने वाली बरही चौक से महज 2 किमी की दूरी पर स्थित है। प्रकृति की यह मनोरम वादियो के बीच से गुजरने वाले रेल यात्री या एनएच 31 से गुजारनेवाले यात्री इस छंटा को देखकर वाह वाह कहने को मजबूर हो जाते है। जहां एक और ऊंची पहाड़े तो दूसरी ओर नीले पानी वाला जलाशय लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मजबूर करती है। बरही चौक से महज 15 किमी की दूरी पर खूबसूरत वादियों के बीच स्थित पर्यटन की अपार संभावनाओं को सहेजने वाला तिलैया डैम भी पर्यटकों को अपनी ओर खींचने के लिए सदैव तैयार है । जिसका तीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग एनएच 2 (जीटी रोड), एनएच 33, एनएच 31 का संगम स्थली बरही चौक से सीधा संपर्क है। जहां से देश के विभिन्न राज्यों से सैलानी सीधे पहुंच सकते है।

**घने जंगलों के बीच अवस्थित बदहाली का आंसू बहा रहा है चाचा नेहरू पार्क :** बरही चौक से महज 7 किमी की दूरी पर स्थित चाचा नेहरू पार्क अपनी बदहाली का आंसू बहा रहा है । माधोपुर की 65 वर्षीया जीतनी देवी की माने तो पार्क का उद्घाटन स्वय देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने की थी। जहां कई विदेशी सैलानी नौका विहार के लिए आया करते थे। उनके आने से गांववाले उनके लिए कलेवा का इंतजाम करते थे। इसके एवज में उन्हें पैसे भी मिलते थे। इस पार्क की देखभाल के लिए कुछ सुरक्षा कर्मी भी थे। परंतु कालांतर में सभी समाप्त हो गया। आज अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के जेहन से भी संभवतः चाचा नेहरू पार्क उतर गया है। जहां देश के प्रधानमंत्री का खंडित प्रतिमा अपनी बदहाली का आंसू बहाने के लिए मजबूर है।

**एशिया का सबसे बड़ा डेयरी फार्म और देश का दूसरा कृषि बीज अनुसंधान केंद्र :** 1954 में स्थापित हुए देश का पहला बड़ा डेयरी फार्म पशु प्रक्षेत्र गौरियाकरमा और पीएम मोदी देश का दूसरा कृषि अनुसंधान केंद्र भी इसी प्रखंड में है। जहां रेड सिंधी नस्ल के उत्तम प्रजाति के दुधारू गाय का पालन होता है। ऐसे में पर्यटकों को आना लाजिमी है।

**कुछ ही दूरी पर स्थित है बौद्ध व जैन धमार्लंबियों का तीर्थस्थल :** महज 100 किमी के अंदर पूर्व में जैनियों का प्रसिद्ध धर्म स्थल पारसनाथ तो पश्चिम में बुद्धिष्टों का बोधगया स्थित है। इसके साथ ही इटखोरी का प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर तो बाबा भोले की नगरी देवघर भी इसी चौक से जाते है। जो पर्यटकों को एक ही स्थान से महज कुछ घंटों के अंतराल में पहुंचा सकता है।

**जरहिया डैम व केवालिया डैम भी आकर्षण का हो सकता है हिसा :** प्राकृतिक वादियां के बीच करीब 7 किमी की दूरी पर स्थित पंचमाधव पंचायत स्थित विशाल जरहिया डैम और 9 किमी की दूरी पर स्थित वृहत क्षेत्र में फैला केवलिया डैम भी नौका विहार के लिए उपर्युक्त है। जिसके निर्माण से यहां के कई लोगो को रोजगार मिल सकता है और यह क्षेत्र राज्य का एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बन सकता है। युवाओं का पलायन रुक सकता है और पीएम मोदी के लोकल फॉर भोकल का सपना साकार हो सकते हैं।

**21 फरवरी 1953 को उद्धाटित हुए आजाद भारत का पहला बांध :** डीवीसी के वरीय अधिकारियो की माने तो बंगाल व वर्द्धमान में अधिक वर्षा होने से सदैव बाढ़ का भय बना रहता था। जिससे कृषि योग्य भूमि बाढ़ के कारण डूब जाते थे. इसे बचाने के उद्देश्य से ही तिलैया बांध का निर्माण किया गया था। 36 वर्ग किमी में अवस्थित आजाद भारत का पहला बांध और पहला भूमि अधिग्रहण जिसे 21 फरवरी 1953 को देश के पहले प्रधानमंत्री ने पंडीत जवाहरलाल नेहरू ने उद्घाटन किया था। जहां बाद में पावर प्लांट लगाकर बिजली का भी उत्पादन प्रारंभ किया गया। जिससे बिजली का उत्पादन हो रहा है। परंतु विडंबना है कि इसके लाभ से आज भी यहां के स्थानीय ही वंचित है।

**56 मौजा के सैकड़ों गांव के हजारों किसान हुए विस्थापित किसान मूलभूत अधिकार से है वंचित :** इस इस प्रोजेक्ट को प्रारंभ करने से इस क्षेत्र के 56 मौजा के सैकड़ों गांव के हजारों ग्रामीण विस्थापित किए गए थे। जो आज भीं विस्थापन का दंश झेल रहे है। जिन्हे डीवीसी से आज तक मालिकाना हक नही दिया। जाति प्रमाण पत्र नही बनाने पा रहे है। कृषि या मकान ऋण के अलावा सरकार के कई योजनाओं का लाभ नही मिल रहा है। जिसके कारण स्थानीय होकर भी निर्वासन और विस्थापन की जिंदगी जीने के लिए मजबूर है। लोग पलायन के लिए मजबूर है। जो यह साबित करता है कि रोजगार की असीम संभावनाएं होने के बाबजूद भी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के इच्छाशक्ति के अभाव में यहां के युवा पलायन के लिए मजबूर है।

### युवा समाजसेवी अभियंता मनोहर यादव ने सरकार से उचित कदम उठाने का किया मांग



**जराहिया** निवासी युवा समाजसेवी सह अभियंता मनोहर यादव ने सरकार से इस दिशा में सार्थक कदम उठाते हुए बरही को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का मांग किया है। उनका कहना है कि बरही का प्राकृतिक क्षेत्र, हवाएं, वादियां आदि पर्यटन क्षेत्र के लिए पूरी तरह तैयार है। यहां के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस दिशा में सकारात्मक पहल करनी चाहिए।

### मामले को लेकर विधायक अकेला भी है गंभीर



**संबधित** मामले के संबध में पूछे जाने पर वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला ने भी माना कि इस क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं है। परंतु पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने इस और कोई काम नहीं किया है। इस दिशा में योजनाबद्ध तरीकों से काम करने की आवश्यकता है। इसके लिए वह भी गंभीर है और हर संभव प्रयास करेंगे। फिलहाल वह विस्थापितो की लड़ाई, पानी की समस्या, धोबघट के विकास जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर आवाज उठा रहे है। इसमें सबों का सहयोग आवश्यक है।

### युवा समाजसेवी रंजीत चंद्रवंशी ने किया था प्रयास

**पर्यटन** केंद्र के रूप में विकसीत करने केलिए युवा समाजसेवी रंजीत चंद्रवंशी ने कई प्रयास किए, हालांकि अब तक धरातल पर नहीं आ सका। इनके द्वारा जवाहर घाटी में भगवान बुद्ध की विशाल प्रतिमा बनाने को लेकर कवायद की गई थी। परंतु सार्थक सहयोग के आभाव में उनका यह प्रोजेक्ट फिलहाल ड्रीम बनकर रह गया है।

# बरकट्ठा: उद्यमी कल्याण संस्थान ने महिलाओं को नर्सिंग के लिए दिया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** शिलाडीह पंचायत सचिवालय में उधमी कल्याण संस्थान के सौजन्य से आयोजित 30 दिवसीय नर्सिंग प्रशिक्षण का कार्यक्रम पिछले 1 सप्ताह से आयोजित किया जा रहा है। मौके पर प्रशिक्षक भोला कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन उधमी कल्याण संस्था पटना के द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें लोग प्रशिक्षण लेकर सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षक ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वालों के लिए यह प्रशिक्षण मील का पत्थर साबित होगा। वर्तमान समय में छोटी-छोटी बीमारियां होती रहती है जिसे ठीक करने के लिए प्राथमिक उपचार की आवश्यकता पड़ती है। अतः ऐसे प्रशिक्षण में प्रशिक्षित लोगों की भूमिका अति महत्वपूर्ण हो जाती है। कहा की प्रशिक्षण के बाद आप अपना इलाज और अपने मोहल्ले वासियों का भी प्राथमिक उपचार कर सकेंगे। चुकी प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद प्रमाण पत्र भी मिलेगा इसलिए आप नर्स की बहाली होने पर आवेदन भी कर सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से आग्रह करते हुए कहा कि आप सभी प्रशिक्षणार्थी 30 दिन मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। कार्यक्रम में पिंकी देवी, पूजा देवी, शालू देवी, नीतू कुमारी समेत दर्जनों की संख्या में आसपास की महिलाएं व किशोरियां उपस्थित थी।

## विद्यालय परिसर में मल मूत्र और शराब की टूटी बोतलों से परेशान हैं प्रभारी

# असामाजिक तत्वों का जमता है डेरा शराब पीकर शराबी बसाते हैं बसेरा





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड मुख्यालय से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में असामाजिक तत्वों का जमवाड़ा लगा रहता है। स्थिति ऐसी है कि शराबी और जुआरी विद्यालय के बरामदे में खुलेआम पड़े रहते हैं। हद तो तब हो जाती है जब असामाजिक तत्वों के द्वारा विद्यालय के बरामदे और परिसर में ही मल मूत्र भी त्याग दिए जाते हैं. जिसे शिक्षकों के द्वारा बड़ी ही मुश्किल से साफ करवाया जाता है। उक्त सारी बातें प्रखंड परिसर स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका गुड़िया देवी ने चौपारण संध्या के संवाददाता से विशेष वार्ता में बताई। उन्होंने बताया कि विद्यालय का चहारदीवारी नहीं होने के कारण रात्रि में असामाजिक तत्वों के द्वारा खाली शराब की बोतलें बरामदे पर फेंक दिए जाते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि कभी-कभी तो शराबी विद्यालय के बरामदे में दिन में भी पड़े रहते हैं। जिससे उनलोगो को भय भी बना रहता है। उनके विद्यालय में उनके अलावा एक और शिक्षक है। जो कक्षा 1 से 5 तक 95 विद्यार्थियों को पढ़ाने का काम कर रहे हैं। जिससे विद्यालय के पठन-पाठन कार्य में भी समस्या होती है। परभरी प्रधानाध्यापिका ने वरीय पदाधिकारीयो से अति शीघ्र विद्यालय की चारदीवारी करवाने एवं शिक्षकों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। संबंधित मामले में बीईईओ से जानकारी लेने का प्रयास किया गया परंतु बैठक में व्यस्त रहने के कारण उनसे बात नही हो सकी ।

### यक्ष्मा के मरीजों के बीच निक्षय पोषण आहार किट का वितरण

**कोडरमा।** शनिवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रमन कुमार के द्वारा निक्षय मित्र के रूप में अपना पंजीकरण करते हुए प्रथम चरण में 02 यक्ष्मा के मरीजों के बीच एक माह का निक्षय पोषण आहार किट (दाल, चना, मूंगफली, गुड, सरसो तेल) का वितरण किया गया। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लिए इस अभियान में सरकारी पदाधिकारी, प्रबुद्ध नागरिकों के अलावे सिविल सोसाईटी, सहकारी समिति, निजी कम्पनी, राजनीतिक दल, एनजीओ, औद्योगिक संगठन, कर्मचारी संगठन एवं अन्य लोग जुड़े एवं निक्षय मित्र बनकर टीबी के मरीजों को गोद ले तथा प्रोटीनयुक्त आहार उपलब्ध कराए। उनके द्वारा यक्ष्मा मरीजों को संबोधन करते हुए पौष्टिक आहार खाने, मास्क का उपयोग एवं समय-समय का स्वास्थ्य जॉच कराने की बात कही। मौके पर संजय वर्मा, अखिलेश कुमार, प्रकाश कुमार रवि, दिपेश कुमार, पॉल एक्का, बाबुलाल महतो, प्रतिभा नाराण उपस्थित रहे।

# खटोली एंबुलेंस से प्रसव पीड़ा से परेशान महिला लायी गयी अस्पताल, नहीं हुई डिलीवरी

- 12 घंटा इंतजार के बाद लेंबुआ उपस्वास्थ्य केंद्र से लौट गयी घर
- महिला का दर्द हुआ कम, टाइम लगभग हो चुका है पूरा पर बच्चा होने में लगेगा कुछ समय : एएनएम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गोरहर पंचायत स्थित जवार पहाड़पुर के आदिवासी क्षेत्र कुशन टोले से 20 वर्षीय अनीता देवी गर्भवती महिला को शुक्रवार के सुबह में खटोली से स्वास्थ्य उपकेंद्र लेंबुआ शिलाडीह लाया गया। गर्भवती का इलाज एएनएम मेनका कुमारी ने की जिसके बाद मरीज का दर्द कम हो गया। शुक्रवार के देर शाम तक डिलीवरी नहीं होने के बाद परिजनों ने उसे पुनः खटोली एंबुलेंस से घर ले गए। इस बाबत में एएनएम मेनका कुमारी ने बताया कि शुक्रवार के सुबह में खटोली से टांगकर लाया गया था और दर्द से कराह रही थी। एक इंजेक्शन दिया गया। शाम तक उसका दर्द ठीक हो गया। हम रात में रोकते रहे। लेकिन परिजन उसे घर ले गए। एएनएम के मुताबिक गर्भवती का डिलीवरी का टाइम पूरा हो चुका है। लेकिन चार से छह दिन भी समय ले सकता है।

# खेल मैदान को लेकर दो पक्षों में विवाद, दोनों ने किया दावा, मामल पहुंचा विधायक के पास

- क्रिसमस के बाद सीओ संग विधायक करेंगे स्थल निरीक्षण, तब तक यथास्थिति बनाए रखने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** खोड़ाहर पंचायत के पांच माईल स्थित खेल मैदान को लेकर दो दो पक्षीय विवाद गहराता जा रहा है। जानकारी के अनुसार पांच माईल स्थित खेल मैदान को कुछ लोगों के द्वारा निजी बताकर दावा पेश किया जा रहा है। साथ ही मैदान को जहां तहां खोद दिया गया है। संबधित मामले को लेकर सीओ के द्वारा उक्त स्थल पर किसी भी प्रकार के जोत कोड़ करने से मना किया गया था। परंतु ऐसा नही हुआ और मैदान अतिक्रमण का प्रयास जारी है। इसे लेकर शनिवार को पांच माईल के कुछ लोग एसडीओ को आवेदन देते हुए अंचल कार्यालय सीओ से मिलने पहुंचे थे, जहां सीओ मौजूद नही थे। परंतु मौके पर मौजूद विधायक अकेला यादव को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। विधायक ने उनलोगों की समस्याओं को सुना और 25 दिसंबर के बाद सीओ के साथ स्थल निरीक्षण की बात कही। साथ ही उपस्थित लोगो से यथास्थिति बनाए रखने की अपील किया। मिली जानकारी के अनुसार यह वही मैदान है जहां जनता दरबार के दौरान विधायक, प्रमुख, मुखिया और बीडीओ आदि ने समतलीकरण हेतु कार्यक्रम का शिलान्यास किया था। जिसपर कुछ लोग अपनी जमीन होने के दावा पेश कर रहे है।

# तिलकुट की सौंधी खुशबू से महक उठा शहर और गांव



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** सर्दी के मौसम में जिले के शहरी व ग्रामीण इलाकों के बाजारों में तिलकूट की सोंधी महक लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। मकर सक्रांति को लेकर काफी संख्या में तिलकुट की अस्थाई दुकानें खुल गई हैं, जहां काफी संख्या में कारीगर तिलकुट बनाने के कार्य में लगे हैं। इस बार तिलकुट के दामो में बढ़ोतरी नहीं होने के कारण लोगों को इसकी खरीदारी में राहत मिली है। बाजार में चीनी के तिलकुट का दाम 160 रुपये, गुड़ के 200 रुपये व खोआ के तिलकुट का प्रति केजी 300 रुपये निर्धारित है। कई दुकानदारों द्वारा तिलकुट के निर्माण को लेकर बाहर से कारीगर बुलाए गये है। हर बार की तरह से इस बार भी दिसंबर में शुरू हुए तिलकुट के कारोबार के 14 जनवरी मकर संक्रांति तक चलने की उम्मीद है। इस दिन तिलकुट का खास महत्व रहता है। तिलकुट के कारोबार में पिछले कई सालों से लगे कोडरमा के जयनगर रोड के तिलकुट भंडार के संचालक अमन कुमार ने बताया कि इस बार तिल की कीमत पिछले साल से कम रहने के कारण व्यवसाय में मुनाफे की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि तैयार किये तिलकुट की सप्लाई जिले के सभी प्रखंडों के अलावा दूसरे जिले में भी की जाती है। फिलहाल मकर संक्रांति को लेकर तिलकुट के होने वाले भारी खरीद को लेकर अभी से ही इसकी तैयारी जोरों पर है। वैसे लोग प्रतिदिन भी काफी संख्या में तिलकुट खरीदने के लिये आ रहे है।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, कई हुए घायल

**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र के ग्राम बरियारडीह में 16 दिसम्बर की शाम जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनो पक्षो की ओर से मरकच्चो थाना में 17 दिसबंर को आवेदन दिया गया है। प्रथम पक्ष की ओर से नीरज कुमार उम्र 24 वर्ष पिता जयदेव यादव ने दिए आवेदन में मुकेश यादव,राकेश यादव, राहुल यादव तीनो के पिता बंशी यादव, बंशी यादव पिता स्व एतवारी यादव, देवंती देवी पति बंशी यादव, रूबी देवी पति मुकेश यादव सभी साकिन बरियारडीह पर मारपीट करने, पिताजी जयदेव यादव व माँ मुनियां देवी पर हमला करने का आरोप लगाया है। दूसरे पक्ष की ओर से बंशी यादव पिता स्व एतवारी यादव ने जयदेव यादव पिता स्व एतवारी यादव, नीरज यादव पिता जयदेव यादव, मुनियां देवी पति जयदेव यादव सभी बरियारडीह निवासी पर बेटे नीरज यादव और उसके साथ मारपीट का आरोप लगाया है। आवेदन के आलोक में डोमचांच पुलिस अंचल निरीक्षक श्री राम पासवान, थाना प्रभारी सुमित साव एवं एसआई कुंदन कुमार ने जांच पड़ताल कर मामला को दर्ज कर लिया। वही घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो भेज दिया गया है।

## न्यूज गैलरी

### मासिक लोक अदालत आयोजन में 94700 राजस्व की हुई वसूली



**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के तत्वधान में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त लोक अदालत में कुल 2 बच्चों का गठन किया गया इस दौरान कुल 36 मामले रखे गए जिसमें से 30 मामले का निष्पादन किया गया उक्त निष्पादित मामलों में 27 मामले सुलहनीय अपराधिक वाद एवं तीन मामले बिजली विभाग से संबंधित थे जिस पर जुमार्ने के रूप में 94700 रु की राजस्व वसूला गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मनीष कुमार सिंह ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य है वैसे मामले जो लंबे समय से लंबित है उसे आपसी समझौता के आधार पर दूर कराना और इसी को लेकर मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया था। 2 बेंचो में मुख्य रूप से विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मनीष कुमार सिंह, प्रभात कुमार श्रीवास्तव अधिवक्ता, संजय कुमार महतो अधिवक्ता, दूसरे बेंच में लक्ष्मी कांत प्रसाद स्थाई लोक अदालत सदस्य, चंदन डे स्थाई लोक अदालत सदस्य, कोमल दास अधिवक्ता शामिल रही।

### सरस्वती शिशु मंदिर में आज होगा पूर्व छात्रों का समागम

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में आज पूर्व छात्र समागम का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम एक सुअवसर होगा जब विद्यालय स्थापना काल से विगत वर्ष तक विद्यालय से अध्ययनरत सभी पूर्ववर्ती छात्र विद्यालय में अध्ययनरत वर्तमान छात्रों से मिलेंगे उसके अलावा वे अपने उन साथियों से भी वर्षो बाद मिल पाएंगे जो उनके साथ पढ़ते थे। आज अपराह्न 11:15 बजे कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन होगा। विद्यालय के प्रधान संरक्षक तथा नगर परिषद सिमडेगा के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू के अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा कॉलेज के वाणिज्य संकाय के व्याख्याता देवराज प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अरुण प्रसाद उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप से श्रीहरि वनवासी विकास समिति, रांची के प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाषचंद्र दुबे उपस्थित रहेंगे, साथ ही विद्यालय समिति के सभी पदाधिकारियों का भी आगमन होगा। प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने सभी पूर्ववर्ती छात्रों से ससमय कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

**लोहरदगा।** रविवार को पतंजलि स्वदेशी वितरक इंटरप्राइजेज एवं पतंजलि आरोग्य केंद्र ब्लॉक मोड के द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में अर्थराइटिस, शुगर, ब्लड प्रेशर, अनिद्रा, थकान, कमजोरी, स्त्री रोग, गठिया, बाबासीर, पथरी, एवं अनेकानेक व्याधि का उपचार आयुर्वेद चिकित्सा, अकू प्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा किया जाएगा। आयुष विभाग के चिकित्सक सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक उपस्थित रहेंगे और व्याधि के अनुसार आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा उपचार करेंगे। उक्त जानकारी पतंजलि स्वदेशी वितरक एवं आरोग्य केंद्र ब्लॉक मोड़ लोहरदगा के संजय कुमार मधुर ने दी।

### बोलबा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ किया छापेमारी

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय की विभिन्न बस्तियों में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बोलवा पुलिस ने छापेमारी की। इस मौके पर बोलबा प्रखंड मुख्यालय के बाजार के आसपास, मुंडा टोली, लोहरा टोली, झोयला टोली, पोस्ट मास्टर टोली, मुखिया टोली आदि बस्तियों में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापेमारी की। इस मौके पर भारी मात्रा में महुआ जावा नष्ट किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडे ने बताया की आगामी पर्व त्यौहार को देखते हुए अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने बताया कि शराब बिक्री बन्द नहीं करने वालों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जाएगी इस मौके पर एएसआई टोपनो एवं पुलिस बल मौजूद थे।

### टेलर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा छोटी मस्जिद के समीप देर शाम बाइक सवार दो युवक अज्ञात टेलर के चपेट में आने से घायल हो गये। घायल युवकों को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज हेतु सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंहुचाया गया। जहां चिकित्सको द्वारा दोनो को प्राथमिकी उपचार करने के उपरांत बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा दिया गया। वही घायल की पहचान सेन्हा निवासी रमेश साहू के 22 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार साहू दूसरा व्यक्ति बगडू थाना क्षेत्र के आरया निवासी नन्दलाल साहु का 25 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में किया गया। बताया जाता है कि दोनों युवक अपनी बाइक जे एच 08 एच 3688 पर सवार हो लोहरदगा से सेन्हा की ओर जा रहे थे। उसी दौरान अज्ञात टेलर के चपेट में आने से घायल हो गये जिसे ग्रामीणों ने इलाज के लिए निजी वाहन से अस्पताल भेजा। वही घटना को लेकर 108 एंबुलेंस को भी सूचना दिया गया परंतु कोई पहल नही किया गया। और एंबुलेंस नही होने की बात एंबुलेंस कॉल सेंटर से बताया गया। घटना की सूचना पर स0आ0नि0 आयता खेस दलबल के साथ अस्पताल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए अग्रेतर कारवाई में पुलिस जुट गई है।

---

उपायुक्त ने पशुपालन विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा के बाद कहा

# ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना से आच्छादित करें



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में शनिवार को उपायुक्त कक्ष में जिला पशुपालन विभाग द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने पशुपालन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लोगों को लाभ मुहैया कराने हेतु लाभुकों की सूची की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी को समिति के लोगों से बैठक करने का निर्देश दिया। उन्होंने पदाधिकारी को योग्य लाभुकों का केटेगरी वाइज अनुमोदन हेतु सूची तैयार कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। प्रखंडवार चयनित लाभुकों का पेआईडी एक सप्ताह के अंदर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने पशुपालन, कृषि एवं जेएसएलपीएस विभाग को समन्वय स्थापति करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। इसके आलावे उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिया। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम वह अन्य उपस्थित थे।

### टाना भगतो का सुध लेने प्रशासन पहुंचा गांव, मुलभुत सुविधाओं का लिया जायजा



**उपायुक्त** आर. रॉनीटा के निदेर्शानुसार शनिवार को अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सिमडेगा प्रखंड के तामड़ा महादन टोली में टाना भगत परिवारों के आर्थिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के निमित टाना भगत परिवारों के साथ बैठक की गई। बैठक में आर्थिक एवं सामाजिक विकास हेतु शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्त्व, टाना भगतों के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध सुविधा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अम्बेडकर आवास योजना के साथ एक अतिरिक्त कमरा का निर्माण तथा कल्याण विभाग के माध्यम से कौशल विकास हेतु विभिन्न ट्रेड (कन्स्ट्रसन, सिलाई मशीन ऑपरेटर, नर्सिंग, व विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु मुफ्त कोचिंग, निशुल्क अमीन प्रशिक्षण, जिला शिक्षा विभाग एवं जिला कल्याण विभाग के माध्यम से 01 से 12 वीं तक के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा व्यवस्था, नि:शुल्क भू-लगान, नि:शुल्क विद्युत आपूर्ति आदि की जानकारी दी गई। साथ ही आर्थिक विकास हेतु जिला पशुपालन कार्यालय, जिला कृषि कार्यालय, जिला गव्य विकास कार्यालय, जिला कल्याण कार्यालय एवं जिला भूमि संरक्षण कार्यालय द्वारा संचालित योजना की जानकारी दी गई एवं योजनाओं से लाभन्वित करने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर प्रखंड- सिमडेगा एवं पाकरटांड़ के टाना भगत बहुल ग्रामों में अपने-अपने विभाग से संबंधित कैम्प आयोजन करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, सिमडेगा को प्रखंड के पंचायत- तामड़ा अन्तर्गत ग्राम- महादन टोली में लॉवोल्टेज की समस्या के कारण पूर्व अधिष्ठापित 16 केभीए का ट्रांसफरमर को बदलकर 50 केभीए ट्रांसफरमर का अधिष्ठापन का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा को खराब पड़े चापानल की मरम्मती अविलंब करने एवं उक्त ग्राम में प्राथमिकता के आधार पर नल-जल योजना का क्रियान्वयन पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही सिमडेगा एवं पाकरटांड़ प्रखंड के सभी टाना भगत बहुल गांवों में प्राथमिकता के आधार पर नल से जल योजना का क्रियान्वयन करने व चापानल की मरम्मती कराने का निर्देश दिया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी। जिला नियोजन पदाधिकारी, एवं प्रेझा फाउण्डेशन, सिमडेगा को टाना भगत सदस्यों को रोजगार हेतु आईटीआई मैन्युफैक्चरिंग, आईटीआई कुलिनरी, एएनएम, जीएनएम प्रशिक्षण तथा यूपीएससी, जेपीएससी, बैंक, रेलवे इत्यादि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु इच्छुक छात्रों को मुफ्त कोचिंग, मुफ्त अमीन प्रशिक्षण हेतु प्रोत्साहित करने एवं चिन्हित करने का निर्देश दिया गया तथा पूर्व में दिये गये प्रशिक्षण के तहत छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट के तहत रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला कृषि कार्यालय के कर्मी, अंचल निरीक्षक, गुरुकूल के सदस्य, एवं जिला टाना भगत के लिए मनोनित अध्यक्ष, मंगरू टाना भगत एवं अन्य टाना भगत सदस्य उपस्थित थे।

## अर्जुन मुंडा ने कोलेबिरा में नीलांबर पीतांबर प्रतिमा का किया अनावरण




- एसके बागे कॉलेज में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में हुए शामिल कई योजनाओं का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा में शनिवार को जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा के सांसद अर्जुन मुंडा का एक दिवसीय कार्यक्रम दौरा सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम पारंपरिक नृत्य और गाजे बाजे के साथ स्वागत करते हुए कार्यकर्म स्थल तक लाया गया। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन विभिन्न योजनाओ का शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम किया गया। सर्वप्रथम कोलेबिरा नगर भवन के नजदीक सांसद मद से निर्मित नीलांबर पीताम्बर की प्रतिमा का अनावरण केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के द्वारा किया गया। साथ ही भोक्ता समाज के द्वारा स्वागत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए भोक्ता समाज और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। भोक्ता समाज को आदिवासी का दर्जा दिलाने में उनके प्रयासों का भोक्ता समाज ने धन्यवाद के रूप में स्वागत सह अभिनंदन समारोह आयोजित किया। जिसके पश्चात कोलेबिरा देवी गुड़ी चौक में स्थित नवनिर्मित दुर्गा मंदिर के बगल में सांसद मद से सामुदायिक भवन का शिलान्यास भी किया गया मंदिर समिति के पदाधिकरी जितेंद्र पंडा और जीतन प्रसाद के अलावा मन्दिर समिति के सदस्यों और बजरंग दल के सदस्यों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। वहां उन्होंने अपने संक्षिप्त संबोधन में लोगों को इस प्रकार के स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। तत्पश्चात सुशील कुमार बागे महाविद्यालय में स्वर्ण जयंती समारोह के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए साथ ही साथ पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी स्वर्गीय जस्टिन केरकेट्टा के निवास में जाकर उनके परिजनों से भी मुलाकात किया वहां प्रखंड प्रमुख, प्रखंड उप प्रमुख और कोलेबिरा मुखिया भी उनके परिजनों से मुलाकात किया।

### मालसाड़ा में भारत जोड़ो अभियान के तहत पदयात्रा निकाली गई

**बोलबा।** प्रखंड के मालसाड़ा पंचायत मे शनिवार को कांग्रेस के भारत जोड़ो अभियान के तहत पंचायत स्तरीय पदयात्रा हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की तथा कोलेबिरा विधानसभा के प्रभारी अनूप लकड़ा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर प्रभारी अनूप लकड़ा ने कहा कि जबसे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार केन्द्र मे बनी है तब से महंगाई और बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ी है। आज देश का नौजवान बेरोजगारी के कारण हताहत है आम जनता भी महंगाई के कारण त्रस्त है देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है।देश का सामाजिक समरसता बिगड़ चुका है इन्ही मुद्दो से ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक मुद्दो को लेकर देश मे लोगो को बांटने का काम कर रहा है। इस अवसर पर उपस्थित जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा कि मोदी सरकार देश की संपत्ति को पूंजीपतियो के हाथो बेचने काम कर रही है देश को बचाने के लिए फिर से कांग्रेस का हाथ को मजबूत करना होगा और मोदी सरकार को उखाड़ फेकना होगा। इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर रहना होगा इसके अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष प्रेम कुमार दास, अनतोनी केरकेट्टा, ज्वलंत बेक, जोज मिज, त्योफिल बाखला, रश्मि टेटे, कैरोलिना तिर्की, अरूण धनवार, सीमा सोरेंग सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना को लेकर जिला स्तरीय अनुमोदन और अनुश्रवण समिति की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2022-23 से संबंधित जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इस बैठक में निदेश दिया गया कि विद्यालय/संस्थान नोडल पदाधिकारी स्तर पर इंट्री किये गये आवेदन को स्वीकृत करना सुनिश्चित करें। जो आवेदन जिला नोडल पदाधिकारी के स्तर से इंट्री किये व जा चुके हैं उनका भुगतान सुनिश्चित करें। बैठक में आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी थेलमा अनिता मिंज, शिक्षा विभाग की ओर से अशोक पाण्डेय, जिला अग्रणी बैंक के प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना (पशुपालन) की हुई बैठक




**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना (पशुपालन) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी चिन्हित लाभुकों का स्क्रॉल अकाउंट खुलवा कर एवं पे-आईडी सृजित करा कोषागार पदाधिकारी के पास भेजें ताकि लाभुकों का अंशदान ससमय भुगतान किया जा सके। बैठक में गव्य विकास योजना अंतर्गत जिला को प्राप्त लक्ष्य व उसके निष्पादन को लेकर चर्चा हुई और निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिये गये। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम और जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन उपस्थित थे।

### डीसी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से समसामयिक विषयों पर चर्चा की



**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण शनिवार को जिला विज्ञान केंद्र पहुंचे। उपायुक्त ने वहां यूपीएससी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से समसामयिक विषयों पर चर्चा की। भारत में विदेशी विश्वविद्यालय के आने पर शिक्षा पर सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव पर छात्र-छात्राओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किया गया। उपायुक्त द्वारा विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। साथ ही, अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी। मौके पर स्टेनो लाल बालकिशोर नाथ शाहदेव, जिला विज्ञान केंद्र के केयरटेकर देवेंद्र मंडल और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## लोहरदगा एचडीएफसी बैंक ब्रांच से 57 लाख 50 हजार का गबन, दो पर प्राथमिकी दर्ज

- इंटरनल ऑडिट में हुआ मामले का खुलासा, पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी
- पुलिस ने एक को हिरासत में लिया, दूसरे ने कोर्ट में जाकर किया सरेंडर




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार में अवस्थित एचडीएफसी बैंक से लाखों रुपए गायब होने के बाद बैंक कर्मियों में हड़कंप मच गया है। इस मामले को लेकर सदर थाना में बैंक के दो कैशियर पर नगद पैसे गायब करने के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करवाई गई है। पुलिस मामले में कार्रवाई करते हुए एक कैशियर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है जबकि दूसरा कैशियर लोहरदगा व्यवहार न्यायालय पहुचकर कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। फिलहाल मामले की गहनता से जांच में पुलिस जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार लोहरदगा एचडीएफसी बैंक में 57 लाख 50 हजार रुपये के गायब होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर बैंक के शाखा प्रबंधक श्वेताब रंजन ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। इस मामले में बैंक के दो कैशियर धीरज भारती और कैशियर सुबोजीत डे के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें से एक कैशियर धीरज भारती को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। जबकि दूसरा कैशियर सुबोजीत डे ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। जानकारी के अनुसार इस बात का खुलासा एचडीएफसी बैंक में इंटरनल ऑडिट के दौरान हुई। बताया गया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज के पहले बैंक कर्मी सुबोजीत डे से सोमवार को बैंक में पूछताछ की गई, जिसके बाद वह मंगलवार को बैंक नहीं पहुंचा और बैंक की चाबी को दूसरे व्यक्ति के माध्यम से बैंक भेजकर लोहरदगा से फरार हो गया है। जबकि दूसरा बैंक कर्मी धीरज भारती प्रबंधन के साथ है, पर फिलहाल पुलिस हिरासत में है। बैंक कर्मियों द्वारा 57.50 लाख रुपये का गबन का मामला उजागर होने के बाद बैंक के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। फिलहाल सदर थाना पुलिस एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक के आवेदन पर कांड संख्या 300/22 में भादवि की धारा 406, 409, 420, 467, 468, 469, 471, 120बी के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच के साथ आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस को दिए आवेदन में एचडीएफसी बैंक शाखा प्रबंधक ने स्पष्ट किया है कि 12 दिसंबर 2022 को उनके बैंक की आंतरिक ऑडिट डिपार्टमेंट किया गया। जिसमें पाया गया कि बैंक में जमा राशि में जो बैंक के वॉल्ट में रखे थे, उसमें से कुल 57.50 लाख रुपये गायब हैं। नौ दिसंबर 2022 को बैंक कार्यावधि की समाप्ति के बाद कुल 2.49 करोड़ और 72420 रुपये बैंक के वॉल्ट में जमा होने की बात कंप्यूटर सिस्टम के अनुसार है। जबकि बैंक के पास 1.92 करोड़ 16801 रुपये नकद उपलब्ध हैं। इससे बैंक के वॉल्ट से कुल जमा राशि में 57.50 लाख रुपये गायब हैं।

## सिमडेगा में सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर

- विधायक भूषण बाड़ा सदर अस्पताल पहुंच, घायलों का हालचाल जाना

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा और जिला परिषद सदस्य शुक्रवार की देर रात सदर अस्पताल पहुंच सड़क दुर्घटना में घायल दो युवकों का हालचाल जाना। साथ ही सीएस डॉ नवल कुमार को दोनों घायलों को बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। वहीं दोनों घायलों को बेहर इलाज के लिए रिम्स भेजवाने में भी सहयोग किया। बताया गया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लुकीबहार के समीप शुक्रवार की देर रात हुए सड़क दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान लुकीबहार निवासी नमन खेस एवं आदम खेस के रुप में की गई है। बताया गया कि सिमडेगा से अपने घर लुकीबहार जा रहे थे। इसी दौरान गांव के समीप ही एक ऑटो के साथ उनकी बाईक की टक्कर हो गई। घटना में दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों घायलों को विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

## सिमडेगा में डीपीआर ने होमगार्डो का धरना कराया खत्म




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा कचहरी के समीप बुनियादी प्रशिक्षण की मांग को लेकर नव चयनित होमगार्डो के द्वारा विगत 25 जुलाई से लगातार अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए थे। उनकी मांग थी कि सरकार उन्हें जल्द से जल्द बुनियादी प्रशिक्षण दें। होमगार्ड्स की मांग को सरकार ने सुन लिया है। इसी क्रम में शनिवार को जिला समादेष्टा डीएसपी पतरस बरवा एवं डीपीआरओ मोहम्मद शहजाद परवेज की मौजूदगी में सभी होमगार्डों का धरना खत्म कराते हुए उन्हें इनरोलमेंट कराने लिए मेडिकल जांच सहित अन्य कार्यों के लिए भेजा गया। जानकारी देते हुए डीएसपी ने कहा कि उनकी मांगों को सरकार विचार करते हुए इन्हें अब इनरोलमेंट करा रही है और प्रशिक्षण में भेजने के पश्चात इन्हें जॉब पर बहाल किया जाएगा।

इधर नव चयनित होमगार्ड निराली ने खुशी जताते हुए सरकार प्रधान सचिव सिमडेगा विधायक सहित प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय तक लड़ाई लड़ने के बाद उनकी आज जीत हुई है और वह काफी खुश है और वह सभी लोगों के साथ प्रशिक्षण में जाने के लिए तैयार हैं।

- मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया विजय दिवस

## देशभक्ति का जुनून पैदा करती है सेना की वर्दी : सतीश




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में शुक्रवार को विजय दिवस समारोह आयोजित हुआ। विजय दिवस समारोह पर मुख्य रूप से 2 सीआरपीएफ जवान, एक सब इंस्पेक्टर और चार पूर्व आर्मी जवान सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल सतीश लकड़ा, सब इंस्पेक्टर अजीत भगत, पूर्व आर्मी के जवान महावीर उरांव, पूर्व आर्मी के जवान कृष्णा उरांव, पूर्व आर्मी जवान रमेश उरांव, सीआरपीएफ के जवान प्रदीप भगत, आर्मी हवलदार एतवा भगत को सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विजय दिवस पर शहीदों और भारतीय सेना के सम्मान में महाविद्यालय के भैया बहनों द्वारा देशभक्ति गीत और नाटक सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गयो महाविद्यालय की जंबूद्वीप सदन की बहनों के द्वारा बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। भारतवर्ष के भैया बहनों ने भी देश भक्ति गीत पर लघु नाटक प्रस्तुत किया। भारतवर्ष की बहन पायल वर्मा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। आर्यावर्त की बहनों ने देशभक्ति नृत्य से सबका मन मोह लिया और हिमवर्ष के भैया शाईर अबूशीब रजा की देशभक्ति गीत से सब झूम उठे। मुख्य अतिथि सतीश लकड़ा ने कहा कि फौजी यूनिफॉर्म पहनने से फौजियों में जुनून साहस और देशभक्ति पैदा होती है। उन्होंने कहा कि सभी युवाओं को एक अवसर ऐसा जरूर मिलना चाहिए कि जिसमे उन्हें देश सेवा करने का अवसर मिले। शिक्षाविद सदस्य कृष्णा प्रसाद जी ने बताया कि देश के लिए मर मिटने का जुनून एक अलग चीज होती है। उन्होंने बताया कि कैसे 1971 की लड़ाई में 93000 पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों के सामने घुटने टेक दिए। अध्यक्षीय आशीर्वचन में समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहते हैं। काफी संख्या में अपने क्षेत्र से युवा सैन्य सेवा में जाते हैं और राष्ट्रहित में अपने जीवन का बलिदान देने में कभी पीछे नहीं हटते। इसके पूर्व अतिथियों का परिचय एवं स्वागत इतिहास की आचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता ने कहा कि हम सभी को सैनिकों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन यशोदा कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन चेतना प्रिया ने किया। मौके पर समिति सदस्य शोभा देवी जी, रश्मि साहू, आरती भगत, प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, कविता कुमारी, रिद्धि मिश्रा सहित महाविद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## उदरंगी गांव में शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा : आलोक साहू



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू शनिवार को भंडरा प्रखंड के उदरंगी गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि उदरंगी मुस्लिम टोला में विगत 15 दिन पूर्व 100 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया है जिसके कारण यहां की जनता अंधेरे में रहने को मजबूर है। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रहा है इसलिए जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किये। ग्रामीणों ने बताया कि मशीन खराब होने के कारण विगत 8 माह से उरंदगी गांव में सौर जलापूर्ति योजना बंद है जिसके कारण जनता को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है इसे जल्द बनवाया जाए जैसे अनेक समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि झारखंड में यूपीए सरकार के गठन होने के बाद से सभी क्षेत्रों में विकास तेज गति से हो रहा है। लोगों की समस्याएं सुना जा रहा है तथा उसका त्वरित गति से निदान किया जा रहा है। श्री साहू ने मौके पर से ही विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर शीघ्र यहां 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की बात कहे। कार्यपालक अभियंता ने शीघ्र 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिए। श्री साहू ने कहा कि खराब पड़े जलापूर्ति योजना को भी चालू कराने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से इलियास अंसारी, समीम अंसारी, मुमताज अंसारी, अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### जेएमएम अध्यक्ष ने मरीजों को सौंपा चेक

**मेदिनीनगर।** झामुमो के स्थानीय जिला कार्यालय में जेएमएम के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने मरीजों को चेक सौंपा। मुख्यमंत्री असाध्य रोग उपचार योजना के तहत वैसे मरीज जो अपना उपचार करने में सक्षम नहीं हैं उन्हें इस योजना से मदद दी जाती है। झामुमो के जिलाध्यक्ष के प्रयास से मरीज रीमा देवी, सुजीत पासवान, ललिता शर्मा और अजय राम को पच्चीस - पच्चीस हजार का चेक सौंपा गया। वही,वरिष्ठ नेता देवेंद्र तिवारी ने उन्हें साल ओढ़ा कर सम्मान किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष ने कहा की मरीजों की समस्या को मैंने मुख्यमंत्री तक पहुंचाया और उन्हें इनकी समस्याओं का निवारण किया। उन्होंने कहा कि झामुमो का कार्यालय गरीब, दलित, अल्पसंख्यकों के लिए हमेशा खुला है। सबों की हर तरह की समस्या का निवारण झामुमो के नेता व कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार किया जाता है। झामुमो के नेता देवेंद्र तिवारी ने कहा हम सबों ने सिर्फ गरीबों मसीहा के बारे में सुना था। आज हेमंत सोरेन के रूप में देख भी लिया। मौके पर उपस्थित मरीज रीमा देवी ने बताया कि हमने झामुमो जिलाध्यक्ष को अपनी परेशानियों से अवगत कराया था। उनके प्रयास से जो हमें आर्थिक मदद मिली है उसके लिए अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को ढ़ेरों धन्यवाद। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, झामुमो नेता सन्नी शुक्ला, आशुतोष विनायक, देवानंद भारद्वाज, गोल्डी पांडेय उपस्थित थे।

### बाइक दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** पंडवा मुख्य पथ पर पंडवा थाना क्षेत्र के कजरी मध्य विद्यालय के समीप शनिवार की दोपहर बाइक और हाइवा में टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार दो युवक जख्मी हो गए। दोनों को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। जख्मी युवकों में छतरपुर थाना क्षेत्र के खजुरी नौडीहा के सुधीर कुमार (18वर्ष) एवं भोला कुमार (18वर्ष) शामिल है। सुधीर के सिर और पैर में चोट आई है। जबकि भोला का दाहिना पैर टूट गया है। घटना के समय सड़क से गुजर रहे पलामू के पूर्व सिविल सर्जन जॉन एफ कनेडी ने घायल दोनों युवकों को एम्बुलेंस से एमआरएमसीएच भेजवाया। इधर, एमआरएमसीएच में घायल सुधीर कुमार और भोला कुमार ने बताया कि हमलोग छतरपुर से डालटनगंज आ रहे थे। इसी क्रम में डालटनगंज की तरफ आ रहे हाइवा ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए।

### शिक्षकों के लिए गुणवतापूर्ण शिक्षा होनी चाहिए पहली प्राथमिकता : प्रशांत

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर बीडीओ ने लालगढ़ मध्य विद्यालय का किया निरीक्षण। बच्चो को दिया कई टिप्स विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने शनिवार को लालगढ़ मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों और बच्चों के उपस्थिति पंजी व मध्यान भोजन का जांच किया। जांच के क्रम में सब कुछ संतोषजनक पाया गया। उन्होंने शिक्षकों को कई दिशा निर्देश भी दिया। इसके अलावा बीडीओ श्री हेंब्रम ने बच्चो से बात की। बच्चो को कई टिप्स भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रखंड में शिक्षा के स्तर में सुधार लाने हेतु विद्यालयों का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि सरकारी स्कूलों में अध्यनरत बच्चो को भी संस्कार व अनुशासन पूर्ण शिक्षा मिले। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि शिक्षकों के लिए गुणवतापूर्ण शिक्षा देना ही पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। मौके पर स्कूल के कई शिक्षक व छात्र छात्रा मौजूद थे।

### नियोजन नीति रद्द होने से युवाओं में निराशा : आजसू

**मेदिनीनगर।** आजसू के पलामू जिला इकाई ने सरकार के नियोजन नीति को हाई कोर्ट द्वारा रद्द करने के बाद सरकार को दोषी बताया। उन्होंने कहा की हेमंत सरकार झारखण्ड के युवाओ एवं छात्रों के साथ शुरू से ही छल करती आई है। झूठ पर टीकी यह सरकार राज्य के छात्रों एवं युवाओ को झूठा लॉलीपॉप पकड़ाकर सत्ता में रहना चाहती है। नियुक्ति नियामावली रद्द होने से घर से दूर रहकर अपने भविष्य की तैयारी कर रहे छात्रों पर नकारात्मकता फैली है। छात्रो में हताशा और निराशा का माहौल बन गया है। लम्बे समय से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अब समझ नहीं आ रहा की आखिर उन्हें तैयारी जारी रखनी है या नहीं। सरकार ने नियुक्ति के नाम पर सत्ता हासिल करली लेकिन अभी तक नियुक्ति के नाम पर सिर्फ लॉलीपॉप ही देती आयी है। पिछली सरकार द्वारा बनाये गये नियोजन नीति में उन्होंने कई राज्यों के नीति को पढ़ने के बाद बनायी थी। मगर सरकार ने खुद को सर्वेसर्वा समझ कर ऐसी निति बनाई जो की हाई कोर्ट द्वारा रद्द कर दी गयी। वर्तमान सरकार के मंत्री कितने पढ़े लिखे है वो तो जनता के सामने है, जिसे नाकारा नहीं जा सकता। अगर सरकार में पढ़े लिखे हुए लोग काबिल होते तो शायद सही नियोजन नीति बन पता। जिला प्रवक्ता अभिषेक राज द्वारा राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा गया की ये सरकार निकम्मी सरकार है। जिसने सरकार में आने के लिए युवाओ के साथ छल करके झूठ का लॉलीपॉप पकड़ाकर बेवकूफ बनाने का काम किया।

### महिला ने ससुराल वालों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**मेदिनीनगर।** दो बच्चों की मां को उसके ससुराल वाले दहेज को लेकर लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना बढ़ने पर महिला पिछले एक माह से अपने मायके में शरण लिए हुए है। मामला पलामू जिले के छतरपुर से जुड़ा हुआ है। विजय राम की पत्नी पूजा कुमारी अपने पति के अलावा ससुराल के अजय राम, उसकी पत्नी रेखा देवी, पुत्री कृतिका कुमारी, प्रियंका, रानू, पुत्र अभय कुमार, सुमा कुंवर, आदित्य राम पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। । इस सिलसिले में पूजा ने जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है ।पूजा का आरोप है कि उपरोक्त सभी लोग उसके साथ मारपीट करते हैं और दहेज में 50 हजार रूपए लाने का दबाव डालते हैं। पूजा ने बताया कि कुछ दिन पहले विरोध करने पर ससुराल बालों के द्वारा आग लगाकर हत्या करने की कोशिश की गई थी। गत 28 नवंबर को छतरपुर महिला थाना में आवेदन दिया गया था, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। वर्ष 2021 में मारपीट मामले में छतरपुर थाना में समझौता एवं बांड भराया गया था।

### सड़कें ही विकास का असली पैमाना होती है

मेदिनीनगर। विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में दर्जन भर पीसीसी पथ का किया गया। उद्घाटन विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में शनिवार को दर्जन भर पीसीसी पथों का उद्घाटन किया गया। सभी पथ विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में बनवाया गया है। सभी नव निर्मित पथों का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज, सांसद प्रतिनिधि अनुज पाण्डेय व विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण तथा नारियल फोड़ कर किया।

# लोक अदालत में 27 मामले का निस्तारण एक लाख 26 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे की अध्यक्षता में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें सुलह समझौते के आधार पर 27 मामले का निस्तारण किया गया। एक लाख 26 हजार रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले नव पीठों का गठन किया गया था। प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद का निपटारा कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा व अधिवक्ता बीना मिश्रा कर रहे थे। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। दूसरे पीठ में मामले का निस्तारण डीजे व अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने किया । इस पीठ में 14 बिधुत विभाग के मामले का निस्तारण किया गया । पीठ संख्या तीन में अपराधिक मामले का निस्तारण मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी निरुपम कुमार व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने किया। इस पीठ में 12 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या चार में सिविल केस के मामले का निस्तारण सिविल जज सीनियर डिविजन आनंदा सिंह व अधिवक्ता हुसैन बारिश कर रहे थे। इस पीठ में सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट के एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। पीठ संख्या पांच में सिविल जज जूनियर डिविजन के मामले का निस्तारण सतीश कुमार मुंडा सिविल जज जूनियर डिविजन व अधिवक्ता शशि भूषण कर रहे थे। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। पीठ संख्या छह में जे जे बोर्ड के मामले का निस्तारण अमित बंसल जे एम प्रथम श्रेणी व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे कर रहे थे। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। पीठ सात रेलवे कोर्ट के मामले का निस्तारण प्रभारी रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी प्रतीक राज व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा कर रहे थे। इस पीठ में भी एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। पीठ आठ में मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष कमल नारायण पाण्डेय व सदस्य अशोक प्रसाद ने किया। इस पीठ में बी एस एन एल के एक मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या नव में एग्जीक्यूटिव व रेवेन्यू से सम्बंधित मामले का निस्तारण कार्यपालक दंडाधिकारी विक्रम आनन्द व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह ने किया। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। वहीं एक हेल्प डेस्क बनाया गया था जहाँ लोगो जानकारी अधिवक्ता सतीश कुमार व पी एल भी मुनेश्वर राम उपलब्ध करा रहे थे।

## 50 बेड का है शहर में आश्रय गृह फिर भी फुटपाथ पर रात गुजारते हैं लोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के सरकारी बस डिपो के पास 50 बेड का आश्रय गृह बना है। फिर भी लोग जानकारी के अभाव में फुटपाथ पर रात गुजारने को विवश हैं। ठंड में रात गुजारने के लिए किसी को परेशानी नहीं हो इसके लिए आश्रय गृह का निर्माण कराया गया है। तथा इसका देखरेख नगर निगम के जिम्मे है। 50 बेड का आश्रय गृह में 35 पुरुष व 15 महिला का बेड लगाया गया है। विदित हो कि आश्रय गृह में वैसे लोग रात गुजार सकते हैं जिन्हें रहने के लिए कोई घर नहीं है या फुटपाथ पर सोते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव गुरुवार की रात 10 बजे अचानक आश्रय गृह पहुँचे वहां रात गुजार रहे लोगो से बात की। साथ ही पूरे परिसर का भरमन किया। व्यवस्था संतोष जनक पाया। उन्होंने बताया कि प्रचार प्रसार के अभाव में लोग आश्रय गृह का लाभ नही ले पा रहे है। 50 क्षमता वाले इस आश्रय गृह में मात्र आठ लोग ही थे। उन्होंने कहा कि आश्रय गृह का निर्माण फुटपाथ पर रात गुजारने वालो के लिए कराया गया हैं। जिसका औचक निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने रेलवे स्टेशन, बस पड़ाव ,बस डिपो का भी निरीक्षण किया। व जरूरत मंद लोगो को कम्बल उपलब्ध कराया। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मी संजीव सिंह ,वैभव भास्कर शामिल थे।

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को फांसी की सजा मिले: झाक्रांमं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने पाटन थाना के खामही के दलित नाबालिग लड़की के साथ 11 दिसंबर को बर्बरतम तरीके से सामुहिक दुष्कर्म करनेवाले के लिए फांसी की मांग किया है। उन्होंने संजय महतो, बसंत महतो, अमित महतो व अकबर महफूज के खिलाफ सामुहिक दुष्कर्म के अलावा पोक्सो एक्ट व एससी/ एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन करते हुए शीघ्र फांसी की सजा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से पहल की मांग की है। उन्होंने कहा है कि अकेली नाबालिग दलित बच्ची को शौच के लिए घर से निकलने पर जालिम दरिंदों द्वारा गाड़ी से अपहरण के पश्चात बर्बरतम तरीके से सामुहिक दुष्कर्म की घटना से मानवता शर्मशार हो गई है। इस घटना से दलित समाज के अन्दर काफी आक्रोश व्याप्त हो गया है। इस संदर्भ में शीघ्र ही आरक्षी अधीक्षक ,पलामू, उपायुक्त व आयुक्त व आरक्षी उपमहानिरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अपेक्षित कार्रवाई की मांग की जायेगी।

## बेतुकी नीतियों के कारण छात्रों का भविष्य अंधकारमय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** युवा जागृति केंद्र ने झारखंड सरकार की दोषपूर्ण नियोजन नीति के कारण एक बार फिर से छात्रों का भविष्य अंधकारमय प्रतीत हो रहा है। प्रदेश के युवा पक्षपातपूर्ण राजनीतिक मंशा से बनाई गई नीति के कारण बेरोजगारी झेलने को विवश हैं। हजारों नियुक्तियां रद्द होने की स्थिति में हैं, यह झारखंड सरकार की बेतुकी और लापरवाह नीतियों एवं कार्यशैली को दर्शाता है। झारखंड सरकार के द्वारा प्रतियोगिता परीक्षाओं के द्वितीय पत्र से हिंदी को हटा दिया जाना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। युवा जागृति केंद्र ने भी इस हेतु हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी तथा हजारों की संख्या में छात्र एवं युवा मेदिनीनगर की सड़कों पर उतरे थे। हमें इस संदर्भ में भी माननीय उच्च न्यायालय से न्याय की उम्मीद है। जहां सरकार एक ओर रोजगार देने के दावे कर रही थी, वहीं इसकी दोषपूर्ण नियोजन नीति के कारण हजारों नियुक्तियों की प्रक्रिया रद्द हो गई है। छात्रों एवं युवाओं के बीच निराशापूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई है और इसकी जिम्मेदार केवल झारखंड की वर्तमान सरकार है। वर्तमान अंधकारमय परिस्थिति को देखते हुए युवा जागृति केंद्र और इसकी छात्र इकाई वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होगा। हम झारखंड सरकार से प्रतियोगिता परीक्षाओं की भाषा सूची में हिंदी को पुनः सम्मिलित करने की मांग करते हैं। छात्रों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ उचित नहीं है तथा इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। आवश्यकता पड़ी तो युवा जागृति केंद्र फिर सशक्त आंदोलन के साथ सड़कों पर उतरेगा।

## कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पहुंचा उंटारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा पलामू जिले के उंटारी प्रखंड में शनिवार को निकाला गया। जिसकी शुरूआत मुरमा कला पंचायत के पांडे पूरा सेमरी बांधपर, छोटा सेमरी, मलवरिया, मुरमा खुर्द पंचायत तक किया गया। पदयात्रा का नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने किया। पदयात्रा का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह ने किया। कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में देश की खुशहाली के लिए भारत जोड़ो यात्रा किया जा रहा है। मोदी सरकार की महंगाई बेरोजगारी और नफरत वाली नीति से देश के हित नहीं है और ना इसे किसी देश वासियों का भला होने वाला है। जबकि भारत जोड़ो यात्रा देश हित में है और इसके यात्रियों में देशभक्ति का जज्बा तथा देशवासियों की समस्याओं का निदान है। यात्रा में कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष संतोष चौबे ,ईश्वरी प्रसाद सिंह, चिंतामणि तिवारी ,रविंद्र चौबे ,सत्येंद्र नारायण तिवारी ,महेंद्र दुबे ,विनोद दीक्षित , उपस्थित थे।

## पलामू के अभ्यर्थियों को लगा झटका, सभी नियुक्तियों में लगा ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के लाखों अभ्यर्थियों को शुक्रवार को झटका लगा है। प्रतियोगिता परीक्षा के इंतजार में बैठे अभ्यर्थियों को गहरा सदमा लग गया है। हाई कोर्ट के द्वारा सरकार के द्वारा बनाई गई नियोजन नीति के नियमावली को असंवैधानिक बताया गया और रद्द कर दिया गया है। जेएसएससी द्वारा रद्द हुई नियमावली के तहत लगभग 15 नियुक्तियों की प्रक्रिया चल रही थी। दो के लिए परीक्षा आयोजित हो गयी थी, जबकि 13 की प्रक्रिया चल रही थी। कुछ परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी गयी थी। वही, झारखंड साइंटिफिक असिस्टेंट प्रतियोगिता परीक्षा 2021 के तहत एफएसएल में 63 पदों पर वैज्ञानिक सहायकों की नियुक्ति की गयी है। अन्य 13 नियुक्ति प्रक्रियाओं के तहत 11,018 पदों पर चयन की प्रक्रिया विभिन्न स्तरों पर जारी है। हाइकोर्ट के आदेश से ये सभी नियुक्तियां व नियुक्ति प्रक्रिया अब रद्द हो गयी है। हाल ही में रिम्स में भी नर्सों व परिचारिका की नियुक्ति हुई है, लेकिन ये नियुक्तियां इस नियमावली के तहत नहीं हुई थीं। इसलिए इन पर इस आदेश का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। आयोग के द्वारा बीती शाम को ही सभी परीक्षा को रद्द करने की सूचना दे दी गई है।

**रद्द कि गई नियुक्तियां :** आयोग के द्वारा झारखंड साइंटिफिक असिस्टेंट प्रतियोगिता परीक्षा-2021, झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2021, झारखंड डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2021 ,झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2022, झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग प्रतियोगिता परीक्षा-2022 तकनीकी/ विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2022 , झारखंड इंटरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2022, झारखंड सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग प्रतियोगिता परीक्षा- 2022 झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा-2022 झारखंड स्नातकोत्तर प्रशक्षिति शिक्षक (पीजीटी) प्रतियोगिता परीक्षा- 2022 झारखंड मैट्रिक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2022 झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा-2022 रिम्स अंतर्गत तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति हेतु परीक्षा-2022 झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2022 को रद्द किया गया।

**आयोग ने वापस लिया परीक्षा कैलेंडर :** जेएसएससी ने परीक्षा आयोजन को लेकर जारी कैलेंडर वापस ले लिया है। आयोग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि आयोग द्वारा परीक्षा कैलेंडर के माध्यम से आगामी विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की संभावित तिथियों की घोषणा की गयी थी। उक्त परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से विलोपित किया जाता है।

## एनपीयू के कुलपति ने की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एनपीयू के कुलपति की अध्यक्षता में एनपीयू के अंतर्गत सभी संकायाध्यक्षों, स्नातकोत्तर विभागों के सभी विभागाध्यक्षों एवं अंगीभूत तथा संबद्ध महाविद्यालयों के सभी प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य के साथ शनिवार को महिला कॉलेज के सरस्वती देवी कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमे कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया । बैठक में स्नातक स्तर पर सत्र 2022-26 से लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रगति की समीक्षा की गई। सभी महाविद्यालयों में एनईपी के तहत आनलाईन नामांकन लिये गये हैं एवं कक्षाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। एनईपी के तहत स्नातक सत्र 2022-26 के नवीन पाठ्यक्रम तैयार किये जाने की प्रगति की समीक्षा के क्रम में निर्देश दिये गये कि जनवरी के पहले सप्ताह तक नया पाठ्यक्रम उपलब्ध करा दिया जायेगा। अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के नैक मूल्यांकन हेतु किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। सभी महाविद्यालयों ने प्रतिवेदित किया कि नैक मूल्यांकन का कार्य किया जा रहा है। कुलपति ने निर्देश दिया कि नैक मूल्यांकन का कार्य यथाशीघ्र करा लिया जाय। बैठक में डा.अम्बालिका प्रसाद, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा0 राकेश कुमार, कुलसचिव, रजि खान, सहायक कुलसचिव, डा0 ए0 के0 पांडे, संकायध्यक्ष विज्ञान, डॉ विनोद कुमार पाठक, संकायध्यक्ष मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, डा0 आई0जे0 खलखो, प्राचार्य, जी0एल0ए0 कॉलेज, डा0 आर0पी0 सिंह, प्राचार्य, जे0एस0 कॉलेज, डा0 मोहिनी गुप्ता, प्रभारी प्राचार्या, वाई0एस0एन0एम0 कॉलेज, डा0 डी0सी0 अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य, एस0एस0जे0एस0एन0 कॉलेज, डा0 विमल कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य, मनिका डिग्री कॉलेज के साथ ही सभी स्नाकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्ष/प्रभारी तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य भी उपस्थित थे।

## भाकपा की बैठक में संगठन की मजबूती विचार : विमर्श

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के हुसैनाबाद अंचल कमिटी की बैठक कामरेड भोला सिंह की अध्यक्षा में हुई। बैठक में संगठन के मजबूत बनाने व क्षेत्र की जन समस्यायों पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज की पूंजीवादी पार्टी के पैसे का खेल कर रही है। भाजपा की मोदी सरकार के राज्य में आम जनता से बड़े पैमाने पर जीएसटी एवं कई तरह के टैक्स वसूल कर परेशान किया जा रहा है।और बड़े कारपोरेट घरानों का कर्ज माफ किया जा रहा है। वहीं सरकारी कंपनियों को प्राइवेट के हाथों बेचा जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत होकर लड़ना पड़ेगा।भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि हुसैनाबाद अंचल का जपला सिमेंट फैक्ट्री तो भाजपा के कार्यकाल में बिक गया है। इस सैकड़ों एकड़ के जमीन में नया उद्योग ( फैक्ट्री) लगाने की जरूरत है, ताकि इस इलाके के हजारों बेरोजगार लोगों को रोजगार मिल सके। परंतु इस पर सरकार और जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है। कामरेड भोला सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में दाखील खारीज रसीद एवं आनलाइन में लूट मचा हुआ है। प्रज्ञा केंद्र एवं ग्राहक सेवा केंद्र में नाजायज तरीके से पैसा का उगाही हो रहा है। घूसखोरी चरम पर है, जिसके लिए पार्टी अंचल कार्यालय पर जनवरी माह में विरोध प्रदर्शन करेगी। बैठक को नगर सचिव सुरेश ठाकुर,अभय कुमार भुइयां आदि ने संबोधित किया। बैठक में अंचल सचिव गणेश सिंह ने कहा कि 26 दिसंबर को उपायुक्त पलामू के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। इस बैठक में सरयू सिंह, धर्मदेव राम, चितरगुन, अर्जुन प्रजापति,असलम खान, बलिराम सिंह,बीफन राम, सीता राम, सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक में देवरी शाखा का गठन किया गया।

## पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**पाटन।** किशुनपुर काली मंदिर प्रांगण में पांच पंचायत के जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे द्वारा की गयी। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची पूर्व मंत्री सुधा चौधरी उपस्थित हुई। जिसमें संगठन की मजबूती एवं आगामी चुनाव में पूर्व मंत्री सुधा चौधरी को विजय दिलाने के लिए परिचर्चा की गयी। मौके पर लोगों ने कहा कि किशनपुर को प्रखंड बनाने के लिए जो काम पूर्व मंत्री ने अपने कार्यकाल में किया था, उसको आगे बढ़ाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं एकजुट हों। उक्त बैठक में अवध किशोर सिंह, जनेश्वर पांडे, लव कांत उपाध्याय, मोतीलाल साव, बबलू पांडे, नवल तिवारी, निराला ठाकुर, इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## शिशु मंदिर का 32 वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय शिशु शिक्षा मन्दिर विद्यालय में शनिवार को 32 वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पार्षद अंजू देवी,विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांग्रेस महासचिव सत्यनारायण सिंह, प्रदेश भाजपा नेता कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा, थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर भाजपा नेता कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने 32 वर्षो से सफलतापूर्वक विद्यालय के संचालन के लिए विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का कामना की। प्रदेश कांग्रेस नेता सत्यनारायण सिंह ने कहा कि बच्चों के लिए स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता रहना चाहिए,जिससे बच्चो की प्रतिभा बढ़े। विद्यालय परिवार के द्वारा इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करने से बच्चों का आत्मबल बढ़ता है। शुभारंभ कार्यक्रम का संचालन विवेक विशाल बंटी ने किया। उसके बाद पूरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सबा परवीन ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक रामबचन प्रसाद और प्राचार्य गोकुल प्रसाद गुप्ता ने किया। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उसके बाद गीत, संगीत, नाट्य, हास्य की कला से उपस्थित लोगों के मन को मोह लिया। कार्यक्रम समापन के बाद निर्णायक मंडल के सदस्य मानिकचंद्र शर्मा, आनन्द सिंह, जवाहर पासवान ,परशुराम सिंह के द्वारा लिए गए निर्णय के आधार पर कार्यक्रम में भाग लेनेवाले प्रतिभागियों के बीच मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के द्वारा कार्यक्रम के सभी भाग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले प्रतिभागी छात्र छात्राओं के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। मौके पर सच्चिदानंद पाठक, मनोज सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, श्रीनिवास सिंह, नित्यानन्द पाठक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बच्चों को ट्रैफिक नियम की दी गयी जानकारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जरा सी लापरवाही हमें असमय काल के मुंह में धकेल देती है । थोड़ी सी असावधानी, नशे में गाड़ी चलाना, बिना लाइसेंस के सड़क पर कम उम्र के बच्चों का निकलना, बिना हैलमेट के गाड़ी चलाना, ओवरटेक करना ये सब ऐसे कारण हैं जिनकी वजह से आए दिन सड़क हादसे बढ़ते जा रहे हैं और इससे हमारा पलामू जिला भी अछूता नहीं है। सड़क हादसे में लोग असमय ही दुनिया से चले जाते हैं परिवार को अपार कष्ट देकर। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार लोगों को जागरूक करने का काम कर रहा है, विभिन्न स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाकर। इसी क्रम में आज संत मरियम स्कूल में सैकड़ों बच्चों के बीच 'सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान' चलाया गया। जिसमें बच्चों को सड़क सुरक्षा की पूरी जानकारी दी गई। वर्तमान ट्रैफिक इंस्पेक्टर रामजीत सिंह, भूतपूर्व ट्रैफिक इंस्पेक्टर और टीओपी 2 के प्रभारी रूद्रानंद सरस , स्कूल के डायरेक्टर अविनाश देव, 'वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट' की सचिव शर्मिला शुमि, अमित श्रीवास्तव, और लक्ष्य श्रेष्ठ ने सड़क सुरक्षा के टिप्स दिये और बच्चों को उम्र से पहले गाड़ी लेकर सड़क पर न निकलने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन एस. बी. शाह ने किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य संध्या अग्रवाल, राखी सोनी, कंचन गुप्ता और रिनू शर्मा मुख्य तौर पर उपस्थित थे।

## पांकी प्रमुख ने डंडार कला में पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने डंडारकला पंचायत में हिमाचल प्रसाद के घर से उदित मोची के घर तक पीसीसी रोड का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि ये सड़क डंडारकला को महाविद्यालय एवं मुख्य सड़क से जोड़ती है। यह सड़क काफी जर्जर हो चुकी थी। जिसे पंचायत प्रतिनिधि श्यामनन्दन ओझा द्वारा बार- बार इस रोड को बनाने की मांग की जा रही थी । जो पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि रोड बार बार नहीं बनती है, इसलिए ग्रामीणों की देख -रेख में रोड इस रोड का निर्माण होगा। मौके पर उपप्रमुख अमीत सिंह, डंडार पंचायत के मुखिया प्रदुमन सिंह, पंचायत समिति सदस्य श्यामनन्दन ओझा, शकील अंसारी, पप्पू यादव, मुन्ना सिन्हा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# आभासी मुद्रा का वास्तविक बुलबुला

चूंकि भारत में क्रिप्टो कई रूपों में उभर रहा है, इसलिए निवेशकों को 'काइन' और 'टोकन' के माध्यम से अपनी ओर खींचने के उद्देश्य से क्रिप्टो करंसी को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर चाल चली जाती है। हालांकि, जैसे-जैसे लोग क्रिप्टो करंसी के बारे में जानने लगते हैं, वे समझ जाते हैं कि यह कितनी खतरनाक मुद्रा है। सत्रहवीं शताब्दी की शुरूआत में, 'ट्यूलिप मेनिया' यानी ट्यूलिप को लेकर उन्माद पूरे यूरोप में फैल गया था। इसे इतिहास में बड़े पैमाने पर पहले आर्थिक बुलबुले के रूप में वर्णित किया जाता है। 1590 के दशक में, कैरोलस क्लूसियस नामक व्यक्ति ने लीडेन विश्वविद्यालय के अपने निजी बगीचे में ट्यूलिप के पौधे उगाने शुरू किये ऐ, जिसे नीदरलैंड में ट्यूलिप की खेती का जनक माना जाता है। उन्होंने अपने बुढ़ापे के समय को रहस्यमयी ट्यूलिप घटना (जिसे 'ट्यूलिप ब्रेकिंग' के रूप में जाना जाता है) का अध्ययन करने में लगाया। यह एक अजीब घटना है, जिसमें ट्यूलिप की पंखुड़ियां बहुरंगी प्रतिरूप में बदल जाती हैं। इसी अजीब घटना ने 'ट्यूलिप उन्माद' को जन्म दिया। दरअसल, हुआ यों कि अचानक ट्यूलिप के फूल घर में रखना एक सामाजिक रुतबे के रूप में देखा जाने लगा था। इसी पागलपन के अपने चरम पर पहुंचने को महंगाई के लिए भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। एक समय में इसे लेकर लेकर लोगों में पागलपन इस कदर बढ़ गया था कि एक साधारण ट्यूलिप भी पचास हजार से लेकर डेढ़ लाख अमेरिकी डालर में बेचा जा सकता था। ठीक उसी तरह जैसे आजकल बिटकाइन की कीमतें तय होती हैं। हालांकि, कई वर्षों बाद यह पता चला कि ट्यूलिप उन्माद को जन्म देने वाली अजीब घटना और कुछ नहीं, बल्कि एक विषाणु का नतीजा थी, जिसने ट्यूलिप को संक्रमित किया था। इसे दुनिया भर में फैले मौजूदा 'क्रिप्टो करंसी मेनिया' या क्रिप्टो उन्माद से प्रत्यक्ष तुलना करके देखा जा सकता है। 2009 में सातोशी नाकामोटो द्वारा रहस्यमयी बिटकाइन शुरू करने के बाद से अब तक, क्रिप्टो करेंसी न केवल काफी लोकप्रिय हुई है, बल्कि इसमें लोगों की दिलचस्पी भी काफी बढ़ी है। प्रौद्योगिकी के इस दौर में, क्रिप्टो करेंसी को बड़े पैमाने पर एक 'रेगुलेटेड एंटी एस्टैब्लिशमेंट करेंसी यानी संचालित व्यवस्था-विरोधी मुद्रा के रूप में देखा जाता है, जो लोगों को ताकतवर महसूस कराती है। क्रिप्टो के समर्थक इस बात की प्रशंसा करते हैं कि मुद्रा का यह रूप अस्थिरता, महंगाई, ब्याज दरों और व्यवस्था से खर्च करने की शक्ति जुटा कर लोगों को वह ताकत देता है, ताकि वे 'ब्लाकचेन' के माध्यम से कथित मुद्रा का 'माइन' यानी उत्खनन कर सकें। हालांकि, यह क्रिप्टो की सच्चाई और वास्तविकता से दूर नहीं हो सकता है। बिटकाइन में एक सीमित संख्या में 'काइन' (सिक्के) होते हैं, जिनका उत्खनन किया जा सकता है और जैसे-जैसे अधिक 'काइन' उत्खनित किये जायेंगे, उत्खनन करना उतना ही अधिक मुश्किल होगा और इसमें गंभीर पर्यावरणीय जटिलताएं भी पैदा होती जायेंगी। कैंब्रिज सेंटर फार अल्टरनेटिव फाइनेंस (सीसीएएफ) द्वारा किये गये एक अध्ययन के अनुसार, 2021 में बिटकाइन अपने चरम पर प्रति वर्ष लगभग 110 टेरावाट घंटे की खपत कर रहा था, जो वैश्विक बिजली उत्पादन का 0.55 फीसद है, जो मलेशिया जैसे देश की सालाना खपत ऊर्जा के बराबर है। आज दुनिया जिस ऊर्जा संकट का सामना कर रही है, उसे देखते हुए बिजली की बबार्दी करना मूर्खता है। फिर भी, इससे क्रिप्टो की कमियां उजागर नहीं होतीं। जब 2009 में यह शुरू हुई, उसके बाद से, क्रिप्टो करंसी का प्राथमिक उपयोग 'डार्क वेब', 'डीप वेब', आदि पर वस्तुओं और सेवाओं को खरीदने के लिए, धनशोधन, मादक पदार्थ, रिश्वत आदि के लिए उपयोग की जाने वाली मुद्रा के रूप में किया गया है। बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ, क्रिप्टो बुलबुले का जन्म हुआ। जिसे ट्यूलिप मोड़ के रूप में देखा जाता है। 2016 के बाद, नई क्रिप्टो करंसी ने क्रिप्टो प्लेटफार्म और 'नान-फंजिबल टोकन' के रूप में अपनी जगह बना ली है। चूंकि भारत में क्रिप्टो कई रूपों में उभर रहा है, इसलिए निवेशकों को 'काइन' और 'टोकन' के माध्यम से अपनी ओर खींचने के उद्देश्य से क्रिप्टो करंसी को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर चाल चली जाती है। हालांकि, जैसे-जैसे लोग क्रिप्टो करंसी के बारे में जानने लगते हैं, वे समझ जाते हैं कि यह कितनी खतरनाक मुद्रा है। पिछले एक साल में, क्रिप्टो बाजार 2021 में अपने तीन खरब डालर के शिखर पर पहुंचने के बाद, अब दो खरब डालर से भी अधिक का बाजार क्षेत्र गंवा चुका है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 'डिजिटल रुपया' के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर, यह कहना प्रासंगिक होगा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत उन पहले देशों में से एक है, जिसने 'ब्लाकचेन' तकनीक का उपयोग करके डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए सीबीडीसी जारी करके नवाचार, मानव साहस और प्रयास को बढ़ावा देने के बीच संतुलन बनाया है। इसके साथ ही, क्रिप्टो करंसी की शुरूआत से लेकर अब तक, आम जनता को क्रिप्टो उन्माद से सावधान करने और उनकी रक्षा करने की दिशा में भी विशेष ध्यान दिया गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, हम कई साथी सांसदों ने 2017 में उपरोक्त तथ्यों को रेखांकित करते हुए भारत में क्रिप्टो करंसी पर प्रतिबंध लगाने का मुद्दा उठाया था, हालांकि उसी समय केंद्र सरकार (वित्त मंत्रालय, निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में) भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मिल कर क्रिप्टो करंसी का अध्ययन करने के साथ-साथ केंद्रीय बैंक डिजिटल करंसी (सीबीडीसी) जारी करने के लिए एक समिति का गठन किया। क्रिप्टो करंसी को हम शुरूआत में नहीं पहचान पाए। यह एक 'पोंजी' या ठगने वाली योजना से ज्यादा कुछ नहीं है और यह लोगों को सबसे अधिक जोखिम में डालने वाली है, जैसा कि हाल ही में एफटीएक्स की दुर्घटना के मामले में देखा गया, जहां अधिकांश नुकसान उन लोगों को हुआ, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी की बचत की रकम को क्रिप्टो में एक निवेश के रूप में लगाया था। हालांकि, यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा उठाये गये कदमों का ही नतीजा है कि भारतीय निवेशक समुदाय को अभी तक अन्य देशों के छोटे निवेशकों की तुलना में ज्यादा मंदी का सामना नहीं करना पड़ा है। 2018 में आरबीआइ ने अपनी सभी नियामक संस्थाओं को क्रिप्टो करंसी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया था, लेकिन 2020 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस फैसले को पलट दिया गया, जिसके परिणाम स्वरूप कई सारे मौजूदा क्रिप्टो मुद्रा विनिमय केंद्र और ज्यादा बढ़ने लगे। आगे के लिए, धोखाधड़ी के खतरे, धनशोधन और निजी जोखिमों आदि पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा, हमें इन साधनों द्वारा पूरी अर्थव्यवस्था और बड़े पैमाने पर अपनी जनता की सुरक्षा के लिए प्रणालीगत जोखिमों को स्पष्ट करना होगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के सर्वर पर साइबर हमले में तीन से चार करोड़ रोगियों के व्यक्तिगत डेटा से समझौता करना पड़ा है और हैकरों ने कथित तौर पर क्रिप्टो करंसी में दो सौ करोड़ राशि की मांग की, जो बहुत अहम मामला है।

**1590 के दशक में, कैरोलस क्लूसियस नामक व्यक्ति ने लीडेन विश्वविद्यालय के अपने निजी बगीचे में ट्यूलिप के पौधे उगाने शुरू किये ऐ, जिसे नीदरलैंड में ट्यूलिप की खेती का जनक माना जाता है। उन्होंने अपने बुढ़ापे के समय को रहस्यमयी ट्यूलिप घटना (जिसे 'ट्यूलिप ब्रेकिंग' के रूप में जाना जाता है) का अध्ययन करने में लगाया। यह एक अजीब घटना है, जिसमें ट्यूलिप की पंखुड़ियां बहुरंगी प्रतिरूप में बदल जाती हैं। इसी अजीब घटना ने 'ट्यूलिप उन्माद' को जन्म दिया। दरअसल, हुआ यों कि अचानक ट्यूलिप के फूल घर में रखना एक सामाजिक रुतबे के रूप में देखा जाने लगा था। इसी पागलपन के अपने चरम पर पहुंचने को महंगाई के लिए भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। एक समय में इसे लेकर लेकर लोगों में पागलपन इस कदर बढ़ गया था कि एक साधारण ट्यूलिप भी पचास हजार से लेकर डेढ़ लाख अमेरिकी डालर में बेचा जा सकता था। ठीक उसी तरह जैसे आजकल बिटकाइन की कीमतें तय होती हैं।**

■ निशिकांत दुबे

## एक नजर इधर भी

### दिल्ली का चुनाव : जीत व प्रदूषण

दिल्ली में नगर निगम में भाजपा का शासन होने के बावजूद भाजपा निगम के कामकाज को उपलब्धि के तौर पर भुनाने में नाकामयाब रही। इसके विपरीत मुख्यमंत्री केजरीवाल के पुराने कामकाज के मद्देनजर मतदाताओं ने उनके वादों पर भरोसा जताया। चुनाव बाद हुए एक्जिट पोल में जैसी संभावना व्यक्त की जा रही थी, उसके मुताबिक दिल्ली नगर निगम के चुनाव में आम आदमी पार्टी आसानी से बहुमत का आंकड़ा पाने में सफल रही। आप ने 134 वार्डों में जीत दर्ज कर बोर्ड पर अपना परचम फहरा दिया। भाजपा की भ्रष्टाचार सहित दूसरे मुद्दों पर आप को घेरे में लेने की कोशिश विफल रही। भाजपा 104 वार्डों में चुनाव जीतने के साथ दूसरे स्थान पर रही। कांग्रेस इस चुनाव में भी फिसड्डी साबित हुई। कांग्रेस दहाई का आंकड़ा भी हासिल नहीं कर सकी और 9 वार्डों में जीत कर तीसरे स्थान पर सिमट गई। कॉर्पोरेशन के चुनाव को लोकसभा चुनाव का लिटमस टेस्ट भी कह सकते हैं। इस चुनाव ने साबित कर दिया है कि अब वो दिन लद गये जब सिर्फ नारों और पुरातन विचारधारा के दम पर मतदाताओं को बरगलाया जा सकता है। एमसीडी के चुनाव ने जन अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरने पर भाजपा का 15 साल पुराना मजबूत राजनीतिक किला ढहा दिया। इसका व्यापक संदेश है कि मतदाताओं की परवाह नहीं करने वाले राजनीतिक दलों की खैर नहीं है। मतदाताओं को फिजूल के मुद्दों की चर्चा कर गुमराह नहीं किया जा सकता। महंगाई और बेरोजगारी जैसी राष्ट्रीय समस्याओं को छोड़ दें तो, स्थानीय स्तर पर हर रोज होने वाली समस्याओं के समाधान का ठोस आश्वासन और कार्रवाई के बगैर किसी भी राजनीतिक दल के लिए चुनावी मैदान में टिकना आसान नहीं है। इतना ही नहीं विशेषकर शहरी मतदाताओं और आम नागरिकों को सुविधाओं के साथ गुणवत्ता की भी दरकार है। सिर्फ बुनियादी सुविधाएं मुहैया करा कर ही मतदाताओं का भरोसा नहीं जीता जा सकता है, बल्कि सुविधाओं के साथ गुणवत्ता भी होना जरूरी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल न सिर्फ बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने में बल्कि उन्हें गुणवत्तायुक्त बनाने में भी कामयाब रहे हैं। मोहल्ला क्लिनिक और स्कूलों में अंग्रेजी के माध्यम से स्तरीय शिक्षा इसका उदाहरण हैं। इन चुनावों से यह भी साफ हो गया कि भ्रष्टाचार मतदाताओं के लिए तभी बड़ा मुद्दा बन सकता है, जब बुनियादी सुविधाओं के विस्तार का अभाव हो।

■ योतेन्द्र नाथ योगी

### जानलेवा बोरवेल

देश में बोरवेल में गिरने से मासूम बच्चों की मृत्यु की खबरें आए दिन मिलती रहती हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के बैतूल में बोरवेल में गिरे छह वर्ष के तन्मय को अथक प्रयासों के बाद भी बचाया नहीं जा सका। बोरवेल सफल नहीं होने पर उसे तुरंत ही ढक्कन से बंद नहीं कर खुला छोड़ देने की लापरवाही कई नौनिहालों को असमय ही काल का ग्रास बना लेती है।बच्चे को बचाने में पूरी सरकारी मशीनरी तीन से चार दिन तक लगी रहती है और उधर बच्चा मौत से संघर्ष करता रहता है। लेकिन अधिकतर मामलों में बच्चे को बचाने की कोशिश सफल नहीं हो पाती है। यही बैतूल में तन्मय के साथ भी हुआ। विभिन्न विभागों के लगभग चार सौ से अधिक कर्मचारियों के प्रयास भी तन्मय की जिंदगी नहीं बचा सके।इस संबंध में प्रशासन को कठोरता बरतनी चाहिए। बोरवेल करने वाली कंपनी के लिए अनिवार्य नियम होना चाहिए कि असफल बोरवेल को संपूर्ण रूप से बंद करके ही जाए। इस दिशा में प्रचलित एवं नए कानूनों का निर्माण कर दोषियों के विरुद्ध कठोर दंड के प्रावधान किये जाने चाहिए, जिससे इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

■ रामबाबू सोनी

# मिशन एडमिशन में कैसे मिले पैरंट्स को राहत

दिल्ली एक बार फिर से मिशन मोड में है। यह मिशन है 'नर्सरी एडमिशन'। नवंबर के आखिर में नर्सरी दाखिले के लिए गाइडलाइन जारी होने के साथ ही एक अदद 'बढ़िया' स्कूल में दाखिला दिलाने की पैरंट्स की रेस शुरू हो चुकी है। गाइडलाइंस जारी करते समय हर साल शिक्षा विभाग पैरंट्स को आश्वस्त करता है कि इस बार उन्हें कोई प्रॉब्लम नहीं होगी। मगर हर साल उन्हें भीषण दिक्कतों से गुजरना पड़ता है। जाहिर है, समस्या की तह तक पहुंचना होगा। डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सेंटर फॉर एजुकेशन के 2020-21 के आंकड़े कहते हैं कि दिल्ली में कुल 5,619 स्कूल हैं। सरकारी 2,762 और सरकारी मान्यता प्राप्त निजी स्कूल 2,857 हैं। इनमें से भी सिर्फ 247 सरकार से सहायता प्राप्त स्कूल हैं। 2610 निजी स्कूलों को मान्यता तो मिली है, मगर सरकारी सहायता नहीं। इनमें पहली से 12वीं तक की कक्षा वाले स्कूल 517 ही हैं। डिमांड वाले निजी सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की संख्या मात्र 90 है। निजी और गैर सहायता प्राप्त पहली से 12वीं तक के स्कूल 656 हैं। 3 हजार के करीब वे स्कूल भी हैं, जो न तो मान्यता प्राप्त हैं और न ही उन्हें सरकारी सहायता प्राप्त है। हर साल दिल्ली में प्रवेश स्तर पर दाखिले के लिए लगभग 5 लाख छात्र आवेदक होते हैं। इनके पैरंट्स की पहली पसंद ये मुट्ठी भर 247 स्कूल ही होते हैं। इसलिए दिल्ली में बच्चों को पसंद के स्कूलों में दाखिला दिलाना बेहद मुश्किल है। यही वजह है कि पहली से 12वीं तक की कक्षा वाले स्कूलों में दाखिले के लिए भारी मारामारी मचती है। इसका फायदा स्कूल भी उठाते हैं। फिर सरकार और स्कूलों के बीच नूरा-कुश्ती अदालतों तक पहुंचती है। इन सबके बीच फजीहत होती है पैरंट्स और बच्चों की। **कम क्यों हैं स्कूल :** जाहिर है कि जिस तरह के ये 247 स्कूल हैं, कोई भी पूछ सकता है कि ऐसे स्कूल और क्यों नहीं हैं? एक अनुमान के मुताबिक दिल्ली में स्कूल शुरू करने के लिए 50 से 100 करोड़ तक के निवेश की जरूरत पड़ती है। शिक्षा एक गैर लाभकारी सब्जेक्ट है, तो बैंकों से लोन नहीं मिलता। न ही और कोई जल्दी इतने बड़े इन्वेस्टमेंट को तैयार होता है। स्कूल खोलने की लंबी प्रक्रिया इसे और कठिन बना देती है। इसके लिए सर्टिफिकेट, सर्टिफिकेट के लिए अधिकारी और अधिकारियों के लिए दस्तावेज की एक लंबी चेन होती है, जिसमें फंसने से लोग हिचकते हैं। शैलजा चंद्रा कमिटी ने वर्ष 2012 में ही इस सर्टिफिकेट की जरूरत को खत्म करने की सिफारिश की थी, जिसका अब तक अनुपालन नहीं हो सका है। स्कूल को सर्टिफिकेट के बाद मान्यता के लिए दौड़ना पड़ता है। उसके लिए फिर से वही लंबी दौड़ शुरू होती है। यह सब मिल गया तो मैनेजमेंट स्कीम के लिए सर्टिफिकेट लेना होता है, यानी स्कूल कैसे चलाना है। इन तीनों सर्टिफिकेट को हासिल करने के लिए सरकार ने 6 महीने की सीमा तय की है, लेकिन वास्तव में इस प्रॉसेस में पांच साल तक लग सकते हैं। सब कुछ मिल भी जाए तो वॉटर टेस्ट रिपोर्ट और फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट कई बार हासिल करने होते हैं क्योंकि इनकी वैलिडिटी लिमिटेड होती है। जब तक शिक्षा विभाग से सर्टिफिकेट मिलते हैं, तब तक ये सारे एक्सपायर हो चुके होते हैं। **सब जगह हाल खराब :** कमोबेश यही हालत देश की दूसरी मेट्रो सिटीज की भी हैं। कहीं भी ऐसा कोई सिंगल विंडो सिस्टम नहीं है, जिससे स्कूल खोलने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों सहित बाकी जानकारियां हासिल की जा सकें। इस वजह से स्कूल खोलने वाले शिक्षा विभाग के चक्कर लगाते रह जाते हैं। शायद यही वजह है कि अब अधिकतर स्कूलों का उद्देश्य सेवा करना कम और मुनाफा कमाना अधिक होता है। बेहतर हो कि नीति निर्धारक इस समस्या का कोई समाधान तलाशें, जिससे बच्चों और पैरंट्स को वाकई राहत मिले। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

**डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सेंटर फॉर एजुकेशन के 2020-21 के आंकड़े कहते हैं कि दिल्ली में कुल 5,619 स्कूल हैं। सरकारी 2,762 और सरकारी मान्यता प्राप्त निजी स्कूल 2,857 हैं। इनमें से भी सिर्फ 247 सरकार से सहायता प्राप्त स्कूल हैं। 2610 निजी स्कूलों को मान्यता तो मिली है, मगर सरकारी सहायता नहीं। इनमें पहली से 12वीं तक की कक्षा वाले स्कूल 517 ही हैं। डिमांड वाले निजी सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की संख्या मात्र 90 है। निजी और गैर सहायता प्राप्त पहली से 12वीं तक के स्कूल 656 हैं।**

- अविनाश चंद्र

## है न विचित्र बात !

### पीढ़ियों की फिक्र

उन्नीसवीं सदी के भारतीय समाज सुधारकों ने अंधविश्वास विरोधी अभियानों से तत्कालीन हालात को भरसक बदलने की कोशिश की थी। आज के कई सामाजिक कानून उनकी लड़ाइयों की देन हैं। लेकिन जातीय श्रेष्ठता और वर्चस्व अन्य सुधारों पर हावी होते गये। फिर अंधविश्वासों और रूढियों की जकड़बंदियां समाज पर नये सिरे से और सख्त होकर कसती गईं। इसलिए आज यह जरूरी लगता है कि ऐसी रूढ़ परंपरा का प्रतिरोध करने के लिए व्यापक और सतत निर्भयता दृढ़ बनी रहे। नरेंद्र दाभोलकर ने 1989 में 'महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति' के नाम से अंधविश्वास विरोधी जनजागरूकता अभियान शुरू किया था। दाभोलकर की हत्या से उनके कार्यकर्ता स्तब्ध जरूर हुए, लेकिन विचलित होकर बिखरे नहीं। वे आज भी अंधविश्वासों और असहिष्णुता के खिलाफ शहरों, गांवों, कस्बों में लोगों को जागरूक करने की कोशिश करते हैं। हाल के वर्षों में नकली खबरों, अफवाहों और शांति भंग करने वाली धूर्ततापूर्ण हरकतों के बीच जातीय और धार्मिक विद्वेष ने भी नई परिभाषाएं और नये औजार गढ़ लिए हैं। सैकड़ों उदाहरण लैंगिक असमानता और अंधश्रद्धा के आते रहते हैं। कुछ समय पहले खबर आई थी कि केरल के इडुकी में कथित दैवी शक्तियां हासिल करने के लिए एक आदमी ने अपने परिवार के पांच सदस्यों को मार डाला। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक दंपत्ति ने अपनी छह वर्षीय बीमार बेटी को मार डाला, ताकि उसके बाद स्वस्थ संतान पैदा होगी। डायन कहकर लड़कियों और औरतों को मार देना या उनकी बीमारी ठीक करने के नाम पर बलात्कार करना, दुखद है कि अंधविश्वासों के नाम पर ऐसे अत्याचार थम नहीं रहे हैं। लोक मान्यताएं और पारंपरिक रीति-रिवाज, स्थानीय जनजातियों और आदिवासियों की लोक-संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहे हैं।

■ शैलेंद्र चौहान

### मतदान की दिशा

हिमाचल प्रदेश व गुजरात विधानसभा चुनाव में औसत मतदान फीसद बासठ से पैंसठ, जबकि दिल्ली नगर निगम के चुनाव में पचास फीसद प्रतिवेदित हुआ है। इसके पूर्व भी जिन राज्यों में चुनाव हुए, वहां का मतदान प्रतिशत बहुत संतोषजनक नहीं माना जा सकता। बुनियादी सवाल यह है कि चुनाव भारतीय लोकतंत्र में एक पर्व की तरह मनाने की धारणा है तो फिर क्या कारण है कि दिन-प्रतिदिन मतदान के फीसद में कमी दिख रही है। समाजशास्त्रियों के कई सर्वेक्षण से यह दृष्टिगोचर हुआ है कि वर्तमान में अधिकांश जन प्रतिनिधियों की भूमिका सामाजिक मूल्यों और तानेबाने के अनुसरण आचरण से प्रतिकूल होता गया है। पहले निर्वाचित प्रतिनिधि अपने क्षेत्र की हर गतिविधि और मतदाताओं के दुख-सुख से जुड़े रहा करते थे। चुनाव प्रचार कभी जमीनी स्तर पर हुआ करते थे, जिसके कारण अभ्यर्थियों का मतदाताओं से गहन संपर्क की स्थिति भी बनी रहती थी। साथ ही साथ निर्वाचित प्रतिनिधि अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से जुड़े भी रहा करते थे, जबकि उस समय संचार माध्यम अत्यंत सीमित थे। अब तो धन बल की अपराजेय संसाधन ने चुनाव प्रचार को 'हाई-टेक' बना दिया है, जिससे आम जनता की उदासीनता में वृद्धि हो रही है। आम जन मानस यह मान बैठा है कि वोट के भूखे-प्यासे प्रत्याशी जब विजयश्री प्राप्त कर लेते हैं तो फिर उनका दर्शन दुर्लभ हो जाता है।

■ अशोक कुमार

# बॉर्डर पर बार-बार तनाव क्यों बढ़ा रहा चीन

अरुणाचल प्रदेश के सीमांत शहर तवांग के याग्त्से इलाके पर कब्जा करने के लिए चीनी सेना ने नौ दिसंबर की सुबह जिन तीन सौ सैनिकों को भेजा, उन्हें खून से लथपथ उलटे पांव लौटने को भारतीय सेना ने मजबूर किया। इस ताजा घुसपैठ ने 15 जून, 2020 की उस खूनी रात की याद ताजा कर दी, जब चीनी सैनिकों ने धोखे से निहत्थे भारतीय सैनिकों पर लाठियों, कंटीली बेतों और भालों से आखेट युग जैसा हमला किया था। तब भारतीय सैनिकों ने बहादुरी से चीनी सैनिकों का मुकाबला किया था। उस वक्त 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए, लेकिन विदेशी मीडिया की रिपोर्टों के मुताबिक गलवान में 40 से अधिक चीनी सैनिकों को भी अपनी जान गंवानी पड़ी। **क्या है मकसद :** दिलचस्प है कि जिस चीन सरकार ने कुछ दिनों पहले ही भारत पर 1993 और 1996 की संधियों की भावना का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था (सिर्फ इसलिए क्योंकि भारत ने उत्तराखंड के औली में अमेरिकी सेना के साथ युद्धाभ्यास का आयोजन किया था) उसी ने इन संधियों की भावनाओं की धज्जियां उड़ाते हुए अरुणाचल प्रदेश से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करने की कोशिश की। ऐसी हरकत अब चीन की फितरत बन चुकी है, फिर भी इसमें छुपे संदेशों को पढ़ने की कोशिश की जा सकती है। अपने इस कदम के जरिये चीन ने एलएसी के एक अत्यधिक संवेदनशील इलाके में एक नया मोर्चा खोलने का संकेत दिया है। ऐसा लगता है कि अरुणाचल को अपना हिस्सा बताने वाला चीन इस मसले को भी जीवित रखना चाहता है। इस इलाके के सीमांत क्षेत्रों में उसने पहले से ही गांव बसाने शुरू कर दिये हैं ताकि यह साबित किया जा सके कि यहां चीनी लोग बसते हैं, इसलिए यह इलाका चीन का माना जाए। वास्तव में शी जिनपिंग जब से चीन के राष्ट्रपति बने हैं, तभी से भारत के साथ विश्वास पैदा करने वाली संधियों को तोड़ने का चिंताजनक सिलसिला शुरू हुआ है। 1993 और 1996 के समझौते चीन के शिखर पुरुष तंग श्याओफिंग के काल में किये गये थे। तब उनके अधीन राष्ट्रपति च्यांग च मिन ने भारत के साथ रिश्ते सुधारने के लिए सीमा पर शांति बनाये रखने के जो अहम समझौते किये, वे दो दशक तक चलते रहे। इस दौरान सीमा से अप्रिय खबरें ना के बराबर मिलीं। विश्वास बहाली के इन उपायों की ही बदौलत सीमा पर तैनात सैनिकों के बीच रिश्तों में मिठास पैदा हुई। दोनों तरफ के सैनिक एक-दूसरे के राष्ट्रीय दिवसों पर मिठाइयों का आदान-प्रदान करने लगे थे। सीमा पर शांति थी और नाच-गाने का माहौल बना रहने लगा था। एलएसी की चौकसी करते पैदल सैनिकों का जब आमना-सामना होता तो वे एक-दूसरे का अभिवादन करते थे। लेकिन जब से शी जिनपिंग ने सत्ता संभाली, एलएसी पर माहौल बदल गया। शी जिनपिंग के सत्तारूढ़ होने के बाद से चीनी सेना ने कोई पांच बार घुसपैठ की बड़ी वारदात की हैं, जिनमें चुमार, देपसांग, डोकलाम, बुर्तसे और पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी के अलावा पैंगोंग और गोगरा हॉटस्प्रिंग का इलाका शामिल है। रह-रह कर घुसपैठ के जरिये चीन भारतीय सेना को हमेशा दबाव में रखने की रणनीति पर चल रहा है। **कैसे रुके घुसपैठ :** वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी अतिक्रमण की घटनाएं तभी रुक सकती हैं, जब भारत और चीन के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा का स्पष्ट निर्धारण कर दिया जाए। पिछले तीन दशकों से इस इरादे से चीन के साथ बीसियों दौर की वार्तायें विभिन्न स्तरों पर चली हैं लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसकी वजह यह है कि चीन अपनी शर्तों पर ही भारत के साथ सीमा समझौता करना चाहता है जो भारत को कतई मंजूर नहीं हो सकता। इस वजह से बात आगे नहीं बढ़ पा रही। चीन समझता है कि सीमा मसले का जल्द हल खोजना उसकी नहीं बल्कि भारत की जरूरत है। सीमा पर तनाव के जरिये वह भारत पर सैन्य दबाव बनाये रखना चाहता है ताकि विश्व रंगमंच पर तेजी से उभरता भारत चीन का 2047 तक दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक व सैनिक ताकत बनने का सपना न तोड़ दे। चीन को अपनी सैनिक, आर्थिक ताकत का घमंड हो गया है। उसके नेता सोचते हैं कि मध्य साम्राज्य की प्राचीन परिकल्पना को पूरा करने का वक्त आ गया है। लेकिन जिस तानाशाही तरीके से चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग देश का शासन चला रहे हैं, उससे देश में भारी असंतोष पैदा हो गया है। लोग जब खुलेआम शी जिनपिंग के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। माना जाता है कि इसी वजह से देश का ध्यान जीरो कोविड नीति से हटाने के लिए चीन सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में अतिक्रमण की यह ताजा वारदात की है। **बढ़ता वित्तीय बोझ :** वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सेना की तैनाती से भारत पर सालाना हजारों करोड़ का वित्तीय बोझ तो बढ़ ही गया था, पूर्वी लद्दाख की पिछले 31 महीनों से चल रही सैन्य तैनाती पर रोजाना करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है। इसे लंबे समय तक वहन करने से भारतीय अर्थव्यवस्था में असंतुलन पैदा हो सकता है। सीमा मसले का हल खोजने के लिए चीन को तभी बाध्य किया जा सकता है, जब भारत के साथ पंगा लेना उसके लिए महंगा साबित हो। दीर्घकालिक तौर पर इसके लिए भारत को भी चीन की टक्कर की आर्थिक और सैनिक ताकत बनना होगा। लेकिन फिलहाल जरूरत इस बात की है कि चीन को शांति व सहयोग के रास्ते पर लाने के लिए कोई ठोस रणनीति अपनाई जाए। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

**1993 और 1996 के समझौते चीन के शिखर पुरुष तंग श्याओफिंग के काल में किये गये थे। तब उनके अधीन राष्ट्रपति च्यांग च मिन ने भारत के साथ रिश्ते सुधारने के लिए सीमा पर शांति बनाये रखने के जो अहम समझौते किये, वे दो दशक तक चलते रहे। इस दौरान सीमा से अप्रिय खबरें ना के बराबर मिलीं। विश्वास बहाली के इन उपायों की ही बदौलत सीमा पर तैनात सैनिकों के बीच रिश्तों में मिठास पैदा हुई। दोनों तरफ के सैनिक एक-दूसरे के राष्ट्रीय दिवसों पर मिठाइयों का आदान-प्रदान करने लगे थे। सीमा पर शांति थी और नाच-गाने का माहौल बना रहने लगा था। एलएसी की चौकसी करते पैदल सैनिकों का जब आमना-सामना होता तो वे एक-दूसरे का अभिवादन करते थे। लेकिन जब से शी जिनपिंग ने सत्ता संभाली, एलएसी का माहौल बदल गया। शी जिनपिंग के सत्तारूढ़ होने के बाद से चीनी सेना ने कोई पांच बार घुसपैठ की बड़ी वारदात की है।**

■ रंजीत कुमार

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### बेतिया में आग से घर जल कर राख हुआ



**बेतिया (एजेंसी)।** जिला स्थित शिकारपुर थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव में शुक्रवार की रात्रि में घटी आगलगी की घटना में एक घर जल कर राख हो गया। आग लगने से आबिद हुसैन के घर में रखे अनाज, वस्त्र आदि जल कर राख हो गए। आग लगने से घर में बंधी एक गाय, भैंस और बकरी बुरी तरह झुलस गयी। आग लगने का कारण मवेशियो के लिए जलाया गया घुर बताया जा रहा है। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शौकत अली ने घटना की पुष्टि की है। घटना के बारे में बताया जाता है कि आबिद हुसैन अपने परिवार के साथ एक ही मकान में संयुक्त रूप से रहते है। रात्रि में सभी लोग घर में सो रहे थे। इसी बीच अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गई । इससे उसका फुसनुमा मकान धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटे देख परिजन घर से बाहर निकले और शोर मचाने लगे । शोरगुल पर ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

### श्रीरामपुर में भाजपा नेता के घर में लगी आग

**हुगली।** पंचायत चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस पर हुगली जिले के अंतर्गत श्रीरामपुर के राज्यधरपुर ग्राम पंचायत इलाके में एक भाजपा नेता के घर में आग लगने की घटना को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो चुकै है। शिमला मंडलपाड़ा इलाके में स्थित भाजपा के एससी-एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रबीर वैद्य के घर में शुक्रवार रात आग लग गई। इस अग्निकांड में घर का फर्नीचर जल गया। हालंकि भाजपा नेता और उनके परिवार के सदस्य इस घटना में बाल-बाल बच गए। आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस द्वारा परिचालित पंचायत के प्रधान ने यह आग लगवाई है।

### हाथियों के दल ने सूरजपुर और कोरबा में मचाया उत्पात

**रायपुर/सूरजपुर/कोरबा (एजेंसी)।** बीती देर रात छत्तीसगढ़ के सूरजपुर और कोरबा जिले में दो अलग अलग घटनाओ में हाथियों के दल ने जमकर उत्पात मचाया है। सूरजपुर जिले के मोहरसोप पुलिस चौकी में जहां हाथियों का दल घुस गया वहीं कोरबा जिले के करतला वनक्षेत्र में हाथियों ने पसरखेत रेंज में किसानों की फसलों को रौंद दिया। वन विभाग एवं ग्रामीणों से मिली जानकारी के सूरजपुर जिले के बिहारपुर चांदनी क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से हाथियों का उत्पात जारी है।आठ हाथियों का दल इलाके के गावों में तोड़फोड़ कर रहा है, साथ ही फसलों को भी भारी नुकसान पहुँचा रहे है, हाथियों के आतंक से समूचे इलाके में भय का माहौल है।बीती देर रात बाद 8 हाथियों का यह दल मोहरसोप पहुंचा और एक घर को तहस-नहस कर दिया। घर के लोगों ने छत के ऊपर चढ़ कर अपनी जान बचाई। गौरतलब है कि हाथी यहां उपद्रव मचाते रहते हैं।

बिहार में शनिवार को हुआ सुशासन बाबू पर तीन तरफ से प्रहार

# आपकी वजह से हो रही हैं मौतें, गलती मानिए : गिरिराज



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में जहरीली शराबकांड पर सियासी घमासान जारी है। जहरीली शराब के कारण बिहार में अब तक 43 मौते हो चुकी हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर 'जो पिएगा, वो मरेगा वाला बयान देकर मामले को तूल दे दिया है। बीजेपी नेता लगातार नीतीश कुमार पर निशाना साध रहे हैं। शनिवार को एक बार फिर केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के कद्दावर नेता गिरिराज सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री पर हमला किया। गिरिराज सिंह ने अपने बयान में बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि एक ही आग्रह करूंगा, जो पियेगा वो मरेगा - तो मर ही रहे हैं, आप अपनी जिद पर अड़े हुए हैं, तो मत अड़े रहिए। आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री अपनी गलतियों को दूसरे के मत्थे पर डाल रहे हैं। पीड़ितों को मुआवजा न दें लेकिन अपनी गलतियों को तो स्वीकार करें। सीएम को मानना पड़ेगा कि उनकी असफलता के कारण बिहार में मौतें हो रहीं हैं।

## जो पिएगा वह मरेगा, तो क्या जो पलटी मारेगा वह राज करेगा : सुशील मोदी

**बिहार** में जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या लगभग 70 हो गई है। यही कारण है कि भाजपा जबरदस्त तरीके से नीतीश कुमार और उनकी सरकार के खिलाफ हमलावर है। इन सबके बीच नीतीश कुमार का एक बयान जबरदस्त तरीके से चर्चा का विषय बना हुआ है। नीतीश कुमार ने साफ तौर पर कहा है कि जो शराब पिएगा वह मरेगा। इसी को भाजपा ने असंवेदनशील बयान करार दिया है। इन सबके बीच



बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वर्तमान में भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने नीतीश कुमार पर तंज कसा है। सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जो पिएगा वह मारेगा, तो क्या जो पलटी मारेगा वह राज करेगा। आपको बता दें कि नीतीश कुमार ने ही भाजपा गठबंधन से अलग होकर राजद के साथ गठबंधन की सरकार बना ली थी। भाजपा जबरदस्त तरीके से नीतीश कुमार के खिलाफ हमलावर है। भाजपा ने बिहार में जहरीली शराब का मुद्दा संसद में भी उठाया है। भाजपा नीतीश कुमार से इस्तीफा मांग रही है। भाजपा शराबबंदी कानून को पूरी तरीके से विफल बता रही है। हालांकि नीतीश कुमार साफ तौर पर कह रहे हैं कि जो भी शराब पिएगा वह मरेगा। शराब पीना गलत है। जो गलत काम करेगा उसको उसका नतीजा भुगतना होगा। जहरीली शराब पीने से मरने वालों को कोई भी मुआवजा सरकार की ओर से नहीं दिया जाएगा। किसी भी थाने में शराब पीना ठीक नहीं है। इससे पहले सुशील कुमार मोदी ने अपने ट्वीट में लिखा था कि बिहार को 35 हजार करोड़ की राजस्व क्षति, जहरीली शराब वाले 1000 से ज्यादा लोगों की मौत और 6 साल में 4 लाख गरीबों के जेल जाने के बाद भी क्या शराबबंदी की समीक्षा नहीं होनी चाहिए?

## चुनावी रणनीतिकार पीके ने सीएम पर किया जोरदार हमला, कहा नीतीश की जागीर नहीं...



**शिवहर (एजेंसी)।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर इन दिनों बिहार के अलग अलग जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर अब तक का सबसे बड़ा जुबानी हमला बोला है। उन्होंने कहा है की बिहार नीतीश कुमार की जागीर नही की वो तय करे कि मुख्यमंत्री के कुर्सी पर किसे बैठाना है। इस कुर्सी पर कौन बैठेगा, यह जनता तय करेगी।शिवहर सोनल हाई स्कूल में आज सुबह आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा की नीतीश कुमार को 2025 का इंतजार करने के बजाए अभी तेजस्वी को सीएम की कुर्सी पर बैठा देना चाहिए। ताकि जनता को भी यह पता चल सके की तेजस्वी बिहार को कैसे चला रहे है। पीके ने कहा की मुख्यमंत्री के चेहरे पर और तीर के बटन पर अब कोई चुनाव जीत नही सकता। बता दें कि कल से ही जिले में प्रशांत किशोर का पदयात्रा शुरू हुआ है।

## जदयू का मतलब है 'जहरीला दारू यूनिट'...

**बिहार** में शराब से हुई दर्जनों मौतों के बाद विपक्षी दल भाजपा का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जदयू को जोरदार तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। शराबबंदी मुद्दे पर हो रही इस राजनीति में अब भाजपा ने कहा है कि जदयू का नाम ही जहरीला दारू यूनिट है। यह कहना है भाजपा के विधायक पवन जायसवाल का। शिवहर के ढाका से भाजपा विधायक पवन जायसवाल ने ट्विट कर जदयू को निशाने पर लिया है। उन्होंने लिखा है - जदयू का फुल फाँर्म 'जहरीला दारू यूनिट'। छपरा में जहरीली शराब पीने से 72 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसे लेकर विधानसभा में भी पिछले दो दिनों के दौरान जोरदार हंगामा देखा गया। यहां तक कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे लेकर सदन में काफी जोरदार तरीके से शराबबंदी के पक्ष में अपनी बात रखी और भाजपा को ही निशाने पर ले लिया। हालांकि भाजपा ने पहले सदन के भीतर और फिर सड़क पर भी अपना संघर्ष किया। यहां तक कि राज्यपाल से मिलकर भाजपा नेताओं ने नीतीश कुमार की सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। इसी क्रम में अब पवन जायसवाल ने भी शराबबंदी पर नीतीश कुमार को घेरा है। उन्होंने इसे लेकर जदयू को ही जहरीला दारू पार्टी बता दिया। शराबबंदी को राज्य में फेल बताते हुए उन्होंने जदयू का ही नया नामकरण कर दिया। उनके इस ट्विट पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया दी है और छपरा शराबकांड के लिए नीतीश सरकार को दोषी ठहराया है। नीतीश की शराबबंदी पर भाजपा के अन्य नेताओ ने भी इसकी समीक्षा की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने ट्विट कर नीतीश कुमार को निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा, ह्यजो पियेगा ,वो मरेगा तो क्या जो पलटी मारेगा वो राज करेगाह्व। दरअसल नीतीश कुमार ने कहा था कि जो पिएगा वो मरेगा। इसी कारण अब मोदी ने भी उन्हें पलटीमार बता दिया है।

## ओडिशा में कृषि उपकरण सब्सिडी धोखाधड़ी में तीन गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा अपराध शाखा की आर्थिक अपराध विंग ने 12 करोड़ रुपये से अधिक के कृषि उपकरण सब्सिडी धोखाधड़ी मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू के सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि आरोपी प्रदीप कुमार आचार्य, मैसर्स अन्नपूर्णा एग्रो इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) हैं। प्रभा रंजन दाश, प्रोपराइटर मेसर्स डैश ट्रेडर्स एंड एग्रो एजेंसी और शैक फैयाज, प्रोपराइटर मेसर्स शैक फैयाज को 16 दिसंबर को क्रमश: भुवनेश्वर, दासपल्ला और बेरहामपुर से गिरफ्तार किया गया।तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 66 के तहत मामला दर्ज किया गया है और शनिवार को भुवनेश्वर के उप-प्रभागीय न्यायाधीश को भेज दिया गया।

## मुरादाबाद स्टेशन पर मालगाड़ी हुई बेपटरी

- बरेली से दिल्ली जा रही थी मालगाड़ी
- मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या पांच पर हुआ हादसा



**मुरादाबाद (एजेंसी)।** बरेली से दिल्ली जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर शनिवार को बेपटरी हो गए। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा होने से टल गया। रेलवे प्रशासन के अनुसार, शनिवार को सुबह बरेली से दिल्ली लोहे का समान लेकर जा रही मालगाड़ी मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या पांच पर आ रही थी। इसी दौरान मालगाड़ी के दो डिब्बे रेलवे पटरी से उतर गए और पलट गए। घटना की सूचना से रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया और रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। रेलवे कर्मचारी एआरटी की मदद से मालगाड़ी के दोनों डिब्बों को पटरी पर पुनः लाने में जुट गए। घटना के संबंध में रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस घटना के कारणों की जांच की जा रही हैं।

## जहरीली शराब से मौत : भाजपा ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

**बगहा (एजेंसी)।** बिहार में जहरीली शराब पीने से लगातार लोगों की हो रहीं मौतें और शराबबंदी पूर्णरूप से विफल होने के विरुद्ध में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ने बिहार के मुख्यमंत्री का पुतला दहन बगहा-के स्टेट बैंक चौराहा पर किया है। पुतला दहन के पश्चात राजसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि छपरा में जिन लोगों की मृत्यु हुई है उसका जिम्मेदार नीतीश कुमार है, जबकि मुख्यमंत्री आम जनता पर आरोप लगा कर अपना पलड़ा झाड़ते नजर आ रहे हैं। भाजपा के बगहा विधायक सह भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीराम सिंह ने कहा है कि बिहार विधानसभा सदन में शराबबंदी के खिलाफ बोलने पर मुख्यमंत्री तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। बिहार में जहरीली शराब पीने से लोगों की हो रही मौत पर मुख्यमंत्री का उदासीनता यह बताता है, कि मुख्यमंत्री जान बूझकर इन हत्याओं को करवा रहे हैं।

# बुजुर्ग महिला ने जो एक लाख रुपये का दान किया वह उसने भिक्षाटन कर, पेट काट कर जुटाया था!

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर एक बुजुर्ग महिला ने जगन्नाथ मंदिर निर्माण में एक लाख रुपये दान किए। खासबात यह है कि इस महिला ने यह रकम भीख मांगकर एकत्र की। 70 वर्षीय महिला ने पूरे जीवन भर भीख मांगकर जीवनयापन करती रही। इस दौरान उसने दान के लिए रुपये भी जोड़े और अब मरने से पहले वह इन रुपयों क दान करना चाहती थी इसलिए मंदिर प्रशासन को रुपये सौंपे। मामला कंधमाल जिले के फूलबनी में पुराने जगन्नाथ मंदिर का है। अब महिला के रुपयों को मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए यूज किया जाएगा। तुला बेहरा पिछले 40 सालों से फूलबनी कस्बे के विभिन्न मंदिरों के पास भीख मांग रहे थी।

**पति की पहले ही हो चुकी है मौत**



तुला का विवाह शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति प्रफुल्ल बेहरा से हुआ था। दंपती कस्बे में भीख मांग रहा था। बाद में, प्रफुल्ल तुला को अकेला छोड़कर चल बसे। जैसा कि महिला का कोई निकट और प्रिय नहीं है, उसने खुद को भगवान जगन्नाथ के चरणों में समर्पित कर दिया है।

**धनु संक्रांति पर किया दान**

धनु संक्रांति के मौके पर तुला ने शुक्रवार को जगन्नाथ मंदिर की प्रबंध समिति को अपनी एक लाख रुपए की कमाई दान कर दी। तुला ने कहा, 'न तो मेरे माता-पिता हैं और न ही कोई संतान। मैंने भीख मांगकर अपने बैंक खाते में जो भी पैसा बचाया है, उसे भगवान जगन्नाथ को दान कर दिया।' बुजुर्ग महिला ने कहा कि उसे किसी पैसे की जरूरत नहीं है क्योंकि वह बूढ़ी हो गई है और उसने खुद को भगवान जगन्नाथ के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने मंदिर प्रबंध समिति से फूलबनी में पुराने जगन्नाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए धन का उपयोग करने का अनुरोध किया।

समिति के एक सदस्य ने कहा, 'जब उसने मुझसे संपर्क किया, तो मैं उससे पैसे लेने के लिए अनिच्छुक था। मैंने रुपये लेने से इनकार कर दिया लेकिन उसे हम लोगों को बहुत कहा जिसके बाद हमें रुपये लेने पड़े।'

## मुख्तार अंसारी की आठ करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

**लखनऊ (एजेंसी)।** माफिया मुख्तार अंसारी पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को पुलिस और जिला प्रशासन ने मुख्तार की मां और बहन के नाम दर्ज करीब आठ करोड़ की सम्पत्ति को कुर्क किया है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक, जनपद गाजीपुर की पुलिस ने स्थानीय प्रशासन के सहयोग से आज हजरतगंज कोतवाली क्षेत्रांतर्गत डालीबाग स्थित दो प्लॉट को कुर्क किया गया है। यह दोनों भूखंड करीब 618 वर्ग मीटर के हैं। कुर्क की गई सम्पत्ति करीब आठ करोड़ रुपये है। मुख्तार ने यह संपत्ति अपनी मां राबिया खातून उर्फ राबिया बेगम और फहमीना अंसारी के नाम पर खरीदी थी। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स मौजूद रही। अब ये दोनों संपत्तियां हजरतगंज पुलिस की देखरेख में रहेंगी।

# पश्चिम चंपारण में मतदाता के मुद्दों से प्रत्याशियों का धड़क रहा है दिल

**बेतिया (एजेंसी)।** पश्चिम चंपारण जिला मे अधिकतर जगह नगर पंचायत व नगर परिषद में कल चुनाव होना है। चुनाव में सभी प्रत्याशी जनता से तरह-तरह के वादे और घोषणाएं कर रहे हैं। जनता भी सभी के वादों को कसौटी पर कस रही है। नगर की कई ज्वलंत समस्याओं को लेकर जनता प्रत्याशियों से सवाल पूछ रहे हैं। जनता के मुद्दे प्रत्याशियों के दिलों की धड़कन बढ़ा रही है। मतदाता अपने मुद्दों की कसौटी पर प्रत्याशियों को परख रहे हैं। चूंकि




जिला मे चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। रविवार को मतदान होना है। ऐसे में मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद से लेकर पार्षद पद के उम्मीदवार पूरी ताकत झोंक दिए हैं। नुक्कड़ नाटक, नुक्कड़ सभा व रैलियां निकालकर मतदाताओं को गोलबंद करने की कोशिश की जा रही है। जनता उम्मीदवारों से नगर में शवदाह गृह, बस स्टैंड, वाहनों की पार्किंग, मुख्य बाजार में शौचालय का नहीं होना, सम्राट भवन, हर घर नल का जल, जर्जर सड़कों को लेकर सवाल पूछ रही है। हालांकि सभी प्रत्याशी खास चेयरमैन पद के उम्मीदवार इन सभी समस्याओं के समाधान करने का भरोसा भी दे रहे हैं। बावजूद मतदाता किस प्रत्याशी पर भरोसे का मुहर लगाती है यह तो मतगणना के दिन ही पता चलेगा।

## सड़क हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत, चार घायल

**बस्ती (एजेंसी)।** जनपद में अयोध्या लेन पर शुक्रवार की देर रात भीषण सड़क हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोरखपुर से लखनऊ जा रही तेज रफ्तार कार नीलगाय से टकराने के बाद दूसरी लेन में एक ढाबे की दीवार से टकराकर पलट गई। रात करीब 2 बजे हादसा हाईवे के गड़हा गौतम (दुधौरा) पेट्रोल पंप के पास हुआ। सूचना पाकर मौके पर पुलिस टीम पहुंची। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतकों में लखनऊ के धीरज कुमार सिंह, वाराणसी के दिलीप कुशवाहा, गोरखपुर के नंदानगर निवासी सोनू चौधरी शामिल हैं। अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी बताया कि शुक्रवार की देर रात करीब 2 बजे गोरखपुर में एक फाइनेंसर कंपनी में काम करने वाले 7 लोग एक्सयूवी कार में सवार होकर लखनऊ मीटिंग में जा रहे थे। अभी वह कप्तानगंज थाना क्षेत्र के दुधौरा रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे। तभी कार के सामने एक नीलगाय आ गई।

यूपी के सीएम ने पीएसी के स्थापना दिवस में की शिरकत, कहा

# शौर्य और पराक्रम के लिए जाना जाता है पीएसी बल



**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएसी बल अपने शौर्य व पराक्रम के लिए जाना जाता है। न सिर्फ यूपी, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सामना करने के लिए पीएसी ने सदैव तत्पर होकर कार्य किया। यूपी पीएसी बल को जब भी अवसर मिला, उसने सर्वोत्तम करने का प्रयास किया। किसी भी बल की पहचान उसके शौर्य, पराक्रम के साथ कीर्ति से जानी जाती है। यह यूपी पीएसी बल के साथ जुड़ चुका है। 35वीं वाहिनी पीएसी में शनिवार को आयोजित पीएसी के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री ने शिरकत की। उन्होंने 74 वर्ष की शानदार यात्रा के लिए पीएसी के सभी अधिकारियों व कार्मिकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री के सामने पीएसी के जवानों ने पीटी, मलखंभ, जिम्नास्टिक, बैंड व कमांडो ने दक्षता को लेकर हैरतअंगेज प्रदर्शन भी किया। इस दौरान सीएम ने प्रोन्नति पाने वालों को बैज लगाया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता व श्रेष्ठ कार्य करने वाली विभिन्न वाहिनियों, खिलाड़ियों के साथ ही मेधावी छात्रों को भी पुरस्कृत किया। सीएम ने आशा जताई कि अनुशासन, शौर्य, पराक्रम व कीर्ति से पीएसी अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखते हुए और अच्छा करेगी।

### सराहनीय रहा है योगदान

**सीएम** ने कहा कि यूपी पीएसी बल की 74वर्ष की शानदार यात्रा न केवल देश की सबसे बड़ी आबादी के राज्य में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने, बल्कि परंपरागत त्योहारों, जुलूसों, धार्मिक आयोजनों तथा विभिन्न अवसरों पर आम जनमानस की आस्था से जुड़े आयोजनों, राष्ट्रीय पर्वों, सामान्य-स्थानीय निकाय निर्वाचन व प्रदेश भ्रमण के दौरान अति विशिष्ट महानुभावों की सुरक्षित यात्रा की दृष्टि से किया गया योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है।

### सर्वोत्तम बल के रूप में जाना जाता है पीएसी बल

**सीएम** ने कहा कि खास तौर पर याद है कि जब 2001 में संसद पर कायराना हमला हुआ था, उस समय यूपी पीएसी बल के जवानों ने जिस बुद्धिमत्ता व पराक्रम का परिचय दिया था, वह किसी से छिपा नहीं है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर हुए हमले में भी पीएसी ने तत्परता से कार्रवाई की और आतंकियों के मंसूबों पर पानी फेरा। यह उसके शौर्य, पराक्रम, कीर्ति व तत्परता का भी प्रतीक है, इसलिए यूपी का पीएसी बल सर्वोत्तम बल के रूप में जाना जाता है।

### 534 खिलाड़ियों की भर्ती की दी गयी स्वीकृति

**सीएम** ने बताया कि यूपी सरकार अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम के जरिए इस बल को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रयास प्रारंभ कर दिया है। पीएसी की 17 बाढ़ राहत कंपनियों में मोटर बोट्स व उपकरण खरीदने के लिए राज्य आपदा मोचन निधि से धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। यूपी 112 में पायलट ड्राइवर के रूप में 1231 पीएसी कर्मी लगाए गए हैं। यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन के लिए 645 प्लाटून कमांडर यातायात उप निरीक्षक का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। 75 प्लाटून कमांडर व 301 मुख्य आरक्षी यातायात प्रशिक्षण में भेजे गए हैं। सुरक्षा विभाग (एसटीएफ, एटीएस, एसएसएफ) में पीएसी के जवान सेवा दे रहे हैं। न्यायालयों व प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए गठित एसएसएफ में पीएसी से 90 फीसदी जवान प्रतिनिुक्ति पर भेजे गए हैं। कारागारों की सुरक्षा के लिए पीएसी से 997 कार्मिकों को जेल वार्डन पद पर प्रतिनियुक्ति पद पर भेजा गया है। खेलों में पहली बार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम चरण में 534 खिलाड़ियों की भर्ती की स्वीकृति प्रदेश सरकार ने दी है। इसकी चयन प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी। पीएसी के योग्य-श्रेष्ठ खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिह्न की व्यवस्था की गई है।

योगी ने कहा: राहुल का बयान शर्मनाक, मापी मांगें

## जब भी देश के सामने चुनौती आती है, उनका यही चरित्र दिखता है



**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बयान को निंदनीय व शर्मनाक करार दिया। सीएम ने कहा कि राहुल गांधी को देश की जनता व बहादुर जवानों से माफी मांगनी चाहिए। सीएम ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बयान अत्यंत ही अमर्यादित, बचकाना और राष्ट्रविरोधी तत्वों को प्रेरित करने वाला है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और भारत की बहादुर सेना को अपमानित करने वाला है। हम उनके बयान की निंदा करते हैं। देश व दुनिया इस बात को कह रही है कि भारत के बहादुर जवानों ने घुसपैठियों के कृत्यों को नाकाम किया। ऐसे में भारत के उन बहादुर जवानों के शौर्य व पराक्रम का सम्मान करने की बजाय कठघरे में खड़ा करना कोई भी भारतीय स्वीकार नहीं करेगा।

सीएम योगी ने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। डोकलाम में भी जब दोनों देशों के सेनाओं में तनातनी हुई थी, उस समय भी भारत के जवानों के शौर्य व पराक्रम का सम्मान करने की बजाय कांग्रेस व राहुल गांधी का चरित्र जगजाहिर हुआ था। वे चीनी दूतावास से मिलकर भारत विरोधी कृत्यों को प्रश्रय दे रहे थे। उनका बयान निंदनीय व शर्मनाक है। जब भी देश के सामने संकट या चुनौती आती है, इनका यह चरित्र पूरा देश इसी रूप में देखता है। यह भारत को कटघरे में खड़ा करते हैं। बहादुर जवानों के शौर्य व पराक्रम पर अंगुली उठाते हैं। हम कांग्रेस व राहुल गांधी की इस सोच की निंदा करते हैं। राहुल गांधी देश की जनता व बहादुर जवानों से माफी मांगें। देश को बार-बार कठघरे में खड़ा करने की बचकाना व अमर्यादित आचरण से उन्हें बचना चाहिए।

# न्यूज गैलरी

## शंटो के पीछे पड़े सिराज फिर की स्लेजिंग




**चटगांव (एजेंसी)।** लगता है एग्रेसिव फास्ट बॉलर मो. सिराज बांग्लादेशी ओपनर नजमुल हसन शंटो के पीछे पड़ गये हैं। पहली पारी में स्लेजिंग के बाद शनिवार को दूसरी इनिंग में भी शंटो को जमकर आंख दिखाई। 513 रन के लक्ष्य के जवाब में बांग्लादेशी टीम ने बढ़िया पलटवार किया। पहली पारी में 150 रन पर सिमटने के बाद दूसरी इनिंग में मेजबान बैटर्स ने हिम्मत दिखायी। इस दौरान भारत के खिलाफ टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप भी हुई। भारतीय बॉलर्स विकेट के लिए तरह रहे थे, ऐसे में साम-दाम-दंड की नीति अपनायी गयी। मो. सिराज ने बैट्समैन्स का ध्यान भटकाना शुरू किया। पार्टनरशिप तोड़ने के लिए सिराज एक्सट्रा एफर्ट डाल रहे थे। इसी कड़ी में अच्छी बैटिंग कर रहे शंटो को वह बार-बार स्लेज करने लगे। एक-दो बार नहीं ऐसा कई बार हुआ। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। खुद के खिलाफ अपशब्द और गाली-गलौज सुनने के बाद भी शंटो शांत रहे। अपना आपा नहीं खोया और हंसते-मुस्कुराते नजर आये। रिएक्शन का वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

## सबसे ज्यादा कैच पकड़ने वाले 8वें खिलाड़ी बने विराट

**चटगांव (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे टेस्ट मैच में भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक कैच पकड़ने के मामले में एक नया रिकॉर्ड बना लिया है। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच पकड़ने के मालमे में आठवें नंबर पर आ गये हैं। बांग्लादेश के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट मैच में कोहली ने जब चौथे दिन जाकिर हसन का कैच पकड़ा तो उनके नाम 291 कैच हो गये, उन्होंने यह कैच 482 इंटरनेशनल मैचों की 572 पारियों में लपके हैं।

टॉप-10 में 2 भारतीय खिलाड़ी मौजूद : इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच पकड़नेवाले टॉप-10 खिलाड़ियों में विराट कोहली को मिलाकर कुल दो खिलाड़ियों का नाम शामिल हैं। इसमें कोहली के अलावा पूर्व भारतीय बल्लेबाज और मौजूदा भारतीय हेड कोच राहुल द्रविड़ का नाम शामिल है। टॉप-10 की लिस्ट में राहुल द्रविड़ नंबर पांच पर मौजूद हैं, जबकि विराट कोहली नंबर आठ पर मौजूद हैं।

## मार्सिनियाक होंगे फीफा विश्व कप 2022 फाइनल के रेफरी

**दोहा (एजेंसी)।** पोलैंड के जीमॉन मार्सिनियक को अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच रविवार को होनेवाले फीफा विश्व कप फाइनल का रेफरी चुना गया है। अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने कहा है कि मार्सिनियक के हमवतन पावेल सोकोलनिकी और तोमाज लिस्टकीविक्ज खिताबी मैच में असिस्टेंट रेफरी होंगे। फीफा ने शुक्रवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। चार साल पहले रूस में पदार्पण करनेवाले मार्सिनियक इस टूर्नामेंट में पहले भी अर्जेंटीना और फ्रांस के मुकाबलों में रेफरी रह चुके हैं। पोलैंड के 41 वर्षीय रेफरी मार्सिनियक ने अर्जेंटीना बनाम ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस बनाम डेनमार्क मैच में निर्णायक की भूमिका निभाई थी। उल्लेखनीय है कि असिस्टेंट रेफरी लिस्टकीविक्ज के पिता माइकल लिस्टकीविक्ज हैं, जिन्होंने विश्व कप 1990 के फाइनल में रेफरी की भूमिका निभायी थी।

# भारत से छिन सकती है वनडे वर्ल्ड कप 2023 की मेजबानी

**दुबई (एजेंसी)।** अगले साल वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी भारत से छीन सकती है। मामला टैक्स से जुड़ा हुआ है। अगर भारत सरकार के साथ भारतीय क्रिकेट

■ आईसीसी का नियम बन सकता है बीसीसीआई की राह का रोड़ा

कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) यह समस्या नहीं सुलझा पाता है, तो इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) बड़ा कदम उठा सकता है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से वनडे विश्व कप 2023 के लिए भारत सरकार से टैक्स छूट को लेकर बात करने को कहा है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) का नियम है कि मेजबान




देश टूर्नामेंट के आयोजन के लिए सरकार से टैक्स छूट दिलाये। हालांकि, इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है। भारत सरकार ने भारत में आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2016 के दौरान आईसीसी को कोई कर छूट नहीं दी थी। अब अगले साल होनेवाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए भी भारत सरकार की ओर से ऐसे कोई संकेत नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बीसीसीआई ने आईसीसी को सूचित किया है कि इस मामले में कुछ भी नहीं किया जा सकता है और वह अगर चाहे तो टूर्नामेंट को भारत से बाहर ले जा सकता है।

### बीसीसीआई को करोड़ों रुपये का नुकसान

2016 के टी-20 विश्व कप के दौरान भारत सरकार से बीसीसीआई को टैक्स में छूट न मिलने के बाद करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। आईसीसी ने 190 करोड़ रुपये टैक्स सरचार्ज के तौर पर बीसीसीआई के राजस्व से काट लिया। बीसीसीआई ने इसे लेकर आईसीसी ट्रिब्यूनल में मामला उठाया है। रिपोर्ट के अनुसार 2023 वर्ल्ड कप की बात करें तो भारत सरकार एक बार फिर कर छूट से इनकार कर सकती है। आईसीसी और बीसीसीआई एक बार फिर मुश्किल में पड़ सकते हैं। आईसीसी ने पहले ही प्रसारण राजस्व से 21.84 प्रतिशत (लगभग 900 करोड़ रुपये) का टैक्स बिल तैयार कर लिया है।

**आईसीसी और बीसीसीआई में कानून लड़ाई :** मामले पर नजर रखनेवालों का कहना है कि यह बीसीसीआई का पैसा है। अगर आईसीसी विश्व कप के आने से पहले इस मुद्दे को सुलझा नहीं पाता है और भारत के राजस्व हिस्से से काटा जाता है, तो दोनों के बीच कानूनी लड़ाई तय है। देश का सबसे मालामाल खेल को टैक्स में छूट देकर सरकार लोगों से क्या कहेगी? दूसरी ओर, यदि आईसीसी भारत से आनेवाले टैक्स के पैसे में रियायत देने के लिए सहमत हो जाता है, तो अन्य सदस्य देश इसके खिलाफ आवाज उठायेंगे।

नेशनल रेसिंग चैम्पियनशिप

## फाइनल राउंड में काइल कुमारन ने जीती दो रेस

**कोयंबटूर (एजेंसी)।** चेन्नई के काइल कुमारन ने शनिवार को कारी मोटर स्पीडवे पर 25वीं जेके टायर एफएमएससीआई नेशनल रेसिंग चैंपियनशिप के फाइनल राउंड में जेके टायर नोविस कप श्रेणी में पहली दो रेस जीत ली है। हालांकि, दिन की तीसरी रेस में काइल दुर्घटनाग्रस्त हो गये जिसका फायदा विनीत कुमार ने उठाया। विनीत 60 अंकों के साथ अब चैंपियनशिप लीडर हैं। रविवार की आखिरी रेस के साथ वर्चुअल शूटआउट होने के कारण दोनों में सिर्फ दो अंकों का अंतर है। 2.3 किमी लंबे ट्रैक पर काइल ने दिखाया कि उनका ध्यान ग्रैंड फिनाले सप्ताहांत चैम्पियनशिप के चौथे दौर के लिए था। जेके रेसिंग चैम्पियनशिप का यह 25वां साल है और इसका महत्व और भी बढ़ गया है।

# पहला टेस्ट जीतने से चार विकेट दूर भारत

### पदार्पण टेस्ट मैच में जाकिर ने जमाया शतक, अक्षर के करिश्मे से भारत ने की वापसी

**चटगांव (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही शतक जमाया लेकिन अक्षर पटेल की अगुवाई में स्पिनरों ने भारत को अच्छी वापसी दिलायी जिससे वह बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां जीत दर्ज करने के करीब पहुंच गया। बांग्लादेश ने 513 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 272 रन बनाये। वह लक्ष्य से अभी 241 रन दूर है। भारत को दो मैचों की श्रृंखला में बढ़त हासिल करने के लिए पांचवें और आखिरी दिन केवल चार विकेट निकालने होंगे। जाकिर (100) ने नजमुल हुसैन शंटो (67) के साथ पहले विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी करके बांग्लादेश को अच्छी शुरूआत दिलायी थी, लेकिन भारत अंतिम दो सत्र में वापसी करने में सफल रहा। भारत की तरफ से अक्षर पटेल ने 50 रन




देकर तीन विकेट लिये हैं जबकि उमेश यादव, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव ने एक-एक विकेट हासिल किया है।

**जाकिर डेब्यू में सैकड़ा जड़ने वाले चौथे बांग्लादेशी बल्लेबाज बने :** भारत को पहले सत्र में एक भी सफलता नहीं मिली, लेकिन दूसरे सत्र में वह तीन विकेट हासिल करने में सफल रहा। इस बीच भारत ने केवल 57 रन दिये जबकि पहले सत्र में बांग्लादेश ने सुबह बिना किसी नुकसान के 42 रन से आगे खेलते हुए लंच तक स्कोर 119 रन तक पहुंचाया था। बांग्लादेश अगर तीसरे सत्र में 96 रन जोड़ने में सफल रहा तो उसका श्रेय कप्तान शाकिब अल हसन (नाबाद 40) को जाता है जिन्होंने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने अक्षर और कुलदीप को छक्के भी लगाये। स्टंप उखड़ने के समय उनके साथ मेहदी हसन मिराज नौ पर खेल रहे थे।

जाकिर ने पहले दोनों सत्र में एक छोर संभाले रखा था, लेकिन तीसरे सत्र के शुरू में ही शतक पूरा करने के बाद उनकी एकाग्रता भंग हो गयी। वह अक्षर पटेल पर चौका लगाकर अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही सैकड़ा जड़नेवाले चौथे बांग्लादेशी बल्लेबाज बने। उनसे पहले अमीनुल इस्लाम, मोहम्मद अशरफुल और अबुल हसन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। अमीनुल ने भारत के खिलाफ यह कारनामा किया था, लेकिन अश्विन के अगले ओवर में गेंद जाकिर के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकरायी और हवा में उछल गयी जिसे कैच करने में विराट कोहली ने कोई गलती नहीं की। जाकिर ने अपनी पारी में 24 गेंद का सामना किया तथा 12 चौके और एक छक्का लगाया।

## शुभमन का शतक राहुल के लिए खतरे की घंटी

**चटगांव (एजेंसी)।** चटगांव टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरी पारी में भारतीय युवा बल्लेबाज शुभमन गिल के शतक की चारों तरफ चर्चा हो रही है। गिल ने 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 152 गेंदों में 110 रन बनाये और इसी के साथ उन्होंने टीम में अपनी जगह भी मजबूत की। गिल के इस शतक के बाद पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि गिल ने शतक लगाकर अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल की मुसीबतें बढ़ा दी है और उन्हें लगता है कि गिल की इस पारी के बाद राहुल के ऊपर बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। गौरतलब है कि बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में राहुल की दोनों पारियां फ्लॉप रही। पहली पारी में राहुल ने 22 रन, जबकि दूसरी में भी सिर्फ 23 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, शुभमन गिल ने पहली पारी में 20 रन पर आउट होने के बाद, अपनी दूसरी पारी को सुधारा और शतक जड़कर अपनी टीम के स्कोर को मजबूती किया। शुभमन के इस शतक पर बात करते हुए आकाश चोपड़ा ने कहा कि राहुल के लिए दिक्कत की बात ये है कि वह दोनों पारियों में फ्लॉप रहे।

ऑस्ट्रेलिया की पकड़ में पहला टेस्ट

## 152 पर सिमटी द. अफ्रीका पहले दिन गिरे 15 विकेट




**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच ब्रिस्बेन में खेले जा रहे पहले टेस्ट का पहला दिन कंगारुओं के नाम रहा। ऑस्ट्रेलिया ने पहले शानदार गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को उसकी पहली पारी में सिर्फ 152 रनों पर ऑलआउट कर दिया और फिर इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट पर 145 रन बना लिये। स्टम्प्स के समय ट्रेविस हेड 77 गेंदों में 78 रन बनाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और उनका यह निर्णय बिल्कुल सही साबित हुआ। गेंदबाजों की मददगार इस पिच पर मेहमान टीम के बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल सके। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही थी। उसने सिर्फ 27 रनों पर अपने चार विकेट गंवा दिये थे। इस दौरान कप्तान डीन एल्गर 03, सैरेल एर्वी 10, रासी वान डर डुसेन 05 और खाया जोंडो शून्य पर पवेलियन लौटे।

**अकेटे डटे रहे काइल वेरेने :** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के आगे अकेले डटे रहे। उन्होंने 96 गेंदों में 64 रनों की शानदार पारी खेली।

रणजी के इतिहास की सबसे शर्मनाक हार

# 25 रन पर ऑलआउट हुई पूरी टीम

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में उत्तराखंड ने नागालैंड को हराते हुए अपना धमाकेदार आगाज किया है। मुकाबले में उत्तराखंड ने नागालैंड को 174 रन से हरा दिया। इस दौरान मैच में एक ऐसा रिकॉर्ड भी जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। मैच में उत्तराखंड की टीम ने नागालैंड के सामने 200 रन का लक्ष्य रखा था, लेकिन टीम के गेंदबाजों ने अपने इस विरोधी को सिर्फ 25 रन पर समेट कर 174 रन से मुकाबले को अपने नाम कर लिया। रणजी ट्रॉफी के इतिहास में यह किसी भी टीम के द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे कम स्कोर है। इस मामले में हैदराबाद की टीम पहले स्थान पर जिसे 2010-11 के सत्र में राजस्थान ने सिर्फ 21 पर समेट दिया था। वहीं, रणजी में अब तक का यह चौथा सबसे कम स्कोर भी है।



**पहली पारी में थी नागालैंड के पास बढ़त :** ग्रुप ए के इस मुकाबले में उत्तराखंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 282 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में नागालैंड ने भी जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 389 रन बनाकर 107 रन की मजबूत बढ़त हासिल कर ली थी। ऐसे में अब दवाब उत्तराखंड पर था, लेकिन उसने अपनी दूसरी पारी में 306 रन बनाकर पारी को घोषित कर दिया। ऐसे में नागालैंड के सामने अब 200 रनों का लक्ष्य था, लेकिन गेंदबाजी के दौरान उत्तराखंड की टीम ने ऐसा कहर बरपाया कि पूरी टीम 25 रन पर ढेर हो गयी। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान टीम के सात बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सके। दूसरी पारी में नागालैंड के लिए सबसे अधिक नागाहो चिसी ने 10 रन बनाये। इसके अलावा जोशुआ ओजुकुम और इमलीवती लेमतूर ने सात-सात रन का योगदान दिया।

## पाकिस्तान 304 रनों पर हुई ऑलआउट

**कराची (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने जैक लीच (140/4) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान को तीसरे टेस्ट के पहले दिन शनिवार को 304 रन पर ऑलआउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होने से पहले इंग्लैंड ने एक विकेट के नुकसान पर सात रन बना लिये। पाकिस्तान के लिए कप्तान बाबर आजम (78) और आगा सलमान (56) ने अर्धशतक जमाये। बाबर ने अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे अजहर अली (45) के साथ तीसरे विकेट के लिये 71 रन की साझेदारी की, जबकि सऊद शकील (23) के साथ 45 रन जोड़े। बाबर 123 गेंदों पर नौ चौकों के साथ 78 रन बनाकर अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन हैरी ब्रूक ने उन्हें रनआउट कर दिया। पाकिस्तान के छह विकेट 219 रन पर गिरने के बाद सलमान ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ साझेदारियां बुनते हुए टीम को 304 रन के स्कोर तक पहुंचाया। सलमान ने 93 गेंदों पर छह चौकों के साथ 56 रन बनाये।

# भारत ने जीता ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप 2022 का खिताब




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में बांग्लादेश को हराकर लगातार तीसरी बार खिताब जीता। यह टूर्नामेंट का केवल तीसरा सीजन था। अब तक कोई और टीम खिताब नहीं जीत पायी है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सुनील रमेश (136 नाबाद) और अजय कुमार रेड्डी (100) के शतकों की बदौलत 277 रन बनाये। मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजे गये सुनील ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरा शतक जड़ते हुए 63 गेंदों पर 24 चौकों और एक छक्के

■ दो बल्लेबाजों ने जड़ा शतक, मैन ऑफ द मैच बने शतकवीर सुनील

की मदद से 136 रन बनाये, जबकि कप्तान अजय ने 50 गेंदों पर 18 चौकों की बदौलत 100 रन की पारी खेली। जवाब में बांग्लादेश की टीम तीन विकेट पर 157 रन ही बना सकी। इस तरह भारतीय टीम ने 120 रन के बड़े अंतर से मैच जीत लिया। हालांकि, टूर्नामेंट शुरू होने से पहले विवाद हो गया था। वीजा नहीं मिलने के कारण पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट में हिस्सा लेने भारत नहीं आ सकी थी। इससे पहले 2017 में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराया था। तब टूर्नामेंट के मैच भारत में ही होते थे। पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए आठ विकेट पर 197 रन बनाये थे। जवाब में भारतीय टीम ने एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया था। भारत ने नौ विकेट से जीत दर्ज की थी।

# पुरुषों की ऑस्ट्रेलियाई टीम की याद दिलाती है टीम : शेफाली

### मंधाना के साथ महिला क्रिकेट की विस्फोटक जोड़ी बनकर उभरी हैं शेफाली वर्मा

**मुंबई (एजेंसी)।** शेफाली वर्मा को गेंद को मैदान से बाहर मारना पसंद है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाउंड्री लगाने की उनकी खुशी बेजोड़ है, क्योंकि भारत की ओपनिंग बल्लेबाज का कहना है कि यह ऑस्ट्रेलियाई टीम उन्हें पुरुषों की ऑस्ट्रेलियाई टीम की याद दिलाती है। 15 साल की उम्र में भारत के लिए पदार्पण करनेवाली शेफाली ने लंबा सफर तय कर लिया है और वह स्मृति मंधाना के साथ महिला क्रिकेट की विस्फोटक जोड़ी बनकर उभरी हैं। कुछ समय तक चूकने के बाद बिग हिटर शेफाली ने इस सप्ताह आखिरकार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला अर्धशतक लगाया जब उन्होंने 41 गेंद में 52 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। शेफाली ने चौथे टी-20 मैच से पहले कहा कि मुझे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना पसंद है। ऐसा लगता है कि लड़कों के साथ ही खेल रहे



हैं। जब मैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौका लगाती हूं तो मैं प्रोत्साहित होती हूं, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट में एक बेहतरीन टीम है। मैं हमेशा खुश होती हूं जब भी मैं ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर बाउंड्री लगाती हूं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे इतनी खुशी इंग्लैंड या अन्य टीमों के खिलाफ बाउंड्री लगाने से नहीं मिलती है। अभी 1-2 से पिछड़ रही भारतीय टीम चौथे मैच को जीतकर पांच मैचों की सीरीज को जीवंत बनाने उतरेगी और शेफाली जानती हैं कि अब कोई गलती नहीं कर सकते, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया छोटी गलतियों का फायदा उठाने में कामयाब हो सकती है। उन्होंने कहा कि जब मैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलती हूं तो ऐसा महसूस होता है मैं लड़कों के खिलाफ खेल रही हूं, क्योंकि उनका खेल ही इस तरह का है। अगर वे देखते हैं कि आप छोटी गलतियां कर रहे हो तो वह उसका फायदा उठा लेते हैं। तो हमें उनके खिलाफ शीर्ष क्रिकेट खेलना पड़ेगा। शेफाली ने कहा कि आप उनके खिलाफ गलतियां नहीं कर सकते। आपको अपने सर्वश्रेष्ठ शॉट खेलने होंगे, जिन्हें आप आत्मविश्वास के साथ खेलते हो।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलकर बहुत कुछ सीखा

**शेफाली** ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलकर बहुत कुछ सीखा है। भारत को पिछले मैच में 21 रन से हार मिली थी। शेफाली और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भारत को मैच में बनाए रखा था, लेकिन 18 वर्षीय खिलाड़ी ने जरूरी रन रेट को कम करने के चक्कर में बड़े शॉट खेलने के प्रयास में अपना विकेट गंवा दिया। उन्होंने कहा कि हम अच्छा खेल रहे थे, लेकिन स्थिति ऐसी थी कि हमें जोखिम लेना था। हम 30 रन पीछे थे और वह स्थिति शॉट खेलने की मांग कर रही थी। जो शॉट मैंने खेला वह अक्सर छक्के के लिए जाता है लेकिन उस दिन दुर्भाग्य से मैंने अपना विकेट गंवा दिया। पहले दो मैच डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए जबकि तीसरे मैच सहित बाकी के दो मैच भी ब्रेबॉर्न स्टेडियम में खेले जायेंगे।



## न्यूज गैलरी

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.91 अरब डॉलर बढ़कर 564.1 अरब डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 09 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.91 अरब डॉलर बढ़कर 564.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 11.02 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 561.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 09 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.14 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 500.1 अरब डॉलर हो गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 2.96 करोड़ डॉलर की कमी आई और यह घटकर 40.73 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 6.1 करोड़ डॉलर की तेजी आई और यह बढ़कर 18.12 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.1 अरब डॉलर हो गई।

### अडानी ग्रुप के अडानी पावर ने दिया मल्टीबैगर रिटर्न, 1 साल में 200 फीसदी की उछाल



**नई दिल्ली।** अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पावर के शेयरों ने अपने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है। पिछले एक साल में ये स्टॉक 200 फीसदी से अधिक चढ़ा है। अडानी पावर ने इस साल कई बड़ी डील पूरी की है और इसका असर कंपनी के शेयरों पर भी नजर आ रहा है। हालांकि, शुक्रवार को अडानी पावर के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। ये स्टॉक 2.80 अंक या 0.89 फीसदी की गिरावट के साथ 312.65 रुपये पर ट्रेड करता हुआ नजर आया। अडानी पावर के शेयर आज 315 रुपये पर ओपन हुए और 317 रुपये इंट्राडे हाई पर पहुंचे। इसके बाद ये गिरकर 310.45 रुपये पर आ गए। ब्लूमबर्ग वर्ल्ड इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार, बेस्ट परफॉर्मेंस के मामले में दुनिया के टॉप-5 शेयरों में अडानी पावर के स्टॉक शामिल हैं। पिछले एक साल में अडानी पवार के शेयरों ने 209.18 फीसदी की छलांग लगाई है। 16 दिसंबर 2021 को अडानी पावर के शेयर 101.30 रुपये पर थे। आज ये स्टॉक 312 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। पिछले छह महीने में इस स्टॉक ने 20 फीसदी से अधिक का रिटर्न दिया है।

### बुने हुए कपड़ों के निर्यात में वृद्धि की उम्मीद: टीईए



**कोयंबटूर।** तिरुपुर निर्यातक संघ (टीईए) ने शनिवार को उम्मीद जताई कि नवंबर में दर्ज की गई वृद्धि के बाद बुने हुए कपड़ों (निटविअर) के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिलेगी। टीईए के अध्यक्ष के एम सुब्रमण्यन ने एक बयान में कहा कि नवंबर के महीने में तिरुपुर से निटविअर का निर्यात एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 10.6 प्रतिशत बढ़ा है। इसके पहले लगातार तीन महीनों तक तिरुपुर से होने वाले निर्यात में लगातार गिरावट दर्ज की गई थी। उन्होंने वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी निर्यात आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि रेडीमेड कपड़ों के निर्यात में नवंबर में फिर से तेजी लौटी है। इसका असर तिरुपुर से होने वाले निर्यात पर भी देखा गया है। सुब्रमण्यन ने कहा कि नवंबर में निर्यात दर बढ़ना काफी उत्साहजनक है और आने वाले समय में ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लागू होने और ब्रिटेन के साथ भी ऐसा समझौता होने की संभावना से इसे गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि तिरुपुर से निटविअर के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

### ट्विटर खरीदने के बाद दुनिया के दूसरे बड़े रईस एलन मस्क की मुश्किलें बढ़ीं

# 3 दिन में टेस्ला के 22 मिलियन शेयर बेचे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के दूसरे सबसे अमीर आदमी एलन मस्क अपनी इलेक्ट्रॉनिक कार कंपनी टेस्ला के शेयर लगातार बेच रहे हैं। मस्क सिर्फ 3 दिन में ही टेस्ला के लगभग 22 मिलियन (2.2 करोड़) शेयर बेच चुके हैं, जिसकी कीमत करीब 3.6 बिलियन डॉलर, यानी 29.81 हजार करोड़ रुपए है। 44 बिलियन डॉलर में ट्विटर अधिग्रहण के बाद मस्क ने कहा था, 'मैं अपने बिजनेस को बचाने के लिए टेस्ला के शेयर्स बेच रहा हूं।' टेस्ला के शेयर इस साल 60% से ज्यादा गिर चुके हैं। ये साल की शुरूआत में 400 डॉलर के करीब थे और अभी 150 डॉलर के करीब पहुंच गए हैं।
शेयर बेचे जाने के बाद भी मस्क कंपनी के सबसे बड़े शेयर होल्डर बने हुए हैं। उनके पास कंपनी की सबसे ज्यादा 13.4% हिस्सेदारी है। बीते साल कंपनी की मार्केट वैल्यू 1 लाख करोड़ डॉलर थी, जो गिरकर 495 करोड़ रुपए पर आ गई है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक मस्क एक साल में अब तक टेस्ला के 40 बिलियन डॉलर (करीब 3.3 लाख करोड़ रुपए) के शेयर बेच चुके हैं। एक साल में मस्क ने टेस्ला के 94,202,321 शेयर औसत 243.46 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से बेचे हैं। एलन मस्क की नेटवर्थ में भी लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। वे अब दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी भी नहीं रहे हैं। हाल ही में उनसे दुनिया के सबसे अमीर शख्स का ताज छिन गया। एक समय तक मस्क की नेटवर्थ 340 बिलियन डॉलर थी। बीते दिनों एक यूजर ने मस्क से ट्वीट कर टेस्ला निवेशकों को जो नुकसान हो रहा है उसके बारे में पूछा था। इसके जवाब में मस्क ने नेट प्रजेंट वैल्यू की मैथेमेटिकल इक्वेशन के साथ जवाब दिया था। एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, टेस्ला सबसे मूल्यवान अमेरिकी कार कंपनी बनी हुई है। वहीं एक अन्य ट्वीट में मस्क ने लिखा, टेस्ला के निवेशकों को लॉन्ग टर्म में ट्विटर का फायदा मिलेगा।

- एक साल में मस्क ने टेस्ला के 94,202,321 शेयर औसत 243.46 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से बेचे हैं
- बीते साल कंपनी की मार्केट वैल्यू 1 लाख करोड़ डॉलर थी, 400 डॉलर वाले शेयर अब मात्र 150 डॉलर की हैसियत में रह गए हैं

### दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी प्रति किलो 95 पैसे महंगा हुआ



**दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में सीएनजी के कीमत में 95 पैसे प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई है। नई दरें आज आज सुबह 6 बजे से लागू भी हो गई हैं। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में एक किलो सीएनजी कादाम 79.56 रुपये पर पहुंच गया है, जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी 82.12 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं गुरुग्राम में एक किलो सीएनजी 87. 89 रुपये में अब मिलेगी। बताया जा रहा है कि सीएनजी के दाम में बढ़ोतरी का मुख्य कारण विदेश से नेचुरल गैस की आवक में कमी है। वहीं भारत में फिलहाल अपनी खपत का 50 परसेंट ही गैस का उत्पादन हो रहा है। गौरतलब है कि इसी साल जनवरी में सीएनजी की कीमत 53.35 रुपये प्रति यूनिट थी, लेकिन अक्टूबर में बढ़कर 78.61 रुपये प्रति यूनिट पर पहुंच गई। इसी तरह जनवरी 2022 में पीएनजी की कीमत 35.61 रुपये प्रति यूनिट थी, लेकिन अक्टूबर में बढ़कर 53.59 रुपये प्रति यूनिट पर पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नेचुरल गैस के दाम में लगभग चार गुना बढ़ोतरी देखी गई है। दाम बढ़ने के पीछे एक वजह ये भी है कि हाल के दिनों में गैस की डिमांड बढ़ गई है। भारत में सीएनजी से चलने वाली गाड़िया बढ़ी हैं। घरों में पीएनजी का इस्तेमाल भी बढ़ा है। जिस हिसाब से गैस की डिमांड बढ़ रही है, उसके हिसाब से आपूर्ति नहीं हो रहा है। वहीं इस साल पेट्रोल-डीजल के दाम में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। दिल्ली में पेट्रोल की वर्तमान कीमत 96.72 रुपये प्रति लीटर है।

## कल से सस्ता सोना बेचेगी सरकार इश्यू प्राइस 5,409 रुपये प्रति ग्राम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार सोमवार से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की तीसरी सीरीज खोलने जा रही है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 2022-23 की तीसरी सीरीज सब्सक्रिप्शन के लिए 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक खुलेगी। 5 दिन तक आवेदन के लिए खुले रहने वाले इस इश्यू का प्राइस 5,409 रुपए प्रति ग्राम सोना तय किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बता दें कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड आरबीआई सरकार की ओर से जारी करता है, इसलिए इसकी सरकारी गारंटी होती है। बयान के मुताबिक सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 2022-23 की तीसरी सीरीज सब्सक्रिप्शन के लिए 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक खुलेगी। वहीं चौथी सीरीज 6 से 10 मार्च, 2023 तक खुलेगी। ऑनलाइन आवेदन करने वाले निवेशकों को 50 रुपए प्रति ग्राम की छूट देने का फैसला किया गया है. इनके लिए उन्हें डिजिटल माध्यम से पेमेंट करना होगा। इसका मतलब हुआ कि ऑनलाइन पेमेंट करने वाले निवेशकों के लिए गोल्ड बॉन्ड का इश्यू प्राइस 5,359 रुपए प्रति ग्राम होगा। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की बिक्री शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक (स्मॉल फाइनेंस बैंक, पेमेंट बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर), स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि., क्लीयरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि., डेजिग्नेटेड पोस्ट ऑफिस, एनएसई और बीएसई के जरिए की जाएगी। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की मैच्योरिटी अवधि 8 साल की होती है। साथ ही आपको इसमें 5वें वर्ष के बाद अगले ब्याज भुगतान तारीखों पर बाहर निकलने का ऑप्शन भी मिलता है। बयान के अनुसार इसमें निवेशकों को अंकित मूल्य पर छमाही आधार पर 2.50 फीसदी सालाना ब्याज मिलेगा।

### यस बैंक ने 48,000 करोड़ रुपए का फंसा कर्ज जेसी फ्लॉवर्स को सौंपा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के यस बैंक ने 48,000 करोड़ रुपए के अपने फंसे हुए कर्ज को कर्ज पुनर्गठन कंपनी जेसी फ्लॉवर्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन के सुपुर्द कर दिया है। बैंक ने शनिवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि तनावग्रस्त कर्ज के रूप में चिह्नित 48,000 करोड़ रुपए के ऋण पोर्टफोलियो को जेसी फ्लॉवर्स के सुपुर्द करने का काम पूरा कर लिया गया है। इस दौरान एक अप्रैल से 30 नवंबर तक हुई कर्ज वसूली का समायोजन भी कर दिया गया है। यस बैंक ने अपने चिह्नित तनावग्रस्त कर्ज को जेसी फ्लॉवर्स एआरसी को सौंपने की घोषणा पहले ही कर दी थी। इस तरह बैंक अपने पोर्टफोलियो में फंसे हुए कर्ज का आकार कम कर अपनी वित्तीय स्थिति सुधारना चाहता है। कुछ साल पहले फंसे हुए कर्ज का आकार बढ़ने से यस बैंक की वित्तीय स्थिति बिगड़ गई थी।

## बुनकरों की मदद कर रही सरकार : सीतारमण

- हथकरघा साड़ी बुनाई की कला में पारंपरिक मूल्य जुड़े हुए हैं
- 75 हथकरघा बुनकरों द्वारा हथकरघा साड़ियों की प्रदर्शनी-सह-बिक्री की जाएगी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कपड़ा मंत्रालय बुनकरों को उनके उत्पाद की विशिष्ट भौगोलिक पहचान संबंधी जीआई टैग और उन्हें मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) शामिल करने की दिशा में काम कर रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि यह बात एक मजबूत संदेश देती है कि केंद्र सरकार हमारे बुनकरों और उनके परिवारों का समर्थन कर रही है। श्रीमती सीतारमण राजधानी में विशेष बुनाई-आधारित हथकरघा साड़ी महोत्सव माई साड़ी माई प्राइड का उद्घाटन कर रही थीं। यह आयोजन आजादी के अमृतमहोत्सव कार्यक्रम का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कपड़ा मंत्रालय ने देश के बुनकरों और भारत की परंपरा को प्रदर्शित करने वाले मध्य दिल्ली में इस तरह का आयोजन कर अनूठा कदम उठाया है। मंत्रालय ने हाथ से बुनी 75 साड़ियां मंगवाई हैं, जिन्हें यहां प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014-2015 में पांच एफ का विजन दिया, फार्म से फाइबर, फैब्रिक से फैशन और विदेश तक। यह विजन कपड़ा मंत्रालय का एक प्रमुख उद्देश्य बन गया है जिसके तहत इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है और बुनकरों को उनके काम को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। स्वतंत्रता के 75 वर्षों के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव में 16 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 75 हथकरघा बुनकरों द्वारा हथकरघा साड़ियों की प्रदर्शनी-सह-बिक्री की जाएगी। यह उत्सव राजधानी में हथकरघा हाट में 16 से 30 दिसंबर 2022 और 3 जनवरी से 17 जनवरी 2023 तक दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। कपड़ा मंत्रालय ने कहा है कि भारत का हथकरघा क्षेत्र 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। हथकरघा साड़ी बुनाई की कला में पारंपरिक मूल्य जुड़े हुए हैं और प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट साड़ियों की बुनाई होती हैं। पैठणी, कोटपाड, कोटा डोरिया, तंगैल, पोचमपल्ली, कांचीपुरम, तिरुबुवनम, जामदानी, शांतिपुरी, चंदेरी, माहेश्वरी, पटोला, मोइरांगफी, बनारसी ब्रोकेड, तनचोई, भागलपुरी सिल्क, बावनबूटी और पश्मीना आदि साड़ियों की विशिष्टता विख्यात है।

### श्याओमी को बड़ी राहत, कोर्ट ने रिलीज किए फ्रीज 37 अरब रुपए

**नई दिल्ली।** मोबाइल हैंडसेट बनाने वाली चाइनीज कंपनी श्याओमी कार्प को कर्नाटक की एक अदालत ने बड़ी राहत दी है। मनी लॉन्ड्रिंग और टैक्स चोरी से जुड़े एक मामले के चलते आयकर विभाग ने कंपनी के करीब 37 अरब रुपए के फिक्स्ड डिपॉजिट को फ्रीज कर दिया था। कोर्ट ने फंड फ्रीज करने के इस आदेश को खारिज कर दिया है। सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि कर्नाटक की एक अदालत ने कंपनी के फ्रीज किए गए फंड को रिलीज कर दिया है। आयकर विभाग ने इस साल फरवरी में कंपनी के फंड फ्रीज किए थे। कंपनी के खिलाफ कथित कर चोरी की जांच चली रही है। वहीं इस संबंध में श्याओमी या आयकर विभाग की ओर से कोई प्रतिक्रिया हासिल नहीं हो सकी है। श्याओमी के खिलाफ भारत में ही मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनियों से ज्यादा दाम पर पूरी तरह बने हुए हैंडसेंट की खरीदने का आरोप है। इसके आधार पर उसने अपले प्रॉफिट को कम करके दिखाया है। और इस तरह उसने कॉरपोरेट आयकर की कथित चोरी की है। इसके अलावा श्याओमी इंडिया के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी जांच भी चल रही है। आरोप है कि कंपनी ने बिना सर्विस लिए ही विदेश में काम करने वाली इन तीनों कंपनियों को रुपए ट्रांसफर किए। कंपनी ने कई फर्जी दस्तावेज बनाकर रॉयल्टी के नाम पर ये राशि भेजी, जो एफईएमए की धारा-4 का उल्लंघन है।

### गैर-जरूरी वस्तुओं के आयात पर करीबी निगाह: अधिकारी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार गैर-जरूरी वस्तुओं के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए इनके आयात पर करीबी निगाह रखे हुए है। वाणिज्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एल सत्य श्रीनिवास ने कहा कि गैर-जरूरी वस्तुओं के आयात पर रोक लगाने से देश का व्यापार घाटा कम करने में भी मदद मिलेगी। अप्रैल-नवंबर के दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 198.35 अरब डॉलर हो गया है जो एक साल पहले की समान अवधि में 115.39 अरब डॉलर था। श्रीनिवास ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि भारतीय व्यापार को अब वैश्विक संदर्भ में देखे जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, तमाम चुनौतियों के बावजूद भारतीय निर्यात बहुत मजबूत दिख रहा है। अक्टूबर में निर्यात गतिविधियों में 16.65 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

## सीएम योगी के मंत्री ने की एक और डील, यूपी में बनेगी अर्जेंटीना की चॉकलेट-आइसक्रीम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में फरवरी- 2023 में होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर समिट के लिए यूपी सरकार के मंत्रियों की अगुवाई में कई प्रतिनिधिमंडल विदेश दौरों पर हैं। इन यात्राओं के जरिए कोशिश की जा रही है कि दूसरे देशों के निवेशकों को यूपी में निवेश की खूबियां बताकर उन्हें इस समिट में बुलाया जाए। इन प्रतिनिधिमंडलों को कई सफलताएं भी मिली हैं, जिनमें यूपी के हेल्थ और आईटी सेक्टर में निवेश के लिए कई निवेशकों को लुभाया गया है। अब यूपी सरकार ने एक और सफलता अर्जेंटीना की खाद्य उत्पाद कंपनी आर्कोर को यूपी में निवेश के लिए राजी करके हासिल की है। ये कंपनी फूड प्रोडक्ट सेगमेंट में कारोबार करती है। इनमें चॉकलेट, आइसक्रीम और कुकीज के अलावा कई कन्फेक्शनरी उत्पाद की मैन्युफैक्चरिंग भी शामिल है।

#### उपमुख्यमंत्री की अर्जेंटीना के कारोबारियों से मुलाकात

अलग-अलग देशों में गए यूपी सरकार के प्रतिनिधिमंडल वहां पर इंडस्ट्री चैंबर्स के साथ ही उद्योगपतियों और दूसरे प्रभवाशाली लोगों से भी मुलाकात कर रहे हैं। राज्य में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए दूसरे देशों में रोडशो भी किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार को अर्जेंटीना चेंबर ऑफ कॉमर्स फॉर एशिया पैसेफिक के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। इसमें फूड प्रॉडक्ट्स, कृषि और क्क इंडस्ट्री से जुड़े कारोबारी मौजूद थे। पाठक ने सभी को उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आने का न्यौता भी दिया। इसी बैठक के बाद ये तय हुआ कि उत्तर प्रदेश के जरिए भारतवर्ष को जल्द ही अर्जेंटीना की चॉकलेट और कुकीज का स्वाद चखने को मिलेगा।

#### यूपी में मिलेंगी अर्जेंटीना की चॉकलेट-कुकीज

यूपी के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश में लैटिन अमेरिकी खाद्य उत्पाद कंपनी आर्कोर ने निवेश करने में दिलचस्पी दिखाई है। निवेश की इस योजना का एक ब्लूप्रिंट भी तैयार किया गया है। आर्कोर करीब 100 देशों में कारोबार करती है और 45 देशों में इसकी खाद्य उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं।

## जेएंडजे को बंबई हाइकोर्ट का फरमान कंपनी अगले आदेश तक उत्पादन नहीं करेगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जॉनसन एंड जॉनसन को शिनिवार को बंबई उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने शर्तों के साथ कंपनी को लाइसेंस खत्म होने के बाद भी बेबी पाउडर के उत्पादन की अनुमति दे दी है। हाई कोर्ट ने कहा है कि कंपनी 15 दिसंबर के बाद भी अपना उत्पादन जारी रख सकती है, जिस दिन उसका लाइसेंस खत्म हो रहा है। हालांकि कंपनी अगले आदेश तक इन उत्पाद की बिक्री नहीं कर सकेगी. राज्य सरकार ने सितंबर में ही बेबी पाउडर के उत्पादन और बिक्री पर रोक लगा दी थी। वही साथ ही उत्पाद के लिए लाइसेंस को रद्द कर दिया था। इसकी समय सीमा 15 दिसंबर दी गई थी। कंपनी ने उत्पादन बनाए रखने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी।न्यायमूर्ति आर डी धानुका और न्यायमूर्ति मिलिंद सथाये की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार के दो आदेशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया है। महाराष्ट्र सरकार ने अपने आदेश में 15 सितंबर को इस उत्पाद का लाइसेंस रद्द कर दिया था और 20 सितंबर को एक दूसरे आदेश में बेबी पाउडर के उत्पादन और बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी गई थी। कंपनी की ओर से पेश वकील वेंकटेश धोंड ने कहा कि कंपनी का लाइसेंस खत्म हो गया है, इसलिए उसे सीमित सुरक्षा की आवश्यकता है। जिससे कि उसके ऑपरेशंस बिना किसी सवाल के जारी रखे जा सकें। इसके बाद अदालत ने अपने अंतरिम आदेश को जारी रखते हुए कहा कि कंपनी उत्पादन जारी रख सकती है लेकिन अगले आदेश तक बिक्री पर रोक रहेगी।

**क्या था मामला :** साल 2019 में महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने बेबी पाउडर के कुछ सैंपल जांच के लिए भेजे थे। इन पाउडर को कोलकाता के सेंट्रल ड्रग लैब में चेक किया गया। जहां पाया गया कि इन सैंपल में पीएच का स्तर निर्धारित स्तर से कहीं ज्यादा था। इस रिपोर्ट के मिलने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने सितंबर में उत्पादन और बिक्री पर रोक लगा दी और उत्पाद के लिए लाइसेंस रद्द कर दिया था जो कि 3 महीने बाद 15 दिसंबर से लागू हो गया है। पिछले महीने ही कोर्ट ने जॉनसन एंड जॉनसन (जेएंडजे) बेबी पाउडर के नमूनों की नए सिरे से जांच का आदेश दिया था।

## पेज एक के शेष

### चर्चित ठेकेदार पर...

कैंप पर छह दिसम्बर को हुए गोलीबारी मामले में पतरातू पुलिस ने घटना में शामिल पांडे गिरोह के सदस्य गुड्डू राजवंशी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा गोली, दो लाल रंग का एफजेएस मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है।

### चीन बॉर्डर पर...

सीमावर्ती गांवों का भी देश की सुरक्षा में अहम योगदान होता है। इसलिए यह जरूरी है कि यहां फिर से आबादी को बसाया जा सके। उन्होंने सीमा क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने की भी पैरवी की। उन्होंने कहा कि हमें यह देखना होगा कि क्या हम वहां सीमा पर्यटन को लोकप्रिय बना सकते हैं। इसके लिये जरूर कदम उठाये जाने चाहिए।

वहीं, पूर्वी सैन्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ जनरल कलिता ने कहा कि जहां तक डोकलाम का संबंध है तो आधारभूत ढांचा विकास को लेकर अभी तक कोई नया घटनाक्रम नहीं देखने को मिला है। क्या चीन डोकलाम क्षेत्र के अपने हिस्से में पूरी सक्रियता के साथ सड़क, रोपवे समेत अन्य आधारभूत ढांचे को बना रहा है? इसके जवाब में लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने कहा कि इसके बाद से यहां एक प्रोटोकॉल है, जिसका पालन डोकलाम इलाके में दोनों पक्ष करते हैं और इसके अंतर्गत स्थानीय कमांडरों के बीच नियमित बातचीत होती रहती है ताकि दोनों तरफ कोई नया निर्माण नहीं हो।

### ये भगवा बिकनी...

यही तो! उनके लिए किसी फिल्म को विवादित बनाने के पीछे सबसे बड़ा नजरिया होता है फ्री में मिलने वाली पब्लिसिटी। इसी प्रचार के लिए उन्हें करोड़ों रुपये खर्च करने पड़ते! उन करोड़ों को बचाने के लिए प्रोड्यूसरों ने बिकनी का कलर ही गेरुआ या भगवा कर दिया!! अब जितना कंट्रोवर्सी चाहो, मुफ्त में पाओ। हींग लगे न फिटकरी, रंग चोखा। लेकिन, यह कई बार बैकफायर भी कर जाता है। इस बार भी ऐसा ही लग रहा है। मुसलमान भी नाराजपठान से मुसलमान भी नाराज हैं। हिंदू तो हैं ही। मुसलमानों का आरोप है कि फिल्म में इस्लाम का निशान गलत तरीके से लगाया गया तो हिंदुओं का आरोप है कि भगवा रंग का यहां गलत इस्तेमाल किया गया। अलग-अलग रायभगवा बिकनी को लेकर पायल रोहतगी अलग ही बयान देती नजर आती हैं। वह कहती हैं: अगर बिकनी का रंग भगवा है और इससे हिंदुओं की आस्था पर चोट पहुंचती है तब तो मुझे कुछ कहना ही नहीं है। मैं भी हिंदू ही हूं। मुझे तो कोई फर्क नहीं पड़ा। रंग से कैसे आस्था चोटिल हो जाती है, यह मैं अब तक समझ नहीं पाई। दुनिया कहां जा रही है और हम कहां जा रहे हैं। ड्रेस चेंज करवाएंमध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि जिस भावना से भगवा बिकनी पहनाकर हमें टेस पहुंचाने की कोशिश की गई है, उसे जनमानस समझ रहा है। हम फिल्मों के खिलाफ नहीं हैं लेकिन यह तो फिल्म की आड़ में हमारी आस्था पर चोट है। इसे कोई कैसे बर्दाश्त करेगा। हम चाहते हैं कि जो अंडरगारमेंट का कलर है, उसे बदला जाए। फिर कोई आपत्ति नहीं होगी। अगर ये फिल्म को इसी तरह लेकर मध्य प्रदेश में रिलीज करना चाहेंगे तो ऐसा शायद संभव न हो सके।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### अमेरिका के टेक्सास में इतिहास के सबसे जोरदार भूकंप के झटके

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिका में टेक्सास राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में 5.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये जो इतिहास के सबसे जोरदार भूकंप के झटकों में से एक रहा। अभी किसी के हताहत होने या किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गयी और यह स्थानीय समयानुसार 5 बजकर 35 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र मिडलैंड से 22 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में जमीन से करीब नौ किलोमीटर की गहरायी में स्थित था। मिडलैंड में राष्ट्रीय मौसम सेवा कार्यालय ने पहले ट्वीट कर चेतावनी दी थी कि यह टेक्सास राज्य के इतिहास में चौथा सबसे शक्तिशाली भूकंप होगा।

### 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ बिलकिस बानो की अर्जी खारिज

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी है। इस याचिका में बिलकिस बानो ने मई में दिये गये सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें गुजरात सरकार को 1992 के जेल नियमों के तहत 11 दोषियों की रिहाई के लिए अनुमति दी थी। इस याचिका में बिलकिस बानो ने अपने दोषियों की रिहाई का विरोध किया था। बानो ने अपनी याचिका में साल 2002 में उसके साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के लिए दोषी ठहराये गये 11 लोगों की जल्द रिहाई को चुनौती दी थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर जल्दी सुनवाई से इनकार कर दिया था।

### नवजात को फ्लोरिडा की खाड़ी में फेंकने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** एक भारतीय-अमेरिकी महिला पर चार साल पहले अपने नवजात बच्चे को फ्लोरिडा की खाड़ी में फेंकने के लिए फर्स्ट-डिग्री मर्डर का आरोप लगाया गया है। द न्यूयॉर्क पोस्ट ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से कहा कि 29 वर्षीय महिला आर्या सिंह को गिरफ्तार किया गया और उसने अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि उसे नहीं पता था कि उसके (बच्चे) के साथ क्या करना है। पुलिस के अनुसार बच्चे का शव 1 जून, 2018 को बॉयटन बीच इनलेट में तैरता हुआ पाया गया था। दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, जब बच्ची को समुद्र में फेंका गया था, तब उसे जीवित माना जा रहा था। जांचकर्ता कई वर्षों तक इस मामले को हल करने में असमर्थ रहे, मगर जब राष्ट्रीय डीएनए डेटाबेस में बच्चे के पिता का पता लगा तो पिता ने डीएनए परीक्षण कराया और जांचकर्ताओं को उस महिला के बारे में बताया।

# बिलावट भुट्टो का बढ़ गया मन अब कुचल दो पाक का फन

### जम्मू-कश्मीर से मुंबई तक सड़क पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पड़ोसी देश पाकिस्तान को पच नहीं रहा है जिसके बाद पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहा है। पाकिस्तान के मंत्री बिलावल

■ पाक मंत्री ने पीएम मोदी पर की थी अभद्र टिप्पणी

भुट्टो ने एक बार फिर कायराना हरकत करते हुए पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। बिलावल भुट्टो के खिलाफ देशभर के भाजपाई देशव्यापी धरना-प्रदर्शन किया। जम्मू-कश्मीर से लेकर मुंबई तक बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर कर पाकिस्तानी नेता के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान बिलावल भुट्टो पर करारा प्रहार करते हुए भाजपा ने कहा कि बिलावट भुट्टो का बढ़ गया मन, अब कुचल दो पाक का फन। पड़ोसी देश के विदेश मंत्री की गिरी हुई इस हरकत ने विश्व पटल पर पाकिस्तान की कलंक गाथा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। भाजपा ने कहा पाकिस्तानी विदेश मंत्री के शर्मनाक बयान के खिलाफ भाजपा देशभर में जोरदार धरना-प्रदर्शन करेगी। यह विरोध प्रदर्शन देश के सभी प्रदेशों की राजधानी में होंगे। भाजपा कार्यकर्ता पाकिस्तान और पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला जलायेंगे और पाकिस्तानी विदेश मंत्री के शर्मनाक बयान की कड़ी निंदा करेंगे।




**पाक उच्चायोग के समीप बीजेपी का विरोध प्रदर्शन :** बिलावल भुट्टो की टिप्पणी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजधानी दिल्ली स्थित पाक उच्चायोग के निकट प्रदर्शन किया। भाजपा ने कहा कि हताश, निराश और दिवालिये पाकिस्तान के बचकाने विदेश मंत्री से और क्या उम्मीद की जा सकती है?

भाजपा ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर भारत की धाक जम रही है, वहीं दूसरी ओर हर मोर्चे पर पाकिस्तान की खिल्ली उड़ रही है। एक ओर भारत की विदेश नीति की सर्वत्र सराहना हो रही है, दूसरी ओर पाकिस्तान को छोटे से छोटा देश आंखें दिखा रहा है। क्या बिलावल भुट्टो की इतनी हैसियत है कि वह हमारे प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी करे। बिलावल भुट्टो की गिरी हुई इस हरकत ने विश्व पटल पर पाकिस्तान की कलंक गाथा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

### ममता बनर्जी ने बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र का उठाया मुद्दा

# शाह के सामने बीएसएफ अफसरों पर भड़कीं ममता

**कोलकाता (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कोलकाता में ईस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में सीएम ममता बनर्जी भी मौजूद

■ फोर्स की पावर बढ़ाने पर ममता ने जतायी आपत्ति

रहीं। इस दौरान उन्होंने बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र का मुद्दा उठाया। सीएम ममता ने अमित शाह की मौजूदगी में नये कानून पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बीएसएफ को सीमा के 50 किमी के दायरे में कार्रवाई का अधिकार देने से आम लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों और अफसरों के बीच तालमेल बनने में दिक्कत आ रही है। वहीं, बीएसएफ ने राज्य सरकार पर सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया है। इसके बाद सीएम ममता और बैठक में मौजूद बीएसएफ अफसरों के बीच



बहस हो गयी।

दरअसल, केंद्र ने नये कानून के तहत बीएसएफ को कार्रवाई करने के लिए मजिस्ट्रेट के आदेश या वारंट की जरूरत भी नहीं होगी, जबकि पुराने नियम के तहत बीएसएफ 15 किमी अंदर तक ही कार्रवाई कर सकती थी। बैठक में पश्चिम बंगाल के अलावा बिहार, झारखंड, ओडिशा और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों या उनके प्रतिनिधि भी शामिल हुए। ईस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक में ममता बनर्जी ने डीवीसी (दामोदर वैली कॉर्पोरेशन) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये। सीएम ने शिकायत की कि डीवीसी ने पश्चिम बंगाल सरकार को बिना बताये पानी छोड़ दिया है, फिर बाद में उसने कह दिया कि ऐसा नहीं किया है। इसके बाद अमित शाह ने समस्या का समाधान करने को कहा। केंद्रीय गृह मंत्री ने तीन दलों, डीवीसी, केंद्र और राज्य के प्रतिनिधियों के साथ एक समिति बनाने के लिए कहा है।

### हरियाणा में निजी स्कूल के टीचर ने छात्रों को दी धमकी

# चोटी काट देंगे और माथे पर लगे तिलक को एसिड से करेंगे साफ



**यमुनानगर (एजेंसी)।** हरियाणा के यमुनानगर जिले में स्कूल टीचरों पर एक बार फिर से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा है। इस बार यह मामला डीएवी पब्लिक स्कूल से सामने आ रहा है। आरोप है कि डीएवी पब्लिक स्कूल की टीचर ने शिखा रखकर और मस्तक पर तिलक लगाकर स्कूल आनेवाले विद्यार्थियों के चेहरे पर एसिड तक डालने की धमकी दे डाली। इस बात से पीड़ित छात्र बेहद आहत हुए और डर गये। उन्होंने घर आकर अपने अभिभावकों को आपबीती सुनायी। इस बात से परिवार को भी काफी ठेस पहुंची। देखते ही देखते मामला हिंदू संगठनों तक पहुंच गया और

■ गुस्साए हिंदू संगठन के लोग अभिभावकों को लेकर पहुंच गये स्कूल, जमकर हंगामा

गुस्साए हिंदू संगठन के लोग अभिभावकों को साथ लेकर स्कूल में पहुंच गये। इस दौरान जमकर हंगामा किया गया। प्रिंसिपल ने बुद्धिमता का परिचय देते हुए स्कूल टीचरों की गलती को स्वीकार किया और माफी मांग मामला शांत किया। अभिभावकों के अनुसार उनके बच्चे 11वीं और 12वीं में पढ़ते हैं, घर से मिले संस्कारों के चलते उनकी अपने धर्म और संस्कृति के प्रति गहरी आस्था है। परिवार में सभी पुरुष शिखा रखते हैं, तिलक लगाकर पूजा करते हैं। लिहाजा बच्चे भी इस परंपरा को आगे बढ़ा रहें हैं, लेकिन स्कूल की शिक्षिकाएं शिखा रखने और तिलक लगाने को लेकर बार-बार उनके बच्चों को अपमानित करने का काम कर रही है। यही नहीं स्कूल टीचरों ने तिलक लगाकर स्कूल आने वाले छात्रों के तिलक तेजाब से साफ करने की धमकी तक दे डाली।

#### चोटी रखना भारतीय संस्कृति का प्रतीक

**मां** भारती जन जागृति फाउंडेशन के सदस्यों का कहना है की शिखा (चोटी) रखना भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। आदिकाल से लोग शिखा रखते हैं और तिलक लगाते हैं। इसे वैज्ञानिक रूप से भी उत्तम माना जाता है, जबकि स्कूल में बच्चों को इसके लिये प्रताड़ित किया जा रहा है और धमकी दी जा रही है। लंबे तर्क-वितर्क के बाद स्कूल ने अपनी गलती मानी और भविष्य में ऐसी घटना को न दोहराने का आश्वासन देकर माफी मांगकर विवाद को शांत किया।

# रहें सतर्कः अगले चार दिनों तक चलेगी शीतलहर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में सर्दी का सितम शुरू हो गया है। धीरे-धीरे तापमान में गिरावट दर्ज की जाने लगी है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा जैसे राज्यों में पिछले कुछ दिनों में कई डिग्री सेल्सियस तापमान कम हो गया है। शीतलहर और कोहरे ने भी लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। मौसम विभाग ने शनिवार (17 दिसम्बर) को पूर्वानुमान जारी करके बताया कि पंजाब, हिमाचल प्रदेश समेत कई राज्यों में अगले चार दिनों तक शीतलहर चलनेवाली है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा के पश्चिमी हिस्सों और उत्तरी राजस्थान में शीतलहर चलेगी। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और त्रिपुरा में अगले दो दिनों तक सुबह और शाम के समय घना कोहरा रहनेवाला है। पिछले 24 घंटे में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तरी राजस्थान के कुछ जिलों का न्यूनतम तापमान 5-9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है। वहीं, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में मध्यम बारिश देखी गयी है। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 91 फीसदी थी। वहीं, सुबह 9.10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 290 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। गौरतलब है कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई 'गंभीर' माना जाता है।



### हिमाचल में 3.4 की तीव्रता से आया भूकंप

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में शुक्रवार की रात भूकंप के कम तीव्रता के झटका महसूस किया गया। अधिकारियों ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.4 थी। आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव सुदेश मोक्ता ने बताया कि भूकंप के झटके महसूस किये गये और भूकंप का केंद्र किन्नौर में नाको के निकट चांगो निचला था। जान-माल के नुकसान के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# तेलंगाना में भीषण आग से एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के मनचेरियल जिले के मंदमारी मंडल के गुडीपल्ली गांव में शनिवार तड़के एक में भीषण आग लगने से एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि आग तड़के एक बजे उस वक्त लगी, जब एक परिवार अपने खपरैल के मकान में सो रहे था। उसी दौरान, परिवार के सदस्यों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकलकर्मियों को सूचना दी। वे मौके पर आकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन तब उसमें फंसे दो बच्चों सहित छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में शिवैया (50), उसकी पत्नी पद्मा (45) और पद्मा की बहन मोनिका (25) तथा उसकी दो पुत्रियां हिमाबिंदु (दो) और प्रीति (चार) और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के कर्मचारी शांतैया शामिल (50) हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मोनिका दो दिन पहले अपनी दो पुत्रियों के साथ शिवैया के घर आयी थी। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# बलिदानियों की याद में जीवंत होगी आजादी की शौर्य गाथा

### आजादी का अमृत महोत्सव ○ गोरखपुर में होगा देश का सबसे बड़ा ड्रोन शो

**गोरखपुर (नवीन मेल नेटवर्क)।** काकोरी के बलिदानियों की याद में देश का सबसे बड़ा ड्रोन शो गोरखपुर में होने जा रहा है। इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों में दर्ज काकोरी ट्रेन एक्शन के बलिदानियों की याद में 750 ड्रोन की रंग-बिरंगी आभा में जंगे आजादी की गाथा जीवंत होगी। आजादी के अमृत वर्ष के कार्यक्रमों की कड़ी में यह आयोजन 19 दिसम्बर की शाम पांच बजे रामगढ़ताल के सामने स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति पार्क में होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ केंद्रीय संस्कृति एवं विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी और प्रदेश सरकार के पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह भी मौजूद रहेंगे।

**15 से 19 तक बलिदान दिवस :** काकोरी ट्रेन एक्शन के नायकों की याद में प्रदेश सरकार 15 से 19 दिसम्बर तक काकोरी बलिदान दिवस समारोह मना रही है। 19 दिसम्बर को ही अमर सेनानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल का बलिदान दिवस है।




1927 में इसी तिथि को उन्होंने गोरखपुर जेल में हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमा था। 750 ड्रोन से होनेवाले शो में उनकी शौर्य गाथा स्मरित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जायेगी। ड्रोन शो में गुरु गोरक्षनाथ की तपोभूमि पर प्रथम स्वातंत्र्य समर 1857 से लेकर आजादी की तारीख 15 अगस्त 1947 तक के विभिन्न घटनाक्रमों तथा इससे जुड़े क्रांतिवीरों का चित्रमय वर्णन किया जायेगा। इसमें आकाश में एक साथ 750 ड्रोन के माध्यम से संगीत, लेजर लाइट तथा रंग-बिरंगी कलाबाजियों को प्रस्तुत किया जायेगा।

अमर शहीद बंधू सिंह, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खान, ठाकुर रोशन सिंह, चौरी-चौरा प्रतिशोध के शताब्दी वर्ष समेत देश को स्वतंत्र कराने में बलिदान देनेवाले भारत मां के सपूतों की गाथा से पूरा आसमान रोशन हो उठेगा।

#### गोरखपुर में इतिहास रचने की तैयारी

**गोरखपुर** में होनेवाला ड्रोन शो देश का अबतक का सबसे बड़ा शो होगा। इसके पहले 20 दिसम्बर 2021 को लखनऊ के रेजीडेंसी में 500 ड्रोन के शो से अमर बलिदानियों की शौर्य गाथा का प्रदर्शन किया गया था। आजादी के अमृत वर्ष के आयोजनों की श्रृंखला में गोरखपुर में नया इतिहास रचने की तैयारी है।


